सुविचार

कोई काम शुरू करने से पहले स्वयं से तीन प्रश्न कीजिए मैं यह क्यों कर रहा हूं इसके परिणाम क्या हो सकते हैं और क्या मैं सफल होगा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित



वर्ष 11 | पृष्ठ 12 | अंक 309 | रांची, गुरुवार, 11 दिसंबर 2025 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com




# झारखंड पर्यटन विकास और निबंधन (संशोधन) विधेयक पास

## निजी विश्वविद्यालयों के चार पुराने विधेयक वापस

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बुधवार को दोपहर की कार्यवाही महत्वपूर्ण रही। सदन ने चार निजी विश्वविद्यालयों से संबंधित पुराने विधेयक वापस लिए और बहुचर्चित झारखंड पर्यटन विकास और निबंधन (संशोधन) विधेयक-2025 को बहस के बाद पास कर दिया। सदन को बताया गया कि निजी विश्वविद्यालय स्थापना मापदंडों और प्रक्रियाओं में हुए व्यापक बदलाव की पृष्ठभूमि में यह फैसला लिया गया है।

राज्य सरकार की ओर से वापस लिए गए विधेयकों में दो अगस्त 2023 को विधानसभा की ओर से पारित सी. वी. रमण ग्लोबल विश्वविद्यालय विधेयक-2023 और आरोग्यम इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक-2023 हैं। इसके अलावे 21 मार्च 2023 को पारित जैन विश्वविद्यालय विधेयक-2023 और 20 दिसंबर 2023 को पारित शाईन नेशनल विश्वविद्यालय विधेयक-2023 के नाम शामिल हैं।

वापस लिए गए इन सभी विधेयकों को सरकार अब नई प्रक्रिया के अनुरूप फिर से तैयार करना चाहती है। विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने बताया कि पांच दिसंबर से अबतक बारह निवेदन स्वीकृत हुए हैं, जिन्हें संबंधित विभागों को भेजा जाएगा। इससे पहले आज विधानसभा की कार्यवाही दूसरी पाली में दोपहर 2:09 बजे जैसे शुरू हुई, पर्यटन संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों के विधायकों ने महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक राज सिन्हा ने धनबाद के भटिंडा फॉल का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले वहां शूटिंग होती थी। बड़ी संख्या लोगों की आवाजाही थी। सूर्योदय और सूर्यास्त देखने के लिए लोग यहां जमा होते थे। यहां पर्यटन की परंपरा संभावनाएं हैं, लेकिन आज उसकी बदहाली से लोग रोज डूब रहे हैं। उन्होंने स्थानीय गोताखोरों को सहयोग और बंद खदानों के सौंदर्यीकरण की मांग की और कहा कि संशोधन विधेयक को प्रवर समिति में भेजना चाहिए।

विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि जिस क्षेत्र में पर्यटन स्थल है, उस विधानसभा क्षेत्र के विधायक को समिति में नामित किया जाए, ताकि प्रबंधन और विकास योजनाओं को जमीन पर बेहतर तरीके से लागू किया जा सके। इसी बीच विधायक जयराम महतो ने भी सदन में संशोधन मंतव्य रखा। उन्होंने कहा कि संबंधित पर्यटन क्षेत्र यदि दो जिला क्षेत्रों में आता है, तो ऐसी बातों को देखते हुए संशोधन आवश्यक है।

### झारखंड राजभवन का नाम बिरसा भवन रखने का प्रस्ताव




झारखंड के राजभवन को बिरसा भवन और उपराजधानी दुमका स्थित राजभवन के नाम को शहीद सिदो कान्हू के नाम पर रखने का प्रस्ताव संसदीय मामलों के मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बुधवार को विधानसभा में रखा. उन्होंने कहा कि राजभवन, राज्य सरकार की संपत्ति है और इसका नाम बदलने का अधिकार राज्य सरकार के पास है. दरअसल, झारखंड में राजभवन का नाम आधिकारिक तौर पर 3 दिसंबर को लोकभवन कर दिया गया, जो औपनिवेशिक काल के नामों को हटाने की देशव्यापी पहल का हिस्सा था. यह बदलाव केंद्रीय गृह मंत्रालय के देश भर के राजभवनों का नाम बदलकर लोकभवन और राज निवास का नाम बदलकर लोक निवास करने के निर्देशों के बाद आया है.

### आत्मसमर्पण

## 11 इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**मुंबई :** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में बुधवार को 11 नक्सलियों पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला की मौजूदगी में आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें डिवीजनल कमेटी के सदस्य, प्लाटून कमेटी के सदस्य, एरिया कमेटी के सदस्य जैसे उच्च पदस्थ नक्सली शामिल थे और इन सभी पर 82 लाख रुपये का इनाम था। इनमें से चार माओवादी हथियारों के साथ और पूरी वर्दी में मौजूद थे। कार्यक्रम में कड़ी सुरक्षा रखी गई थी।

### समन

## डीजीसीए का इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को समन

**नई दिल्ली :** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के हालिया संकट के बाद अब नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कंपनी के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। डीजीसीए ने इंडिगो के मुख?य कार्यपालक अधिकारी सीईओ पीटर एल्बर्स को गुरुवार दोपहर 3 बजे पेश होने के लिए तलब किया है।

### खुशखबरी

## दीपावली को यूनेस्को ने अमूर्त धरोहर घोषित किया

**नई दिल्ली :** प्रकाश के उत्सव दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल कर लिया गया है। यह निर्णय बुधवार को यूनेस्को की अहम बैठक में लिया गया। यूनेस्को का 20वां सत्र 8 दिसंबर से 13 दिसंबर तक दिल्ली के लालकिला में चल रहा है। इस बैठक के दौरान यूनेस्को की तरफ से दीपावली को यूनेस्को के त्योहारों की सूची में शामिल किए जाने की घोषणा की गई है।

## मेहुल चोकसी को बड़ा झटका

## भारत वापसी का रास्ता साफ

एजेंसी



**नई दिल्ली :** भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम की सुप्रीम कोर्ट से बड़ा कानूनी झटका लगा है। पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के मुख्य आरोपितों में शामिल चोकसी की वो अपील, जिसमें उसने भारत प्रत्यर्पण के फैसले को चुनौती दी थी, बेल्जियम की सर्वोच्च अदालत कोर्ट ऑफ कैसशन ने खारिज कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, इस फैसले के बाद भारत की एजेंसियों की उम्मीदें और मजबूत हो गई हैं कि चोकसी को जल्द ही भारत लाया जा सकेगा।

# व्यक्ति और समाज दोनों को सशक्त बनाते हैं मानवाधिकार : राधाकृष्णन

एजेंसी



**नई दिल्ली :** मानवाधिकार दिवस पर बुधवार को राज्य सभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सदन में मानवाधिकारों की वैश्विक विरासत को याद करते हुए कहा कि वर्ष 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाई गई सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा का यह 77वां वर्ष है। यह ऐतिहासिक दस्तावेज आज भी विश्वभर में गरिमा, स्वतंत्रता, समानता और न्याय का बुनियादी स्तंभ बना हुआ है। इस वर्ष की वैश्विक थीम मानवाधिकारः हमारी रोजमर्रा की अनिवार्यताएँ का उल्लेख करते हुए सभापति ने कहा कि यह दिन तीन महत्त्वपूर्ण बातें याद दिलाती है, जिसमें मानवाधिकार को सकारात्मक, आवश्यक और सभी के लिए जरूरी किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार व्यक्ति और समाज दोनों को सशक्त बनाते हैं, नुकसान को रोकते हैं और समुदायों को बेहतर दिशा में ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि देश सदैव सार्वभौमिक मानवाधिकार मूल्यों का दृढ़ समर्थक रहा है।

# प्रधानमंत्री ने असम आंदोलन के वीरों को नमन किया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को शहीद दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक असम आंदोलन में शामिल वीरों के साहस और बलिदान का स्मरण करते हुए कहा कि असम आंदोलन आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्य की सांस्कृतिक मजबूती तथा समग्र विकास के संकल्प को दोहराती है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि शहीद दिवस पर असम आंदोलन का हिस्सा रहे सभी वीरों के साहस का स्मरण किया जाता है। यह आंदोलन देश के इतिहास में सदैव महत्वपूर्ण स्थान रखेगा। केंद्र सरकार उन सभी के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, विशेष रूप से असम की संस्कृति को सुदृढ़ करने और राज्य की सर्वांगीण प्रगति के लिए।

### प्रधानमंत्री ने सी. राजगोपालाचार्य की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी, चिंतक, विद्वान और राजनेता सी राजगोपालाचार्य की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजाजी बीसवीं सदी के सबसे तेजस्वी मस्तिष्कों में से एक थे, जिन्होंने समाज में मूल्य सृजन और मानव गरिमा को सर्वोपरि माना। कहा कि देश स्वतंत्रता संग्राम और सार्वजनिक जीवन में उनके दीर्घकालिक योगदान को कृतज्ञतापूर्वक स्मरण करता है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि स्वतंत्रता सेनानी, चिंतक, बौद्धिक व्यक्तित्व और राजनेता, ये सभी गुण सी राजगोपालाचार्य के जीवन को विशिष्ट बनाते हैं। उन्होंने कहा कि राजाजी बीसवीं सदी के उन महान विद्वानों में हैं, जिन्होंने जनमानस को नई दृष्टि दी और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पीएम ने नागरिकों से आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान से जुड़ने की अपील की

एजेंसी

**सरकार का मानना है कि आपकी पूंजी, आपका अधिकार पहल से करोड़ों रुपए के बिना दावे वाले फंड सही हकदारों तक पहुंच सकेंगे।**




> प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिंक्डइन ब्लॉग साझा करते हुए लिखा कि यह आपके भूले हुए वित्तीय संसाधनों को नए अवसर में बदलने का मौका है। आपकी पूंजी, आपका अधिकार आंदोलन में भाग लें।

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नागरिकों से आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। यह पहल देशभर के लोगों को उनके भूले-बिसरे और बिना दावे वाले वित्तीय संसाधनों- जैसे बिना दावा की जमा राशि, बीमा राशि, डिविडेंड और अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों को वापस पाने में मदद करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिंक्डइन ब्लॉग साझा करते हुए लिखा कि यह आपके भूले हुए वित्तीय संसाधनों को नए अवसर में बदलने का मौका है। आपकी पूंजी, आपका अधिकार आंदोलन में भाग लें।

उल्लेखनीय है कि सरकार का मानना है कि आपकी पूंजी, आपका अधिकार पहल से करोड़ों रुपए के बिना दावे वाले फंड सही हकदारों तक पहुंच सकेंगे। वित्तीय संस्थानों के अनुसार बड़ी संख्या में खातों और निवेशों में वर्षों से दावा न किए गए भुगतान जमा पड़े हैं, जिन्हें अब एक आसान प्रक्रिया के माध्यम से वापस प्राप्त किया जा सकता है। अभियान में आम लोगों को उनके नाम से जुड़े वित्तीय दावों की जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।



# सिमडेगा में आयोजित T.L.M. मेला-2025: शिक्षण-सीखने की नवीन पहल की दिशा में एक सशक्त कदम हजारीबाग

उज्जवल दुनिया संवाददातां

सिमडेगाः - जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) परिसर में टीचिंग लर्निंग मटेरियल (T.L.M.) मेला-2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपायुक्त श्रीमती कंचन सिंह ने मेले का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री मिथलेश केर-केट्टा, जिला शिक्षा अधीक्षक श्री दीपक राम, और विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला शिक्षा अधीक्षक ने पौधा भेंट कर उपायुक्त का स्वागत किया।



उपायुक्त श्रीमती कंचन सिंह ने अपने संबोधन मेंटी.एल.एम के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि दृश्य माध्यम से सीखने की क्षमता बच्चों में सबसे अधिक प्रभावी होती है। उन्होंने कहा कि कई बार बच्चे पुस्तकों में पढ़ी गई अवधारणाओं को समझ नहीं पाते हैं, लेकिन जब वही बातें उन्हें प्रत्यक्ष या मॉडल के रूप में दिखाई जाती हैं, तो वे आसानी से समझ लेते हैं। टी.एल.एम इसी दिशा में बच्चों के लिए सीखने की प्रक्रिया को सरल, रोचक और प्रभावशाली बनाता है। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि बच्चों की रुचि बढ़े और शिक्षा उन्हें खेल-खेल में स्वाभाविक रूप से मिले। यही कारण है कि बच्चों के आसपास की साधारण और सस्ती वस्तुएँ भी शिक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकती हैं। उपायुक्त महोदया ने कहा कि ऐसी गतिविधियों में निजी विद्यालयों के शिक्षकों और विद्यार्थियों को भी शामिल किया जाना चाहिए, ताकि शैक्षिक गुणवत्ता का बेहतर आदान-प्रदान हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी और निजी विद्यालयों के शिक्षकों की योग्यता में कोई कमी नहीं है, लेकिन सरकारी विद्यालयों को समाज का विश्वास वापस जीतने की आवश्यकता है। ऐसे नवाचार, प्रदर्शनी और व्यवहारिक शिक्षण के माध्यम विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों के सीखने के स्तर को नई ऊंचाई प्रदान कर सकते हैं। उपायुक्त महोदया ने कहा कि शिक्षक का दायित्व अत्यंत गंभीर और समाज में सबसे ऊंचा माना जाता है। शिक्षक का व्यक्तित्व, व्यवहार और उनके बोलने का तरीका बच्चों पर गहरा असर छोड़ता है। उन्होंने ह्यगुरु कुम्हार, शिष्य कुंभह्ल की उपमा देते हुए कहा कि जैसे कुम्हार घड़े को बाहर से थपथपाकर और अंदर से सहारा देकर आकार देता है, वैसे ही शिक्षक को भी बच्चों में अनुशासन और स्नेह का संतुलन बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर शिक्षक का प्रयास होना चाहिए कि उसके विद्यार्थी उसे जीवन भर सम्मान और श्रद्धा के साथ याद रखें। उन्होंने यह भी कहा कि आज के दौर में शिक्षक-शिष्य और अभिभावक-शिक्षक संबंधों में जो दूरी पैदा हुई है, उसे पाटने की जरूरत है। टी.एल.एम जैसे मेले इस संवाद को मजबूत करते हैं और शिक्षा को बच्चों के लिए अधिक व्यवहारिक तथा अनुभव आधारित बनाते हैं।

जिला शिक्षा अधीक्षक श्री दीपक राम ने बताया कि सरकार की ओर से निर्देशित टी.एल.एम मेला इस उद्देश्य से आयोजित किया गया कि विद्यार्थियों में नवाचार, जिज्ञासा और प्रतियोगिता की भावना बढ़े। जिले के 200 से अधिक शिक्षकों ने गूगल मीट के माध्यम से अपने प्रस्ताव और टी.एल.एम मॉडल प्रस्तुत कर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि लगभग 400 शिक्षकों ने अपनी प्रदर्शनी लगाकर टी.एल.एम के क्षेत्र में अपनी रचनात्मकता और दक्षता का परिचय दिया। विभिन्न प्रखंडों से आए प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए नवाचारी टी.एल.एम मॉडल मेले का मुख्य आकर्षण रहे। जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री मिथलेश केरकेट्टा ने कहा कि टी.एल.एम मेला नई शिक्षा नीति 2020 की भावना को धरातल पर उतारने का एक प्रभावी प्रयास है। उन्होंने बताया कि यह नीति इस बात पर जोर देती है कि शिक्षा केवल अकादमिक न होकर व्यवहारिक, अनुभवात्मक और कौशल आधारित हो। टी.एल.एम इसी उद्देश्य की पूर्ति करता है। इससे न केवल बच्चों की स्मरण शक्ति बढ़ती है, बल्कि उनकी विश्लेषण क्षमता, समस्या समाधान कौशल और मानसिक विकास भी तेज होता है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे टी.एल.एम को अपने नियमित शिक्षण कार्य में शामिल करें, ताकि बच्चे पुस्तकों में पढ़ी गई अवधारणाओं को व्यावहारिक रूप से समझ सकें और सीखने की प्रक्रिया और भी आकर्षक बन सके। विधायक प्रतिनिधि ने टी.एल.एम मेले को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि इससे बच्चों में सीखने की प्रक्रिया और अधिक सहज होगी। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और कहा कि गणित के जटिल सूत्र, व्याकरण के नियम और अन्य कठिन विषयों को सरल तरीके से समझाने के लिए शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए मॉडल अत्यंत उपयोगी और अभिनव हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल से बच्चे खेल-खेल में कठिन अवधारणाएँ सीख सकेंगे और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लक्ष्य आसानी से प्राप्त होगा। अंत में उपायुक्त महोदया ने इस मेले में सहभागी बने सभी शिक्षकों को बधाई दी।

## व्यापक भ्रष्टाचार, चोरी तथा सरकारी खजाने में हो रहे नुकसान को रोकने के लिए सरकार सख्त कार्रवाई करे : जयराम महतो

उज्जवल दुनिया संवाददातां

रामगढ़।अनुपूरक बजट बनाने की प्रक्रिया पर सवाल करते हुए टाइगर जयराम महतो ने कहा कि जब विभागों ने 13400 करोड़ का मांग किया गया तो मात्र 7721 करोड़ का बजट क्यों लाया गया । सबसे बड़ी बात है कि आठ महीना बीत जाने के बाद भी मात्र 42 फीसदी राशि खर्च हो पाई है, तो फिर अनुपूरक बजट की आवश्यकता ही क्यों। कहीं ऐसा ना कि सरकार का खजाना खाली है, और यदि सरकार का खजाना खाली है तो सरकार राजस्व प्राप्त करने के लिए क्या कर रही है। अध्यक्ष महोदय जमीन की रजिस्ट्री में करोड़ अरबों का हानि हो रहा है, किसी जमीन की कीमत अगर एक करोड़ होता है तो कागज में मात्र 25 लाख दिखाया जाता है। और सरकार को राजस्व मिलता है 25 लाख पर और काला धन का इस्तेमाल होता है 75 लाख पर। अगर महोदय मेरी बात पर संदेह है तो किसी भी इस राज्य में बड़ा भूखंड करोड़ों का खरीद बिक्री हुआ है तो आप उसकी एसीबी के माध्यम से जांच करवा ले दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। और चोरी साफ नजर आती है महोदय कई आई .एस जेल की यात्रा कर चुके हैं। प्रत्येक दिन झारखंड राज्य में हजार गाड़ियों से अवैध कोयले की निकासी हो रही है। कोयलांचल में अवैध मात्रा में इतनी कारोबारी हो रही है कि एक दिन का 25 करोड़ और सालाना लगभग 9125 करोड़ जो कि आपकी अनुपूरक बजट से कहीं ज्यादा होती है। अध्यक्ष महोदय अगर बालू की बात करें तो एक बालू गाड़ी लगभग तीन - चार थाना क्षेत्र से होकर गुजरती है ।और कोई ऐसा थाना प्रभारी नहीं है की प्रत्येक महीना बालू से लगभग तीन से पांच लाख सिर्फ अवैध बालू से पैसा कमा रहे हैं । तो सरकार की खजाना खाली है तो इस प्रकार की लूट की छूट होगी । जो सरकार के खजाना में आना चाहिए वह सीधे थाना प्रभारी के जेब में जाता है अध्यक्ष महोदय। टाइगर जयराम महतो ने कहा की बड़े शर्म की बात है कि छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है और विधायक करोड़ों के आवास में रह रहे हैं ।साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी को साढ़े तीन हजार पेंशन दिया जा रहा है। और मंत्री करोड़ों के आवास में रह रहे हैं।



## मेरी आवाज मेरी पहचान का सिंगर टेलेंट शो हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

उज्जवल दुनिया संवाददातां

राँची। मेरी आवाज मेरी पहचान के तत्वावधान मे सिंगर टैलेंट शो कार्यक्रम का आयोजन रांची सेक्टर तीन ,धुर्वा स्थित लक्ष्मी नारायण सेवा संघ चैरिटेबल ट्रस्ट के सभागार में संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में 5 से 12 वर्ष एवं 13 से 18 वर्ष के 30 बच्चों ने अपनी शानदार गायन से दर्शकों को मंत्रमुक्त कर दिया। इस ऑडिशन कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में संस्था के संस्थापक गायक कुमार गहलोत एवं संस्था की सचिव गायिका कविता होरो थे।उन्होंने बताया कि हमारे झारखंड में गायक प्रतिभाएं काफी हैं बस उन्हें खोज कर निखारना की आवश्यकता है और उन्हें सारेगामापा और इंडियन आइडल जैसे मंच प्रदान करवाना है।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है इसी तरह के 3-4 ऑडिशन कार्यक्रम अन्य स्थानों पर आयोजित कर चुनकर आए गायको के लिए ग्रैंड फिनाले का आयोजन करना। इस ऑडिशन का लगभग 150 अभिभावकों तथा स्थानीय लोगों ने आनंद उठाया और तालियों की गड़गड़ाहट से बढ़ाया। मौके पर इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाजसेवी पी.सी.मंडल, कुंदन कुमार,बिंदु सिंह,मानु तिग्गा, अकील अहमद लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट के प्रभात कुमार राजन, छात्र क्लब में के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकिशोर शर्मा मौजुदगी रही।इस ऑडिशन में एंकर टीटू माही द्वारा मंच संचालन की गई। ऑडिशन के सफल आयोजन के लिए शिव किशोर शर्मा ने आयोजकों को बधाई दिए और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किए। कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्यरूप से सुलोचना शहदेव, सोनी सिंह,विवेक पासवान, परमजीत कौर, गिरिजाशंकर पेड़ीवाल, विभा कुमारी, विकास बाबू, ममता सक्सेना, गीता गुप्ता, मीनू दांगी, ममता अग्रवाल,अनूप कुमार, राजेश कुमार, सुनीता श्रीवास्तव, मीनू दांगी, शंकर विश्वकर्मा,लालती सिंह आदि आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी प्रतिभागियों को मेडल, सर्टिफिकेट एवं उपहार भेंटकर कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।



## 22 साल के संघर्ष के बाद स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया एक 44 वर्षीय महिला

रांची :निसंतानता पर विजय, 44 वर्षीय महिला ने 22 साल के संघर्ष के बाद स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया एक 44 वर्षीय महिला, जिसकी पहचान रोगी बी. के. के रूप में की गई है, ने प्राथमिक निसंतानता (primary infertility) के साथ 22 साल की लंबी लड़ाई के बाद एक स्वस्थ, $2.8$ किलोग्राम के नर शिशु को सफलतापूर्वक जन्म दिया है। 2 दिसंबर, 2025 को आपातकालीन एलएससीएस (Lower Segment Caesarean Section - निचले खंड का सीजेरियन ऑपरेशन) के माध्यम से हुआ यह जन्म, एक महत्वपूर्ण चिकित्सा सफलता की कहानी के रूप में मनाया जा रहा है।रोगी की लंबी यात्रा में दो दशकों से अधिक समय तक व्यापक चिकित्सा मूल्यांकन और कई प्रजनन उपचार शामिल थे। मेडिकल रिकॉर्ड्स पिछले निदानों को इंगित करते हैं जैसे कि द्विपक्षीय हाइड्रोसालपिनक्स (bilateral hydrosalpinx), फाइब्रॉइड गर्भाशय (a fibroid uterus), और प्राकृतिक साधनों के साथ-साथ एक अलग क्लिनिक में पहले के आईवीएफ चक्र के माध्यम से गर्भधारण के असफल प्रयास।उनका सफल गर्भधारण हमारे ए.एच. आईवीएफ और इनफर्टिलिटी रिसर्च सेंटर, रांची में अप्रैल 2025 में एक फ्रोजन एम्ब्रियो ट्रांसफर (FET) के बाद प्राप्त हुआ। इस प्रक्रिया में ब्लास्टोसिस्ट चरण में दो भ्रूणों का स्थानांतरण शामिल था। एक गर्भावस्था परीक्षण ने मई 2025 में सकारात्मक परिणाम की पुष्टि की, और बाद के स्कैन ने एक एकल जीवित भ्रूण की पुष्टि की।यह गर्भावस्था जटिलताओं के बिना नहीं थी; रोगी को लगभग 15वें सप्ताह में गर्भकालीन मधुमेह (gestational diabetes) विकसित हुआ, जिसका प्रबंधन दवा से किया गया। हालांकि, नाल के रक्त प्रवाह की जांच के लिए फीटल इको रिपोर्ट्स और डॉपलर स्कैन सहित नियमित निगरानी ने भ्रूण के स्वास्थ्य को सुनिश्चित किया।

## एसबीयू ने जीता स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन



उज्जवल दुनिया संवाददातां

सरला बिरला विश्वविद्यालय की टीम ने आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 के ग्रैंड फिनाले में शानदार जीत दर्ज की। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पूरे देश से चयनित प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विश्वविद्यालय की कुल तीन टीमें (18 प्रतिभागी) इस प्रतियोगिता के फाइनल राउंड के लिए चयनित हुई थीं, जिन्हें अलग-अलग स्थानों - गुंटूर, कोल्हापुर एवं कानपुर - में आयोजित अंतिम चरण के लिए भेजा गया था। सरला बिरला विश्वविद्यालय के एसपीओसी डॉ. मनोज पांडेय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार, विजेता टीम में शामिल हर्ष कुमार, अंजली केशरी, हर्ष केशरी, अविनाश कुमार, रूपेश एवं प्रांशु रंजन की टीम विजेता रही। गौरतलब है कि सरला बिरला विश्वविद्यालय ने लगातार दो वर्षों तक स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन -2024 एवं 2025 (सॉफ्टवेयर संस्करण) में विजेता बनकर संस्थान का मान बढ़ाया है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में छात्र वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए नवाचार प्रेरित तकनीकी समाधान का विकास करते हैं। प्रतियोगिता में रचनात्मकता के अलावा टीमवर्क और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा हासिल होता है। विवि के विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर एसबीयू के माननीय प्रतिकुलाधिपति श्री बिजय कुमार दलान, माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं माननीय राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## टाटा मोटर्स ने एक्सकॉन 2025 में पेश किया अब तक का सबसे शक्तिशाली टिपर

उज्जवल दुनिया संवाददाता

रांची : भारत की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निमार्ता कंपनी टाटा मोटर्स ने दक्षिण एशिया की प्रमुख निर्माण उपकरण प्रदर्शनी एक्सकॉन 2025 में अपने नवाचार आधारित और टिकाऊ गतिशीलता (मोबिलिटी) समाधानों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की। इस दौरान कंपनी ने डीप माइनिंग क्षेत्र में प्रवेश करते हुए अपना अब तक का सबसे शक्तिशाली टिपर प्राइमा 3540.के ऑटोशिफ्ट लॉन्च किया। कंपनी का कहना है कि यह नया टिपर कठिनतम परिचालन परिस्थितियों में भी उच्च प्रदर्शन देने के लिए तैयार किया गया है। इसमें बेहतर ईंधन दक्षता, मजबूत संरचना और उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ दी गई हैं। कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड झ्र ट्रक्स राजेश कौल ने कहा कि ह्लदेश में तेजी से बढ़ते इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और खनन गतिविधियों के बीच ग्राहकों को भरोसेमंद, टिकाऊ और उत्पादक वाहनों की आवश्यकता है। प्राइमा 3540.के इन्हीं जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और यह डीप माइनिंग सेगमेंट में हमारी मजबूत उपस्थिति को दशार्ता है। उन्होंने यह भी कहा कि टाटा मोटर्स टिकाऊ मोबिलिटी की दिशा में निरंतर काम कर रही है। इसी क्रम में कंपनी ने पूर्ण-इलेक्ट्रिक टिपर प्राइमा ई.28.के और देश का पहला फैक्ट्री-फिटेड सी.एन.जी. टिपर सिग्ना 2820.टी.के सी.एन.जी. भी पेश किया है। ये मॉडल उच्च उत्पादकता, कम परिचालन लागत और पर्यावरण के अनुकूल संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकसित किए गए हैं। एक्सकॉन में टाटा मोटर्स ने अपने उन्नत यंत्रांश (एग्रीगेट्स), इंजन और जनरेटर सेट की नई श्रृंखला भी प्रदर्शित की, जो निर्माण और आधारभूत संरचना क्षेत्र में बेहतर टिकाऊपन और लंबे परिचालन जीवन के लिए डिजाइन की गई है। कंपनी का कहना है कि यह श्रृंखला आने वाले वर्षों में निर्माण और खनन उद्योग को नई दिशा देगी।

## महर्षि परमहंस कॉलेज में व्याख्यान श्रृंखला का समापन

## आज के युवाओं का राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी होना चाहिए : डॉ आनंद किशोर

उज्जवल दुनिया संवाददातां

रामगढ़ ।महर्षि परमहंस कॉलेज आफ एजुकेशन हुहुआ कोठार रामगढ़ के सभागार में चल रहे व्याख्यान श्रृंखला का समापन कार्यक्रम का मंच संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर दिनेश्वर मुंडा के द्वारा किया गया आज समापन कार्यक्रम में विषय रहा ₹स्वामी विवेकानंद का शिक्षा दर्शन और युवाओं के लिए उनका संदेश₹ आज इस कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि डॉ आनंद किशोर प्राचार्य मैक्स इंस्टीट्यूट टीचर ट्रेनिंग बिजुलिया रामगढ़ एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी आर चौरीया एवं महाविद्यालय के सभी सम्मानित शिक्षकगण द्वारा किया गया, सरस्वती वंदना उषा कुमारी एवं सुषमा कुमारी ग्रुप द्वारा प्रस्तुत किया गया और स्वागत गान प्रियंका कुमारी एवं चंचल कुमारी ग्रुप के प्रशिक्षुओ ने बहुत ही सुंदर एवं मनमोहन स्वागत गान प्रस्तुत किया एवं मुख्य अतिथि के स्वागत भाषण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी आर चौरीया ने अतिथि को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया उनके बाद महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर अरविन्द कुमार महतो द्वारा मुख्य अतिथि को पौधा देकर सम्मानित किया गया एवं स्वागत भाषण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी आर चौरीया द्वारा स्वामी विवेकानंद जी को भविष्य में आधुनिक दुनिया के प्रमुख निमार्ता के रूप में याद किया जाएगा।ह्ल स्वामी विवेकानंद ने युवाओं के लिए कहा था "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए"। वे युवाओं में आशा और उम्मीद देखते थे। उनके लिए युवा पीढ़ी परिवर्तन की अग्रदूत है जो स्वागत भाषण में अपने बातों को रखा इसके बाद ₹स्वामी विवेकानंद का शिक्षा दर्शन और युवाओं के लिए उनका संदेश₹ विषय पर अपनी बात रखने के लिए आज के मुख्य अतिथि डॉ आनंद किशोर ने स्वामी विवेकानंद का युवाओं को मुख्य संदेश था ₹उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए₹; उन्होंने युवाओं से आत्म-विश्वास, निस्वार्थ सेवा, निडरता, और राष्ट्र-निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया, कहा कि वे खुद को कमजोर न समझें, एक समय में एक काम करें, और दूसरों के कल्याण के लिए जिएं, क्योंकि युवा ही देश का भविष्य है और आज युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्श ऑन पर चलने की आवश्यकता है इन सब बातों के साथ आज के वक्ता ने अपने बात को समाप्त किया जिनके बाद कार्यक्रम की समापन एवं धन्यवाद ज्ञापन के लिए महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर चंचला कुमारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया इसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी आर चौरीया द्वारा मुख्य अतिथि को प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किए इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित महाविद्यालय के सचिव मनोज अग्रवाल, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी. आर. चौरीया, विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ नील कमल सिन्हा, असिस्टेंट प्रोफेसर चंचला कुमारी, असिस्टेंट प्रोफेसर राहुल सिंह, प्रयोगशाला सहायक आदित्य प्रियदर्शी, पुस्तकालय अध्यक्ष नीलम सिंह, सहायक संचालक सगीर अहमद, सहायक लेखापाल विनीत पोद्दार एवं बी.एड. और डी.एल.एड. सत्र 2024-26 व 2025-27 के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे।




## एक नजर

### शीतल अग्नि रेस्टोरेंट, में मानवाधिकार दिवस मनाया गया



ह्यूमन हेल्पलाइन सेवा सन्गठन ने रांची, बरियातू स्थित शीतल अग्नि रेस्टोरेंट, में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। ह्यूमन हेल्पलाइन के पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। अवसर पर सत्यजित कुमार, जितेंद्र सिंह, हरीश नागपाल, प्रभात राजन, शाहिद आलम, जाकीर हुसैन, निशांत प्रकाश, कुंदन कुमार, विवेकानन्द मिश्रा, राहुल अग्रवाल, सोनू कुमार, मनोज सिंह, राहुल कुमार, सत्येन्द्र प्रसाद सिंह एवं अन्य उपस्थित थे

### आज Jharkhand T10 Blast का उद्घाटन VA Sports द्वारा किया गया




रांची : झारखंड के पहले लेदर बॉल आधारित Jharkhand T10 Blast Cricket Tournament का शानदार आगाज आज मेकॉन स्टेडियम, रांची में हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि JSCA अध्यक्ष अजय नाथ सहदेव द्वारा किया गया, इस दौरान RDCA सचिव शैलेन्द्र कुमार, झारखंड के पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं स्टेट व-23 कोच शशिभूषण चौबे, तथा मेकॉन के वर्तमान कोच सुभाष चटर्जी VA Sports के संयोजक शंकर दुबे तथा सभी आयोजक भी मौजूद रहे तथा match देखने के लिये कई गणमान्य अतिथि भी शामिल हुए। आज का match बहुत ही रोमांचकारी और मनोरंजन से भरपूर रहा। सभी विजेता टीम को और उनके खिलाड़ियों को VA Sports के तरफ से हार्दिक शुभकामनायें।

### भाजपा झूठ का सहारा लेकर जनता को गुमराह कर रही है

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा शराब नीति को लेकर दिया गया बयान न सिर्फ तथ्यों से परे है, बल्कि यह स्पष्ट दशार्ता है कि भाजपा झारखंड की राजनीतिक स्थिरता और विकास से घबरा गई है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने कहा कि अउइ स्वतंत्र रूप से काम कर रही है और जांच में किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं है। लेकिन भाजपा सचाई से नहीं, बल्कि भ्रम फैलाकर राजनीति करने में विश्वास रखती है।

उन्होंने कहा कि बाबूलाल जी बताएं– जब पूरे मामले की जांच स्वतन्त्र एजेंसी कर रही है, तो आपको इतनी बेचैनी क्यों है? क्या भाजपा को डर है कि निष्पक्ष जांच से उनकी चल रही साजिशें उजागर हो जाएंगी? आलोक कुमार दुबे ने कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा की राजनीति 'दोषारोपण और डर पैदा करने' की राजनीति है, जबकि वर्तमान सरकार ने कानून के मुताबिक पूरी पारदर्शिता के साथ जांच को गति दी है। भाजपा नेताओं को यह बात स्वीकार नहीं हो रही कि झारखंड में अब कागजों पर फैसले नहीं होते–हर कार्रवाई जवाबदेही और प्रक्रिया के अनुसार होती है। उन्होंने कहा कि शराब नीति के मुद्दे पर भाजपा बार-बार झूठ बोलकर जनता को भटकाना चाहती है। बाबूलाल जी को यह भी बताना चाहिए कि 20 वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद भाजपा ने शराब प्रबंधन को सुधारने के लिए क्या किया? भाजपा सिर्फ आरोप लगा सकती है, समाधान नहीं दे सकती।

**आलोक कुमार दुबे ने कहा—** 'भाजपा नेताओं को पहले अपने घर में झांकने की जरूरत है। सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार, घोटाले और सत्ता के दुरुपयोग के मामले भाजपा शासित राज्यों से सामने आए हैं। झारखंड में निष्पक्ष जांच हो रही है और जो भी दोषी होगा वह कानून से नहीं बच सकेगा–चाहे वह कोई अधिकारी हो या कोई नेता।' उन्होंने जोर देकर कहा कि हेमंत सरकार व कांग्रेस पारदर्शिता, जवाबदेही और संवैधानिक तरीकों में विश्वास रखती है, जबकि भाजपा झूठ फैलाकर राजनीतिक लाभ उठाना चाहती है।

झारखंड की जनता अब भाजपा की अफवाह राजनीति को भलीभांति समझ चुकी है। अंत में उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस और महागठबंधन की सरकार ने जो कहा, वह कर दिखाया–जांच चल रही है और कानून अपना काम करेगा। भाजपा जितना भ्रम फैलाएगी, उतना ही उसकी विश्वसनीयता घटेगी।'

### रोटरी रामगढ़ सिटी द्वारा नि:शुल्क ई रिक्शा वितरण किया गया

रामगढ़। रोटरी रामगढ़ सिटी ने आज जरूरतमंदों के सशक्तिकरण हेतु एक सराहनीय पहल करते हुए रामगढ़ निवासी श्री कुंदन को पूर्णतः निःशुल्क ई रिक्शा प्रदान किया। यह कदम क्लब की समाज सेवा और आत्मनिर्भरता के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नॉमिनी मुकेश तनेजा ने कहा कि रोटरी रामगढ़ सिटी का यह प्रोजेक्ट समाज में वास्तविक बदलाव लाने वाला है और यह पहल लोगों के जीवन में सकारात्मक असर डालती है। उन्होंने रोटरी क्लब की गतिविधियों की सराहना की और भविष्य में और भी ऐसे पहल करने की शुभकामनाएँ दीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में रीजनल डायरेक्टर विवेक अग्रवाल तथा पूर्व असिस्टेंट विवेक अजमेरा उपस्थित रहे ।दोनों विशिष्ट अतिथि ने कहा कि रोटरी रामगढ़ सिटी बहुत ही अच्छा काम कर रही है और रोटरी का लक्ष्य ही सेवा है ।क्लब के अध्यक्ष आदर्श चौधरी ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने इस प्रोजेक्ट को मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया और कहा कि इस तरह के प्रयास समाज में नई ऊर्जा और प्रेरणा लाते हैं ।सचिव रोहित पंसारी ने बताया कि रोटरी रामगढ़ सिटी ऐसे प्रोजेक्ट लगातार करती रहेगी जो सीधे आमजन के जीवन में बदलाव लाएं। उन्होंने सदस्यों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और कहा कि टीमवर्क से ही यह कार्य संभव हुआ ।प्रोजेक्ट चेयरमैन निधि चौधरी एवं स्वाति पंसारी ने कहा कि ई रिक्शा वितरण का उद्देश्य रोजगार बढ़ाना और जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि क्लब भविष्य में भी इसी तरह के सार्थक सेवा प्रोजेक्ट लाएगा ।कार्यकर्म में आनंद चौधरी, हरीश चौधरी, उमेश राजगढ़िया, रूपेश गुप्ता, अनिल गोयल, विकास अग्रवाल, अजय अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, दीपक खंडेलवाल, राहुल बरेलिया, सचिन अग्रवाल, पंकज जैन, राजकुमार अग्रवाल, राजू अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल,शरद चौधरी, उमंग चौधरी, मधु चौधरी, कनिका चौधरी, सुमन चौधरी, निधि चौधरी, स्वाति पंसारी, नेहा अग्रवाल, विनीता गुप्ता सभी सदस्यों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और प्रभावशाली और सफल बनाया।

### रामगढ़ नियोजनालय द्वारा दंतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया

रामगढ़ ।झारखण्ड सरकार श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में जिला नियोजनालय रामगढ़ द्वारा दंतोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजना के तहत रोजगार मेला 2025 का आयोजन 10 दिसम्बर 2025 को स्थानीय छावनी परिषद् फुटबाल मैदान, रामगढ़ में किया गया। मेले का उद्घाटन श्रम अधीक्षक - सह - जिला कौशल पदाधिकारी, रामगढ श्री अनील कुमार रंजन एवं जिला नियोजन पदाधिकारी, रामगढ़, श्री धनंजय कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया।₹दंतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2025 के सफल आयोजन जिला नियोजन पदाधिकारी श्री धनंजय कुमार के मार्ग दर्शन में हुआ।

# अबुआ आवास योजना : सरकार लाभुकों को दो किस्तों में राशि देने पर करेगी विचार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची :** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार 'अबुआ आवास योजना' के तहत लाभुकों को दो किस्तों में राशि देने पर विचार कर रही है। यह जानकारी राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बुधवार को झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में दी। मंत्री भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक शत्रुघ्न महतो के अल्पसूचित प्रश्न का जवाब दे रही थीं। विधानसभा में विधायक ने बताया कि हजारों लाभुकों को योजना की पहली किस्त मिल गई है, लेकिन दूसरी किस्त जारी नहीं होने से आवास निर्माण अधूरा है। इसके कारण लोग कड़ाके की ठंड में खुले में रात बिताने को मजबूर हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया कि विधानसभा चुनाव के बाद केंद्र सरकार से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक बार फंड मिला था, लेकिन उसके बाद धनराशि नहीं मिली। इसी वजह से राज्य सरकार अबुआ आवास की दूसरी किस्त जारी करने में सक्षम नहीं है। उन्होंने बताया कि सरकार को 24 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं और तीन हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, जिसमें से 12 अरब रुपये जिलों को वितरित किए जा चुके हैं।



नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सुझाव दिया कि लाभुकों को दो किस्तों में राशि दी जाए, ताकि उनका घर समय पर पूरा हो सके। उन्होंने इंदिरा आवास योजना का उदाहरण देते हुए कहा कि कई किस्तों में भुगतान की शिकायतें पहले भी रही हैं।

मंत्री ने कहा कि सरकार इस सुझाव पर गंभीरता से विचार करेगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि केंद्र सरकार पीएम आवास योजना की राशि बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दे, तो यह जनता के हित में बेहतर कदम होगा।

## टाटा कमांड एरिया में संपत्ति की रजिस्ट्री बंद होने की शिकायत पर होगी कार्रवाई : मंत्री

**रांची :** टाटा कमांड एरिया में संपत्ति की रजिस्ट्रीं बंद होने की सामुहिक शिकायत मिलने पर सरकार जरूर कार्रवाई करेगी। यह मामला लीज से संबंधित है। इसलिए जब तक विभाग को मामले को लेकर शिकायत नहीं मिलेगी कार्रवाई करना संभव नहीं होगा। झारखंड के राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दीपक बिरूवा ने शीताकलीन सत्र के दौरान बुधवार को ये बातें विधानसभा में कही। मंत्री ने जमशेदपुर पूर्वी की भाजपा विधायक पूर्णिमा साहु के तारांकित प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि इस संबंध में विभाग के पास कोई शिकायत नहीं मिली है। ऐसे में कैसे कार्रवाई की जा सकती है।

इसपर विधायक पूर्णिमा साहु ने कहा कि मामले में जो उन्हें उत्तर प्राप्त हुआ है, उसमें अस्वीकारात्मक लिखा है। इसका अर्थ है कि संपत्ति की रजिस्ट्री बंद नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि टाटा कमांड एरिया में पिछले 60-70 वर्षों से संपत्ति की रजिस्ट्री हो रही थी, लेकिन बताया जा रहा है कि अब रजिस्ट्री नहीं हो रही है। विधायक ने कहा कि इससे राजस्व की हानि हो रही है। उन्होंने मंत्री से मामले की जांच कराने की मांग की। वहीं मामले में जमशेदपुर पश्चिमी के जदयू विधायक सरयू राय ने कहा कि मामले में अधिकारियों की ओर से दिया गया प्रश्न का उत्तर गुमराह करनेवाला है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मांडर महाविद्यालय इकाई की हुई बैठक

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**मांडर :** अभाविप रांची ग्रामीण जिले के मांडर इकाई की बैठक बुधवार को मांडर महाविद्यालय में हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रम प्रदेश अधिवेशन युवा दिवस एवं इकाई गठन विभिन्न समस्याओं को लेकर चरणबद्ध आंदोलन आदि कार्यक्रमों को लेकर रणनीति बनी एवं कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी गई इसमें सभी प्रमुख कार्यकर्ता का उपस्थित हुए।

जिला प्रमुख डॉ पवन जिला संयोजक राहुल ठाकुर एवं उत्कर्ष तिवारी का मार्गदर्शन कार्यकताओं को प्राप्त हुआ।कार्यक्रम के दौरान स्त्री शक्ति दिवस का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित छात्र छात्रा बहनों ने समाज के विकास में नारी शक्ति के योगदान के विषय पर निबंध एवं भाषण प्रस्तुत किया ।



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मेडल मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थी परिषद का 26 वा प्रदेश अधिवेशन गढ़वा में 26 दिसंबर से 28 दिसंबर तक होने जा रहा है जिसमें रांची ग्रामीण जिले के 30 विद्यार्थी शामिल होंगे। वहीं महाविद्यालय में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर विद्यार्थी परिषद अगले सप्ताह से चरणबद्ध आंदोलन करेगी। बीएड बीबीए बीसीए एम सी ए एम कॉम एम एस सी बीबीए आदि विषयों के पढ़ाई शुरू करने , छात्राओं के लिए हॉस्टल की मांग को लेकर विद्यार्थी परिषद चरणबद्ध एवं रणनीति तरीके आंदोलन करेगी जिसकी आज तैयारी की गई।

## केंद्रांश की राशि नहीं मिलने से अधूरी हैं नल-जल की कई योजनाएं : पेयजल मंत्री

### झारखंड में नल-जल योजना की 40 प्रतिशत से अधिक परियोजनाएं अधूरी

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**रांची:** झारखंड में नल-जल योजना का कार्य धन की कमी के कारण प्रभावित हो रहा है। केंद्रांश की पर्याप्त राशि समय पर नहीं मिलने से कई जिलों में परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं। यह बातें राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बुधवार को विधानसभा में प्रश्नों का उत्तर देते हुए कही। मंत्री ने कहा कि पूरे राज्य में इस योजना के तहत 97,535 परियोजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें से 56,386 पूरी हो चुकी हैं।

बाकी योजनाएं निमार्णाधीन हैं और संसाधनों की कमी के चलते उनके



कार्यों में देरी हो रही है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि केंद्र से अपेक्षित धन उपलब्ध नहीं होने के बावजूद राज्य सरकार अपने हिस्से की 1231 करोड़ रुपये की राशि से परियोजनाओं को गति देने का प्रयास कर रही है।

इससे पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक हेमलाल मुर्मू ने संथाल परगना क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति योजनाओं की खराब स्थिति पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में योजनाएं चालू होते हुए भी लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है, जबकि अधूरे कार्यों के बावजूद एजेंसियों को भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने यह भी पूछा कि लिट्टिपाड़ा और डिप्टी पाड़ा प्रखंडों में गंगा नदी से जलापूर्ति की कोई योजना लागू की जा रही है या नहीं। जवाब में मंत्री ने कहा कि गंगा नदी से प्रस्तावित जलापूर्ति योजनाओं की सूची वे संबंधित विधायक को उपलब्ध करा देंगे।मुर्मू ने आगे बताया कि इन दोनों प्रखंडों में 40 प्रतिशत से अधिक कार्य अधूरे पड़े हैं। इस पर मंत्री ने स्वीकार किया कि धन की कमी के कारण काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है।

## क्रशर में फायरिंग मामले की एसपी ने की जांच



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**खूंटी :** जिले के पुलिस कप्तान मनीष टोप्पो ने बुधवार को डोडमा जाकर बाबा आमरेश्वर माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड में हुई फायरिंग के मामले की जांच की।

मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मंगलवार की रात लगभग होने 10.45 बजे एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधकर्मियों ने क्रशर के पास दो गोलियां चलाई थी। पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखे बरामद किए हैं।उन्होंने कहा कि अभी तक लेवी को लेकर किसी तरह का पर्चा नहीं मिला है।इसलिए स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता कि फायरिंग के पीछे अपराधियों की मंशा क्या थी।पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मौके पर तोरपा के पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम सहित अन्य मौजूद थे।

## उपायुक्त ने की 10 गांवों में चल रही सौर ऊर्जा से संबंधित योजनाओं की समीक्षा

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** जिले में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मॉडल सोलर विलेज निर्माण की प्रगति की समीक्षा के लिए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पूर्व में हुई जिला स्तर की समिति की बैठक के दौरान दिए गए निदेर्शों के पालन और प्रगति की चर्चा की गई और सभी संबंधित बीडीओ से क्षेत्र की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली गई। बैठक में 10 चयनित गांवों में चल रही सौर ऊर्जा संबंधित



योजनाओं की समीक्षा की गई और इस बात पर विचार-विमर्श किया गया कि किन योजनाओं का संचालन कर बड़े जनसमूह को लाभान्वित किया जा सकता है।

उल?लेखनीय है कि मॉडल सोलर विलेज के लिए जिले के सात प्रखंडों के 10 गांव चुने गए हैं। इसमें मुसाबनी प्रखंड के पारूलिया और धोबनी, धालभूमगढ़ के कोकपाड़ाझनरसिंहगढ़, घाटशिला का बड़ाजुड़ी, पोटका के हाड़तोपा, कालिकापुर, बहरागोड़ा के मानुषमुड़िया, पटमदा के बड़ा बांगुड़दा, बिडरा एवं बोड़ाम प्रखंड का बोड़ाम गांव शामिल हैं। इन गांवों का चयन 5000 से अधिक जनसंख्या वाले या जिले में ऐसी संख्या में गांव न होने पर अधिकतम आबादी वाले गांव के रूप में किया गया है। दिसंबर 2025 से मई 2026 तक छह महीने का चैलेंज पीरियड निर्धारित किया गया है। इस दौरान पीएमझकुसुम सहित अन्य सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### एसबीयू ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2025 में जीता ग्रैंड फिनाले

**रांची :** सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्टता साबित करते हुए स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 के ग्रैंड फिनाले में शानदार जीत हासिल की। एसबीयू ने लगातार 2024 और 2025 में इस सॉफ्टवेयर संस्करण प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर राष्ट्रीय पहचान बनाई। विश्वविद्यालय के अधिकारियों और राज्यसभा सांसद ने छात्रों को बधाई दी।आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में एसबीयू की विजेता टीम ने बेहतरीन नवाचार और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। इस वर्ष विश्वविद्यालय की तीन टीमें कुल 18 छात्र फाइनल राउंड के लिए चयनित हुई थीं, जिन्हें गुंटूर, कोल्हापुर और कानपुर में आयोजित अंतिम चरण के लिए भेजा गया। एसपीओसी डॉ. मनोज पांडेय ने बताया कि विजेता टीम में हर्ष कुमार, अंजली केशरी, हर्ष केशरी, अविनाश कुमार, रूपेश और प्रांशु रंजन शामिल थे। जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उन?होंने बताया कि एसबीयू ने लगातार दो वर्षों 2024 और 2025 में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (सॉफ्टवेयर संस्करण) में जीत हासिल कर संस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। यह प्रतियोगिता वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए नवाचार आधारित तकनीकी मॉडल विकसित करने पर केंद्रित होती है, जो विद्यार्थियों में रचनात्मकता, टीमवर्क और व्यावहारिक ज्ञान को प्रोत्साहित करती है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, कुलपति प्रो. सी. जगनाथन और राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विधायक ने सदन में उठाया खूंटी में जाम का मुद्दा

**खूंटी :** खूंटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामसूर्या मुंडा ने बुधवार को विधानसभा में जिले की सबसे गंभीर समस्या–मेन रोड पर बढ़ते जाम–का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि शहर में जाम की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। साथ ही दुर्घटनाओं और जनहानि की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। विधायक मुंडा ने सरकार से मांग की कि बाइपास निर्माण में समय लगेगा, इसलिए तत्काल राहत के लिए समाहरणालय से लेकर भगत सिंह चौक तक सड़क का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और डिवाइडर या सर्विस रोड का निर्माण अतिआवश्यक है। उन्होंने व्यवहार न्यायालय के सामने प्रस्तावित बस स्टैंड और नामकोम बस स्टैंड को जल्द चालू कराने की भी मांग की। विधायक ने कहा कि यदि दोनों बस स्टैंड शुरू हो जाएं, तो शहर के बीचों-बीच लगने वाली बसों की भीड़ कम होगी, जिससे जाम की समस्या में काफी कमी आएगी। साथ ही सड़क चौड़ीकरण और डिवाइडर बनने से बाजारटांड़ से लेकर भगत सिंह चौक तक लगने वाले भीषण जाम से लोगों को तत्काल राहत मिल सकेगी।

### विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया, अधिकारों और जागरूकता पर दिया गया जोर




**पश्चिमी सिंहभूम :** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जिले में शिक्षा संस्थानों और जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें मानवाधिकार, मौलिक अधिकार और सामाजिक न्याय से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर छात्राओं और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और न्याय तक उनकी पहुंच को सशक्त बनाना रहा। महिला कॉलेज में एनएसएस बीएड यूनिट और जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), पश्चिमी सिंहभूम के संयुक्त तत्वावधान में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभारी प्राचार्य प्रो. रूपकला माधुरी खालको के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने मानवाधिकार दिवस के महत्व और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। डालसा सचिव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि मानवाधिकार दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि न्याय, समानता और जागरूकता के संकल्प को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति जन्म से ही कुछ मूलभूत अधिकारों का अधिकारी होता है। इस अवसर पर विकास दोदराजका ने संयुक्त राष्ट्र की ओर से 10 दिसंबर 1948 को मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाए जाने की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि साझा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्पित सुमन ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राजीव लोचन नमता ने किया। कार्यक्रम में फादर यूजिन एक्का, फादर बलदेव, संजीव प्रधान, डॉ. ओनिमा मानकी, डॉ. पुष्पा कुमारी, डॉ. बबीता कुमारी, प्रीति देवगम, सितेंद्र रंजन सिंह, डॉ. सुचिता बाड़ा सहित बीएड सेमेस्टर एक और दो की छात्राएं एवं पारा लीगल वॉलंटियर्स उपस्थित थे।

## अपर समाहर्ता ने की एसआइआर की समीक्षा, बीएलओ को दिया निर्देश

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**खूंटी :** तोरपा प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआइआर) कार्य की प्रारंभिक गतिविधियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता सह निवार्ची पदाधिकारी तोरपा परमेश्वर मुंडा ने की। बैठक में तोरपा प्रखंड के सभी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और उनके सुपरवाइजर शामिल हुए। अपर समाहर्ता ने बीएलओ ऐप के माध्यम से वर्ष 2003 की मतदाता सूची की वर्तमान मतदाता सूची से पैरेंटल और पारिवारिक मैपिंग की प्रगति की बूथवार समीक्षा की। जिन बीएलओ का प्रदर्शन कमजोर पाया गया, उनसे फील्ड में आ रही समस्याओं की जानकारी ली गई और उनके निराकरण के उपाय बताए गए। बैठक के




दौरान ऑनलाइन नाम खोजने की प्रक्रिया भी समझाई गई और बीएलओ को वहीं पर अभ्यास कर स्वयं सक्षम बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

अपर समाहर्ता ने निर्देश दिया कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से छूटना नहीं चाहिए। जिन व्यक्तियों का मैपिंग कार्य सभी प्रयासों के बाद भी संभव नहीं हो पाता, उनकी अलग सूची तैयार करने को कहा गया, ताकि उचित सुनवाई कर उनका नाम जोड़ा जा सके। अपर समाहर्ता ने बीएलओ को मृत, अनुपस्थित, स्थानांतरित, शादीशुदा तथा डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची जल्द से जल्द तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि मतदाता सूची को अधिकतम शुद्ध बनाया जा सके।

इसी क्रम में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी की ओर से भाजपा, झामुमो, कांग्रेस और राजद के प्रखंड स्तरीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। उन्हें एसआईआर की प्रारंभिक गतिविधियों से अवगत कराया गया और बूथ लेवल एजेंट नियुक्त कर उनकी सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा, निर्वाचन प्रभारी नीति रतन मुंडू, भाजपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा, पुरेन्द्र मांझी, विनोद भगत, राजू साहू, कांग्रेस के कैसर खान, संजय यादव, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रुबेन टोपनो, नीलांबर गोप सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची।

अति अल्पकालिन निविदा सूचना – 56/2025–26

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉची पूर्व रॉची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 17.12.2025 अपराहृन 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 18.12.2025 अपराहृन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 18.12.2025 अपराहृन 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Special repair of damaged drain system and construction or repairing of inspection chamber, cleaning of sewer line, replacement of chamber slab at different high court quarters and other High court quareters, Doranda, Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 11,25,716.00 | 22600.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 2. | Replacement of old and damaged sanitary fittings, & Water harvesting pipe at JHALSA (Near A.G. Office) Doranda under D.W and S.Div Ranchi East Ranchi | 9,24,033.00 | 18500.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 3. | Seepage repair and Renovation , improvement of water supply and sewarage work with changing of fittings at Quarter no. B-48, Block -8, near seth sitaram, Doranda and Other High court quarters Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 6,53,170.00 | 13100.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 4. | Repairing of damaged drain system and construction or repairing of inspection chamber, cleaning of sewer line at 30 set quarters near Rajendra chowk, Doranda and other High court quareters, Doranda, Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 9,93,342.00 | 19900 .00 | 1250.00 | 15 Days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com
PR 368208 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D)

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची।

# तिलैया डैम जलापूर्ति योजना को मिली रफ्तार, किसानों की गैरमजरूआ जमीन का मुद्दा भी उठा

## विधानसभा में सक्रिय रहे बरही विधायक मनोज यादव

राकेश रोशन / उज्जवल दुनिया संवाददाता




बरही। झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने लगातार दूसरे दिन भी अपने क्षेत्र की प्रमुख जनसमस्याओं को सदन में जोरदार तरीके से उठाया। एक ओर उन्होंने बरही में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या और तिलैया डैम जलापूर्ति योजना की धीमी प्रगति पर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया, वहीं दूसरी ओर किसानों की गैरमजरूआ जमीन पर स्वामित्व और लगान रसीद जैसे संवेदनशील मुद्दे को भी गंभीरता से रखा। दोनों विषयों पर सरकार ने सदन में विस्तृत जवाब देते हुए समाधान की दिशा में सकारात्मक आश्वासन दिया।

**बरही पेयजल संकट: 15 वर्षों से अटकी तिलैया डैम योजना को मिली नई दिशा**

विधायक मनोज यादव ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से बताया कि तिलैया डैम से बरही क्षेत्र में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की योजना पिछले डेढ़ दशक से अधर में लटकी हुई है। फंड की कमी और एजेंसियों की लापरवाही के कारण योजना क्रियान्वयन में बाधा आती रही, जिसका खामियाजा हर साल बरही के हजारों परिवारों को भुगतना पड़ता है। गर्मियों में स्थिति और भी विकट हो जाती है। प्रस्ताव पर जवाब देते हुए पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री ने बताया कि योजना 2007‍08 में डीवीसी की सीएसआर पहल के तहत शुरू हुई थी। वर्ष 2009 में काम शुरू हुआ, लेकिन 65% कार्य के बाद एजेंसी ने काम रोक दिया। वर्ष 2013 में ?17.24 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति मिली, जिसमें डीवीसी को ?9.41 करोड़ देना था, परंतु उसने केवल ?6 करोड़ ही दिए। इसी कारण योजना लगातार बाधित होती रही। अब विभाग ने स्वयं शेष 40% कार्य पूरा करने का निर्णय लिया है। योजना हेतु ?27.61 करोड़ की पुनरीक्षित स्वीकृति अनुमोदित की जा चुकी है, जिससे कार्य में तेजी आने की उम्मीद है। सरकार के इस रुख के बाद बरही के लोगों में जल संकट से राहत मिलने की नई उम्मीद जगी है।

**किसानों की गैरमजरूआ भूमि पर स्वामित्व का मुद्दा भी गूंजा**

विधानसभा में विधायक मनोज यादव ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से झारखंड के किसानों की गैरमजरूआ जमीन से संबंधित महत्वपूर्ण विषय उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों के पूर्वजों ने वर्षों की मेहनत से जो जमीन कृषि योग्य बनाई, आज उन्हीं जमीनों पर लगान रसीद का निर्गमन रोक दिया गया है, जबकि किसान लगातार खेती कर रहे हैं। विधायक ने सरकार से पूछा कि क्या इन जमीनों पर पहले बंदोबस्ती और लगान रसीद उपलब्ध कराई जाती थी? यदि हां, तो अब रसीद निर्गमन क्यों बंद है?क्या सरकार किसानों को पुनः लगान रसीद और स्वामित्व देने पर विचार कर रही है? जवाब में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने स्वीकार किया कि वर्ष 2018 में जारी पत्रांक 2884/रा० के तहत मैनुअल रसीद के आधार पर ऑनलाइन लगान रसीद निर्गमन का प्रावधान पहले ही दिया जा चुका है। संबंधित मामलों को व्यावहारिक दृष्टिकोण से देखा जा रहा है हालांकि, किसानों को स्थायी स्वामित्व अधिकार कब तक दिया जाएगा, इस पर कोई निश्चित समय-सीमा नहीं बताई गई।

**स्थानीय जनहित के मुद्दे लगातार उठा रहे विधायक**

विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि बरही क्षेत्र की समस्याएँ वर्षों पुरानी हैं और उनका समाधान सुनिश्चित कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि विधानसभा में मुद्दे उठने के बाद संबंधित विभाग अब तेजी से कार्रवाई करेगा।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में आयोजित हुआ मिरेकल आर्ट चैंपियन 2025 चित्रकला प्रतियोगिता

## कला के रंग मनोभावों को अभिव्यक्त करते हैं : प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बरही। डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में मिरेकल आर्ट चैंपियन 2025 चित्रकला प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा अनुसार तीन श्रेणियाँ बनाई गई - कक्षा प्रथम से तृतीय, चतुर्थ से छठी तथा सप्तम से दशम तक। तीनों समूहों के लिए क्रमशः अपनी पसंद, मेरा प्रिय त्योहार और स्त्री सशक्तिकरण विषय निर्धारित किए गए थे। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता, रंगों की समझ और कल्पनाशीलता के माध्यम से इन विषयों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। यह प्रतियोगिता पुस्तक भंडार बरही द्वारा प्रायोजित थी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार मैढ़, एल.एम.सी. सदस्य डॉ. निजामुद्दीन अंसारी तथा शैलेंद्र गुप्ता की विशेष उपस्थिति रही। प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय के फाइन आर्ट विभाग द्वारा किया गया, जिसमें मिताली, कशिश, तनु, कोमल केसरी, लक्ष्मी कुमारी, हनी कुमारी, दिलकश कायनात और मौली नमन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सफल प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए उपस्थित अतिथियों ने कहा कि कला अभिव्यक्ति का सर्वोत्तम माध्यम है, जो बच्चों के भीतर छिपे भावों और विचारों को प्रकट करने में सक्षम है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार मैढ़ ने कहा कि कला शिक्षक ललन यादव के मार्गदर्शन में विद्यालय के विद्यार्थियों में कला का विकास अत्यंत प्रभावी रूप से हो रहा है। उन्होंने कहा कि रंग न केवल सौंदर्य बढ़ाते हैं, बल्कि बच्चों की सोच और दृष्टिकोण को भी दिशा देते हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि जीवन में कम से कम एक कला अवश्य अपनानी चाहिए, क्योंकि कला मन को समृद्ध और संवेदनशील बनाती है। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और बच्चों में नई ऊर्जा, उत्साह तथा कलात्मक चेतना का संचार हुआ।

# विभावि के शिक्षाशास्त्र विभाग में मनाया गया विश्व मानव अधिकार दिवस

उज्जवल दुनिया संवाददाता




हजारीबाग। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग के तत्वावधान में बुधवार को विश्व मानव अधिकार दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय था ?मानव अधिकार और शिक्षा? विभागाध्यक्ष प्रो तनवीर यूनुस ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों में रौशन, पंकज, निशा, उमर, फारूक, उसलूब, सानिया, रिजवी, सुनिधि, पारुल, आकांक्षा, रितु, रक्षिता, खुशबू, शालिनी, भावना, श्याम सुंदर, नेहा आदि प्रशिक्षुओं ने मानव अधिकार के विभिन्न बिंदुओं पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो तनवीर यूनुस तथा डॉ मृत्युंजय प्रसाद ने मानव अधिकार दिवस की शुभकामनाएं सबको दी। इससे पूर्व आचार्य विनोबा भावे के चित्र पर पुष्पअर्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच का संचालन विभागीय प्राध्यापक डॉ निशा सिन्हा तथा धन्यवाद ज्ञापन चौधरी प्रेम प्रकाश ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागीय प्राध्यापक डॉ विनीता बनकीरा, डॉ अमिता कुमारी तथा डॉ कुमारी भारती ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम में 4-वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम तथा एमएड पाठ्यक्रम के प्रशिक्षु अच्छी संख्या में उपस्थित हुए।

# बढ़ती ठंड से राहत के लिए आगे आए भाजपा युवा नेता मो. ताबिश

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बरही। राज्य में लगातार गिरते तापमान और तेज होती शीतलहर ने आम जनता की परेशानी बढ़ा दी है। विशेषकर गरीब, असहाय, दिहाड़ी मजदूर, फुटपाथ पर रहने वाले परिवार तथा खुले स्थानों पर कार्यरत लोगों के लिए ठंड गंभीर संकट का रूप ले रही है। ऐसे हालात में भाजपा युवा नेता मो. ताबिश ने सरकार और जिला प्रशासन से तत्काल राहत उपाय शुरू करने की मांग की है। मो. ताबिश ने कहा कि प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान लगातार नीचे जा रहा है, जिससे बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। रात के समय शीतलहर और भी तीव्र हो जाती है, जिसके चलते जिन लोगों के पास पर्याप्त गर्म कपड़े या सुरक्षित आश्रय नहीं है, वे गंभीर जोखिम में हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का कर्तव्य है कि वह ऐसे जरूरतमंद नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। उन्होंने ठंड से बढ़ती बीमारियों और संभावित जानलेवा स्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि समय रहते कंबल वितरण व राहत कार्य शुरू कर दिए जाएँ तो कई दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने प्रशासन से बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, प्रमुख चौक-चौराहों तथा अस्पताल परिसरों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर शीतलहर से बचाव हेतु आवश्यक प्रबंध करने की भी अपील की। मो. ताबिश ने उम्मीद जताई कि सरकार मानवीय संवेदनाओं को प्राथमिकता देते हुए जल्द निर्णय लेगी और ठंड से जूझ रहे गरीब व असहाय लोगों तक राहत पहुँचाने के लिए ठोस कदम उठाएगी।

# सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर चयनित चौकीदार को अंचल अधिकारी ने किया सम्मानित

उज्जवल दुनिया संवाददाता



केरेडारी। केरेडारी प्रखंड के सलगा गांव की बेटी पायल चौधरी पिता प्रेमचंद महतो का चयन झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में झारखंड सचिवालय के लिए सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के रूप से हुआ है। इस उपलब्धि से पायल चौधरी के घर वाले और उनके आस पास के लोग काफी खुश हैं। इसे केरेडारी जैसे सुदूर प्रखंड के सलगा गांव के लिए एक प्रेरणा के रूप में देखा जा रहा है। अभाव में भी लगातार मेहनत कर पायल ने झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन जैसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में भी साक्षात्कार तक पहुंची लेकिन उनका चयन अंतिम रूप से नहीं हो पाया। वे वर्तमान में केरेडारी अंचल कार्यालय में चौकीदार के रूप में कार्यरत हैं। पायल ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता और चाचा राजेंद्र कुमार महतो और लगातार मेहनत और कभी हार नहीं मानने की जिद को दिया। इनकी इस सफलता पर अंचल अधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल ने अपने कार्यालय कर्मियों के साथ उनको पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अंचल अधिकारी ने केरेडारी प्रखंड के छात्र छात्राओं को पायल चौधरी से प्रेरणा लेते हुए प्रतियोगिता परीक्षा में अंतिम रूप से चयनित होने हेतु लगातार मेहनत करने की सलाह दिए।

# दारू प्रखंड के दो युवाओं ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, दो अलग-अलग पदों पर चयन





दारू। प्रखंड क्षेत्र के दो प्रतिभाशाली युवाओं ने अपनी कड़ी मेहनत और उपलब्धियों से पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। पहली सफलता रामदेव खरिका ग्राम से मिली है, जहाँ गणेश कुमार शर्मा, पिता स्वर्गीय विनोद ठाकुर, का चयन जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर (अरड) के पद पर हुआ है। चयन की जानकारी मिलते ही परिवार और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि गणेश की मेहनत, लगन और अनुशासन क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। गणेश वर्तमान में हजारीबाग स्थित वेदिका इंस्टीट्यूट में पिछले 10 वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करा रहे थे। उन्होंने बताया कि वे विद्यार्थियों की तैयारी के साथ-साथ अपनी पढ़ाई पर भी समान ध्यान देते थे। गणेश पहले भी जेपीएससी पीटी उत्तीर्ण कर चुके हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार, शिक्षकों और मित्रों को दिया तथा कहा कि 'यदि मन लगाकर मेहनत की जाए, तो सफलता निश्चित है।' दूसरी बड़ी उपलब्धि छोटका इरगा से सामने आई है। यहाँ टेकलाल साव के पुत्र प्रशांत कुमार का चयन अंचल निरीक्षक (Circle Inspector) के प्रतिष्ठित पद पर हुआ है। प्रशांत की सफलता से परिवार, गांव और पूरे प्रखंड में खुशी का माहौल है इन दोनों सफलताओं से दारू प्रखंड में उत्सव जैसा माहौल है।

# विभावि के राजनीति विज्ञान विभाग में विश्व मानव अधिकार दिवस पर संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित

## संवेदीकरण से ही अधिकारों का उल्लंघन और दुरुपयोग में कमी आएगी: डॉ सुकल्याण मोइत्रा

उज्जवल दुनिया संवाददाता




- प्रत्येक अधिकार में कर्तव्य भी जुड़ा है: डॉ अजय बहादुर सिंह
- 2025 के मानव अधिकार दिवस के लिए संयुक्त राष्ट्र का थीम:?मानव अधिकार, हमारी रोजमर्रा की आवश्यकता.

हजारीबाग। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में विश्व मानव अधिकार दिवस के अवसर पर बुधवार को एक संवेदीकरण (रीस्ल३३९- ३ब्ल्ल ६ब्ब्र'रैब्ब्र) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने सबसे पहले मानव अधिकार के महत्व पर प्रकाश डाला। बताया कि मानव को पूर्ण मानव के रूप में विकसित करना इसका मुख्य उद्देश्य है। अर्थात मानव में मानवता के तत्वों का विकास करना। यह तभी संभव होगा जब मानव की गरिमा और मानव के अधिकार प्रभावी रूप से स्थापित किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि मानव अधिकार के समक्ष दो बड़ी चुनौतियां हैं। पहला है दूसरे के अधिकारों का उल्लंघन और दूसरा है अपने ही अधिकारों का दुरुपयोग। कभी-कभी लोग जानबूझकर उल्लंघन और दुरुपयोग करते हैं। लेकिन कई बार अज्ञानता से भी यह होता है। मुख्य वक्ता तथा विभागीय प्राध्यापक डॉ अजय बहादुर सिंह ने बताया की दुनिया में ऐसे कोई भी अधिकार नहीं है जिसके साथ कोई ना कोई कर्तव्य जुड़ा हुआ ना हो। हमें अधिकारों के साथ-साथ उससे जुड़ी कर्तव्य के प्रति भी सचेतन होने की आवश्यकता है। डॉ सिंह ने बताया कि 2025 के मानव अधिकार दिवस के लिए संयुक्त राष्ट्र ने ?मानव अधिकार, हमारी रोजमर्रा की आवश्यकता? के थीम (डी) को जारी किया है। इसके अर्थ को स्पष्ट करते हुए उन्होंने बताया कि मानव अधिकार को हमारी जीवन शैली का अभिन्न अंग के रूप में आत्मसात करने की जरूरत है। अंत में सभी लोगों ने जिम्मेदार नागरिक के रूप में मानव अधिकार के प्रति श्रद्धा भाव रखते हुए इसे प्रभावी रूप से स्थापित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शोधार्थी तराना परवीन, रीता कुमारी, माधुरी कुमारी, रितिक कुमार, धर्मेंद्र कुमार, श्वेता कुमारी, जाकिर अंसारी तथा इनामुल अंसारी के अलावे राजनीति विज्ञान, इतिहास तथा उर्दू के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## एक नजर

### अनियंत्रित बाइक सवार हुआ घायल



बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड के चेपाखुर्द निवासी बबलू कुमार भुइयां पिता बुधन भुइयां हजारीबाग से वापस घर आने के क्रम में पल्सर बाइक जिसका नंबर जेएच 02 बीसी 0348 बूढ़ना घाटी के पास अनियंत्रित होकर नीचे खाई में जा गिरा जिसमे बाइक में सवार तीनों लोगों को मामूली चोटें आई हैं, हालांकि बाइक चालक को ज्यादा चोट आने के कारण सदर अस्पताल हजारीबाग प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया है।

### सीताराम साव के संदिग्ध परिस्थिति में मौत पर परिजनों ने की सीआईडी जांच की मांग



केरेडारी। केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बेंगवरी गांव निवासी सीताराम साव का शव 6 दिसम्बर को हेवई गांव के एक कुआं से मिला था! सीताराम साव की संदिग्ध मौत के उपरांत पुत्र संजीत कुमार और मुखिया प्रतिनिधि अमित दुबे समेत अन्य ग्रामीणों ने केरेडारी थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर सीताराम साव के मौत पर सीआईडी जांच की मांग की है! दिए गए आवेदन में कहा गया है कि 5 दिसंबर को सीताराम साव की हत्या कर हत्यारे द्वारा शव को कुआं में डाल देने की बात कही गई है! जिसका शव 6 दिसम्बर को हेवई गांव के एक कुआं से मिला! शव पर चोट के कई निशान थे! जिससे यह प्रतीत होती है कि सीताराम साव की हत्या कर दी गई है! उक्त घटना की जांच सीआईडी से कराई जाए! आवेदन में पुत्र संजीत कुमार मुखिया प्रतिनिधि अमित दुबे विनोद कुमार साव बादल कुमार सरस्वती साव कैलाश साव रंजीत साव समेत दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं!

### संगठन को मजबूत कर कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाए : केशव महतो कमलेश




हजारीबाग। जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी एवं वार्ड कांग्रेस कमेटी के गठन, बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) चयन तथा फॉर्म-2 भरने की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संगठन सुदृढ़ीकरण के लिए बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने, समयबद्ध तरीके से कमेटियों के गठन को पूरा करने और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी कांग्रेसियों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन 2025 में संगठन को युद्ध स्तर पर मजबूत कर आने वाले लोकसभा के चुनाव में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य है। यह लक्ष्य तब ही पूरा हो सकता है जब हम सभी भेद-भाव को भूला कर ईमानदारी से कांग्रेस पार्टी का कार्य करते रहें। उन्होंने कहा की जिस तरह से हमारे प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी तमाम तथ्यों के साथ वोट चोरी का उजागर किया है। हमें वोट चोर गद्दी छोड़ दिल्ली की रैली में शामिल होकर राम लीला मैदान को भर देना है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष ने किया। मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह जिला प्रभारी जलेश्वर महतो प्रदेश से आए पदाधिकारी अमूल निरज खलखो, सुर्य कांत शुक्ला विशिष्ट रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, बिनोद सिंह, शशि मोहन सिंह, मुन्ना सिंह एससी सेल प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान वरिष्ठ कांग्रेसजन महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस एनएसयुआई कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्षगण नगर अध्यक्ष प्रखंड अध्यक्षगण प्रकोष्ठ और मंच मोर्चा के अध्यक्षगण जिला कांग्रेस के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

### युवा साथी झारखंड संस्था ने हजारीबाग में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की मांग की

बरही। हजारीबाग जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की खराब स्थिति को लेकर युवा साथी झारखंड संस्था ने चिंता व्यक्त की है। इसी क्रम में संस्था ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, हजारीबाग के उपायुक्त, सिविल सर्जन तथा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हजारीबाग के अधीक्षक को एक विस्तृत अनुरोध पत्र भेजकर जिला स्तर पर चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर बनाने की अपील की। संस्था ने पत्र में कहा है कि हजारीबाग सदर अस्पताल में प्लाज्मा और प्लेटलेट्स से संबंधित आधुनिक मशीनों की भारी कमी है, जिसके कारण गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को समय पर आवश्यक उपचार नहीं मिल पाता। संस्था ने अस्पताल में प्लाज्मा सेपरेटर, प्लेटलेट काउंटर, कोल्ड सेंट्रीफ्यूज जैसे उपकरणों की तत्काल स्थापना की मांग रखी है। संस्था का कहना है कि इन मशीनों के लग जाने से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था एक नए स्तर पर पहुंचेगी। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि जिले में डेंगू, थैलेसिमिया, दुर्घटना के मामले, बड़े ऑपरेशन जैसी स्थितियों में प्लाज्मा और प्लेटलेट्स की अत्यधिक आवश्यकता होती है। लेकिन सदर अस्पताल में यह सुविधा न होने के कारण मरीजों को अन्य शहरों के बड़े अस्पतालों में रेफर करना पड़ता है। इससे न केवल मरीज की जान को खतरा बढ़ जाता है, बल्कि गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ता है। संस्था ने कहा कि यदि ये उपकरण उपलब्ध कराए जाएँ, तो जिले की स्वास्थ्य सेवाएँ मजबूत होंगी, मृत्यु दर में कमी आएगी तथा गरीब मरीजों को समय पर निःशुल्क या कम दर पर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। संस्था ने ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता पर भी जोर दिया। युवा साथी झारखंड संस्था का मानना है कि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना ही स्वास्थ्य के अधिकार को प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

### सरकारी स्कूल में निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन

हजारीबाग। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल द्वारा चेपाकला स्थित सरकारी स्कूल में निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दांत एवं सामान्य स्वास्थ्य का जांच व उपचार निशुल्क किया गया। विद्यालय के बच्चे सहीत अन्य कई जरूरतमंद लोगों ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। जिसमें 150 विद्यार्थियों ने निशुल्क दंत शिविर में जांच एवं उपचार करवाकर उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श प्राप्त किया। शिविर के आयोजन में विद्यालय प्रबंधन टीम ने विधि- व्यवस्था एवं सहयोग में अपना सराहनीय योगदान दिया। साथ ही हजारीबाग डेंटल कॉलेज द्वारा लगाए गए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर की प्रशंसा कर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति कृतज्ञ व्यक्त किया।

# सिनीडीह पंचायत में प्रधानमंत्री आवास निर्माण मामले में आया बड़ा घोटाला सामने, ग्रामीणों ने किया जांच का मांग

## आवास का नहीं हुआ है पूर्ण रूप से निर्माण, लाभुकों ने निकाल ली पूरी राशि

उज्जवल दुनिया संवाददाता



कतरासः बाघमारा प्रखंड अंतर्गत सिनीडीह पंचायत स्थित हनुमाननगर में भूमिहीनों के लिए बनाये गए प्रधानमंत्री आवास योजना की निरीक्षण बुधवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने किया। जनप्रतिनिधियो ने कहा की जांच में बड़े घोटाले के साक्ष्य मिले है। उक्त घोटाले में एक से बढ़कर एक कहानी छिपी हुई है।भ्रष्टाचार से जुड़े इस मामले में एक और सनसनीखेज बात सामने आ रही है। आवास का पूर्ण रूप से निर्माण भी नहीं हुआ है और लाभुकों ने आवास की पूरी राशि अर्थात 1 लाख 20 हजार रूपया निकासी कर लिया है। बात यहीं खत्म नहीं होती है, दस्तावेजों के रिकॉर्ड के अनुसार बात करें तो कागजों में सभी आवास का पक्का निर्माण हो चुका है परंतु प्रखण्ड कार्यालय द्वारा वेबसाइट में जो दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड किए गए हैं उसमें आवास को पूर्ण रूप से निर्माण दिखाया गया है जबकि हकीकत यह है कि कई आवास में केवल चारों ओर से दीवार उठा है, कमरे में खड़ा होकर ऊपर की ओर देखें तो केवल आसमान दिखाई देता है अर्थात छत भी नही बनाया गया है। यही नहीं कई आवास में ढलाई छत के बदले एडबेस्टर का प्रयोग किया गया है और किसी भी आवास में दरवाजा व खिड़की नही लगाया गया है। दस्तावेजों के अनुसार वर्ष 2019-20 की योजना में शुरू किया गया यह निर्माण कार्य 2021 में बनकर तैयार हो गया है। इस कार्य मे बाघमारा के पूर्व के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का कार्यशैली भी जाँच के दायरे में आता है। सवाल यह उठता है कि क्या अधिकारियों ने बिना भौतिक निरीक्षण किये ही आवास के राशि की तीनो किस्त लाभुक के खाते में भेज दिया अथवा अधिकारियों ने जाँच पड़ताल में लापरवाही किया। शिकायतकताओं दस्तावेजों और स्थानीय लोगों की माने तो अपूर्ण आवास बनाकर सिनीडीह पंचायत के प्रतिनिधियों एवं प्रखण्ड के अधिकारियों के मिलीभगत से सरकारी राशि का बंदरबांट किया गया है। बता दें कि इस आवास के घोटाले में छिपी हुई है। यह अलग बात है कि अभी तक इस मामले में कोई जाँच पड़ताल नही हो सकी हो पाया है। जिसके कारण आसपास के लोगों में विभाग के प्रति आक्रोश फैल रहा है। इस सम्बध में स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने बताया कि उक्त मामले में करोडों की घोटला है कुल 72 आवास का आवंटन है परन्तु दो तीन लाभुक को छोड़ कर कोई भी लाभुक नही रहते है तथा आवास पूर्ण अवस्था में भी नही देखी जा रही है । जिसकी शिकायत वरीय अधिकारी से करेगे। इधर पीएम आवास के कई लाभुको ने बताया की मुखिया पति बिट्टू चौहान ने ही हमारे पासबुक और पैसा हमसे लेकर कहा की हम घर बनवा कर आपलोगो को देंगे लेकिन अभी तक हमे आवास नही मिला है। पूछने पर बिट्टू चौहान कहता है की जल्द आपलोगो को अपना आवास मिल जाएगा। वही मुखिया पति बिट्टू चौहान ने कहा की हम पर लगे सभी आरोप निराधार है। मै किसी भी व्यक्ती का पासबुक और ऐटीएम कार्ड अपने पास नही रखा हुआ है। ये सभी आवास आज नही बना है, कुछ साल पहले ही बना हुआ है। लेकिन आज गौरचंद बाउरी सहित कई विरोधी गुट के लोग मुझे बदनाम करने के लिए उल्टा सीधा लाभुको से बयान दिला रहे है ये जाँच का विषय है। जाँच पड़ताल होने पर सब कुछ साफ हो जाएगा। जनहित के मामले मे गौरचंद बाउरी हमारे सामने टीक नही पाते है तो कुछ लोगो को अपने साथ मिलाकर हमे बदनाम करना चाहते है। लेकिन उनकी इस हरकत का जवाब समय आने पर पंचायत की जनता-जनार्दन खुद देगी। निरीक्षण के दौरान गौरचंद बाउरी, लाल बहादुर यादव, लाला बाउरी, पूर्व मुखिया विनोद सिंह, पंचायत समिति सदस्य पिंटू वर्णवाल, पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधी भगवान दास , उपमुखिया सुधीर वर्णवाल, तारकेश्वर यादव, सुनील सिंह, सुजीत ग्याली, कृष्णा चौहान, गोपाल बाउरी, जगरनाथ ग्याली, पप्पू कुमार, डब्लू कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## तेजी से बढ़ रही है महिलाओं के साथ डिजिटल हिंसा : थाना प्रभारी

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बोकारो : बुधवार को सहयोगिनी संस्था द्वारा महिलाओं और किशोरियों के लिए डिजिटल हिंसा से सुरक्षा के उपायों पर कसमार स्थित पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से कसमार थाना प्रभारी कुंदन कुमार, जिप सदस्य अमरदीप महाराज, प्राचार्य फारुख अंसारी, सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर मुख्य रूप से मौजूद थे। 16 दिवसीय महिला हिंसा के खिलाफ जारी जागरूकता अभियान के तहत इन्दिरा झारखंड तथा क्रिया के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कसमार थाना प्रभारी कुंदन कुमार कहा कि महिलाओं पर हिंसा की ने समस्या पुरानी है, लेकिन अब डिजिटल हिंसा तेजी से बढ़ रही है। महिलाओं व लड़कियों के साथ शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और यौनिक हिंसा के साथ-साथ अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी हिंसा भयावह रूप ले रही है। यह हिंसा व्हाट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, फोन कॉल सहित कई सोशल मीडिया माध्यमों से की जाती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल हिंसा को ही आम तौर पर साइबर क्राइम कहा जाता है। किसी भी प्रकार की साइबर हिंसा का शिकार होने पर तुरंत साइबर थाना में शिकायत दर्ज करनी चाहिए। यदि थाने तक पहुंचने में देरी हो, तो 1930 हेल्पलाइन पर कॉल कर तत्काल शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। जिप सदस्य अमरदीप महाराज ने कहा कि डिजिटल हिंसा की समाप्ति तभी हो सकती है,जब हम अपने आप में जागरुक होंगे। किसी भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को जांचने व परखने के बाद ही उसे अपने मोबाइल से उपयोग करें, ताकि हम ठगी का शिकार ना बन सके। इसके अलावा सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर एवं निदेशक गौतम सागर ने भी डिजिटल हिंसा के प्रकार की जानकारी स्कूली छात्राओं को दी। मौके पर पंसस वर्षा देवी,वरीय शिक्षक डा अवनीश कुमार झा,सीमा कुमारी, सहयोगिनी संस्था की लबानी घोष,सोनी कुमारी,संगीता कुमारी,बिनीता देवी,मंजु देवी,रवि कुमार, विकास गोस्वामी सहित अन्य शिक्षक तथा छात्राएं मौजूद थी.

## संवेदनशील होकर दायित्वों का करें निर्वाहन, प्रतिदिन कार्य प्रगति की करें निगरानी : उपायुक्त

उज्जवल दुनिया संवाददाता




बोकारो : समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अजय नाथ झा ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा किया। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सहायक निदेशक पियूष आदि उपस्थित थे। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने कहा कि सभी सीडीपीओ - एलएस एवं अन्य कर्मी संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा योजनाओं की प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा सुनिश्चित करें, ताकि प्रदर्शन में सुधार आएं। उन्होंने इस दिशा में तुरंत पहल करने को कहा। विभाग के कार्यों में संतोषजनक प्रदर्शन नहीं होने पर नाराजगी जताई।

**सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना पर दिया जोर, 20 दिसंबर तक लंबित आवेदनों का करें निष्पादन**

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना राज्य सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, जिसका लक्ष्य किशोरियों को शिक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। समीक्षा क्रम में पाया कि जिले के सभी परियोजना में लगभग 17,835 आवेदन सत्यापन के लिए लंबित है। इस पर निर्देश दिया कि सभी लंबित आवेदनों को आगामी 20 दिसंबर तक हर हाल में निष्पादन किया जाए। इस कार्य में बीईईओ - बीआरपी - सीआरपी आदि को लगाने को कहा। वहीं, सभी स्वीकृत लाभुकों को समयबद्ध रूप से राशि का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित उप विकास आयुक्त को प्रत्येक 15 दिनों में समीक्षा का निर्देश दिया। वहीं, सीडीपीओ को भी प्रखंड स्तर पर आवेदनों का नियमित समीक्षा करने को कहा, ताकि किसी भी पात्र किशोरी का आवेदन लंबित नहीं रहे। उपायुक्त ने कहा कि जिले के लगभग 1329 आंगनबाड़ी केंद्र अभी भी बिजली आपूर्ति से वंचित हैं, जिसके कारण बच्चों को दी जाने वाली पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा सेवाओं में बाधा आती है। उन्होंने निर्देश दिया कि केंद्रों को उपलब्ध रख रखाव मद की राशि का उपयोग कर सभी ऐसे केंद्र बिजली कनेक्शन लेना सुनिश्चित करें। वहीं, वैसे केंद्र जिन्होंने अब तक बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन नहीं किया है, उन्हें आवेदन करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित चास एवं बेरमो के कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि वे परियोजनावार बिजली कनेक्शन के लिए शिविर आयोजित करें। जिले के जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों का शिक्षा विभाग से समन्वय कर सर्वे कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा कि जिन केंद्रों की स्थिति उपयोग योग्य नहीं रह गई है, उन्हें निकट स्थित सरकारी स्कूलों के साथ को-लोकेट कर दिया जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण में पोषण, प्री-स्कूल शिक्षा निरंतर मिलती रहें। सभी संबंधित को यह कार्य 15 दिसंबर तक हर हाल में पूरा करने को कहा। जानकारी हो कि जिले में कुल 944 जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र चिन्हित हैं, जिसमें 413 सर्वे कर स्कूल को-लोकेशन हो गया है, शेष 531 किया जाना है।उपायुक्त ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं पर्यवेक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे केंद्रों का नियमित व ससमय संचालन सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे कर्मियों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पोषण ट्रैकर एप पर लाभुकों के डाटा की नियमित अपडेटिंग जरूरी है। डाटा एंट्री में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाएगा। गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों से संबंधित सूचनाओं में शत-प्रतिशत सही सुनिश्चित की जाए। डाटा स्थिति के आकलन के लिए महत्वपूर्ण आधार है।

## नि:शुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता




एग्यारकुंड(बिजय सिंह)। निरसा गुरुदास भवन में गुरुदास चटर्जी फाउंडेशन का बैठक कर निर्णय लिया गया कि गुरुदास चटर्जी फाउंडेशन के द्वारा 17 दिसंबर 2025 को नेताजी नेत्र अस्पताल रामचंद्रपुर के सहयोग से निःशुल्क आंख जांच मोतियाबिंद प्रीक्षण शिविर का आयोजन गुरुदास भवन कार्यालय पुराना निरसा थाना के समीप निरसा में किया जाएगा।गुरुदास चटर्जी फाउंडेशन के मनु सिंह ने कहा कि जांच 17 दिसंबर को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक किया जाएगा। जांच में मोतियाबिंद पाए गए रोगियों को उसी दिन ऑपरेशन के लिए नेताजी नेत्र अस्पताल रामचंद्रपुर ले जाया जाएगा।ऑपरेशन के बाद रोगियों को ऑपरेशन, लेंस, दवा ,काला चश्मा आने जाने के लिए कोई खर्च नहीं लिया जाएगा।संपूर्ण इलाज ऑपरेशन के बाद रोगियों को वापस गुरुदास भवन निरसा शिविर में लाया जाएगा। मरीज को अपने साथ केवल एक गिलास,पानी का बोतल ,एक चादर , तौलिया एवं आधार कार्ड एवं चालू मोबाइल साथ लाना आवश्यक है।अगर कोई नवीनतम तरीके से फोल्डेबल लेंस की सहायता से ऑपरेशन करवाना चाहते हैं,तो उन्हें मात्र ?8000 कम कीमत पर यह सुविधा दिया जाएगा जो केवल शिविर के मरीजों के लिए होगा। इस बैठक में मुख्य रूप से गुरुदास चटर्जी के फाउंडेशन के टूटून मुखर्जी,मन्नू सिंह, पोमिल सिंह,प्रभु सिंह,राजेश मुखर्जी, बंशी सिंह, मणिलाल मंडल,धीरज श्रीवास्तव अतिकूर ,दीपक इत्यादि उपस्थित थे।

## सर्वधर्म सामूहिक विवाह में 18 जनवरी को 101 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे

उज्जवल दुनिया संवाददाता




धनबाद : 10 दिसम्बर को हिरापूर स्थित वेडिंग बेल्स मैरेज हॉल में सर्वधर्म सामुहिक विवाह समिति की बैठक समिति के चेयरमैन मनजीत सिंह की अध्यक्षता में की गई। समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया की प्रत्येक वर्ष की भांति लगातार 12 वें वर्ष भी दिनांक 18 जनवरी 2026 को गल्फ ग्राउण्ड धनबाद में 101 जोडे का विवाह सभी धर्म से जुडे लडके व लड़किओं कि की जा रही है।

यह विवाह बिल्कुल निःशुल्क की जाती है।आगे बताया की अभी तक लगभग 50 शादी के फार्म जोडो के द्वारा ली जा चुकी है।आज बैठक में शादी की तैयारीओं पर की गई। बैठक मे निर्णय लिया गया की प्रत्येक जोडे को आवश्यकतानुसार घर बसाने के लिए सामाग्री समिति की ओर से दी जाएगी। बारात एवं सारात के लिए लगभग 10 हजार लोगो की खाने की व्यवस्था की जा रही है।समिति के उपाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद तिवारी ने बताया की यह कार्यक्रम 18 जनवरी को सुबह 10 बजे से शुरू होगा और शाम 5 बजे विदाई समारोह की जायेगी। समिति के दिलीप सिंह ने बताया 12 वां सर्व धर्म सामूहिक विवाह बहुत भव्य और ऐतिहासिक होगा इसके साक्षी लाखों लोग बनेंगे।महिला विंग की जया सिंह ने बताया शादी के पूर्व हर रस्म को पूरी कर सभी दुल्हन को तैयार कर मंच तक व्यवस्थित ढंग से मंच तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। रजिस्ट्रेशन फार्म बेकार बांध स्थित पंडीत डेकोरेटर,चिरागोडा स्थित होटल उड लैण्ड के समीप और मनईटांड स्थित ब्यूटी डेकोरेटर में निःशुल्क दी जा रही है। बैठक में भरतजी भगत, दिलीप कुमार सिंह, तारक नाथ दास,नीरज कुमार शाहा संजय कुमार तिवारी,रंजन श्रीवास्तव, समीरन सरकार, गुड्डु साव, नवीन कुमार, संगीता जायसवाल, सरिता

# धरना दे रहे शिक्षक व कर्मी ने महुदा कॉलेज के सचिव दीप नारायण शर्मा पर लगाये कई गंभीर आरोप

## महुदा इंटर कॉलेज का कार्य और पूरा सिस्टम स्थानीय विधायक के आवास से संचालित होता है- भोला प्रमाणिक (पूर्व छात्र नेता)

उज्जवल दुनिया संवाददाता




कतरासः महुदा कॉलेज के मुख्य द्वार पर दो दिनों से धरना दे रहे बर्खास्त शिक्षक सुरेश कुमार रजक व द्वारपाल गौतम कुमार महतो ने महुदा इंटर कॉलेज के सचिव दीप नारायण शर्मा पर कई गंभीर आरोप लगाए। प्रेस को संबोधित करते हुए उक्त दोनों बर्खास्त कर्मियों ने बताया कि कॉलेज में जब से सचिव के पद पर दीप नारायण शर्मा की नियुक्ति हुई है तब से कॉलेज में जमकर लूट और भ्रष्टाचार हो रहा है। अपने निजी लाभ के लिए अपने करीबियों को मनमाने तरीके से नियुक्ति की है। दीप नारायण शर्मा ने 1998 से 2014 तक महुदा इंटर कॉलेज का कर्मी बनकर ईपीएफओ का लाभ लिया है जबकि वे कभी यहाँ के कर्मचारी रहे ही नही। बताया कि वे स्वयं इंटर और डिग्री कॉलेज में सचिव के पद पर बने हुए हैं। इतना ही नहीं डिग्री और इग्नू में प्रोफेसर भी है नियमावली की अनदेखी कर अपने बेटे को भी कॉलेज में अकाउंटेंट बना रखा है। अपने पद का दुरुपयोग कर हिस्ट्री में ऑनर्स करने वाले एक बाहरी व्यक्ति को हिंदी का प्रोफेसर नियुक्त किया है। पिछले कई सालों से अब तक ऑडिट नहीं करवाए हैं। उक्त दोनों कर्मियों ने बताया कि इन्हीं मामलों को लेकर आवाज उठाने एवं अपना बकाया वेतन की मांग करने के कारण उन्हें अनुशासन हीनता का झूठा आरोप लगाकर बर्खास्त किया गया है। जब तक पूरे मामले की जांच नहीं हो जाती है और बर्खास्त किये गए शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की वापसी नही कर ली जाएगी तब तक यह अनशन चलता रहेगा। वही मामले को लेकर पूर्व छात्र नेता रहे भोला प्रमाणिक ने बताया कि महुदा इंटर कॉलेज का कार्य प्रणाली और पूरा सिस्टम स्थानीय विधायक के आवास से संचालित होता है। स्थानीय विधायक के आवास में ही शासी निकाय की बैठक होती है और वहीं से किसको नियुक्ति देना है किसको निकालना है यह सभी तय किए जाते हैं। भोला प्रमाणिक ने बर्खास्त शिक्षक व कर्मियों का पक्ष लेते हुए कहा कि इन लोगों को कई महीनो से बकाया वेतन नही मिला था, जिसको लेकर इन लोगों ने वर्तमान सचिव दीप नारायण शर्मा के समक्ष अपनी मांग रखी। लेकिन सचिव के द्वारा न केवल बदसलूकी किया गया बल्कि इन्हें बर्खास्त भी कर दिया गया, जो न्याय संगत नहीं है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जब से दीपनारायण शर्मा सचिव बने हैं तब से कॉलेज में लूट, भ्रष्टाचार और राजनीति ज्यादा हो रहा है और पढ़ाई कम। उन्होंने भी सचिव पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

एकदिवसीय धरना एवं उसके पश्चात आमरण अनशन कर रहे दोनों कर्मियों की स्वास्थ्य में गड़बड़ी की सूचना मिलने पर डॉक्टरों की टीम दोनों कर्मियों के स्वास्थ्य जांच करने के लिए महुदा इंटर कॉलेज पहुंची। डॉक्टर शोभा सिन्हा और एएनएम सुनीता देवी ने बताया कि एमओआईसी डॉ श्रीनाथ के निर्देश पर वे यहां स्वास्थ्य निरीक्षण करने पहुंची है। उन्होंने बताया कि अनशन कर रहे सुरेश रजक का बीपी कम हो गया है तथा उन्हें कमजोरी है जबकि गौतम महतो का बीपी कम है एवं एसिडिटी के कारण चेस्ट में दर्द हो रहा है। उन्होंने दोनों को दवाई लेने का सलाह दिया है हालांकि अनशन कर रहे कर्मियों ने दवाई लेने से साफ-साफ इनकार कर दिया।

## एक नजर

### सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में बीसीसीएल 24 घंटे केंदुआडीह की स्थिति को सामान्य करने में जुटे




धनबाद :बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि गैस रिसाव के कारण जान माल को नुकसान न हो यह हमारी पहली प्राथमिकता है। केंदुआडीह गैस रिसाव मामले में चिकित्सा व्यवस्था, राहत संचालन, वैज्ञानिक नगरानी, और पुनर्वास गतिविधियां हमारी पहली प्राथमिकता है राजपूत बस्ती के आसपास के प्रभावित क्षेत्रों में कार्बन मोनोऑक्साइड जैसा जहरीला गैस का रिसाव जारी है। यह स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है, इसके निराकरण हेतु आईआईटी आईएसएम, सिंफर, एनडीआरफ, एवं सीएमपीडीआई को लगाया गया है।एजेंसी के मुताबिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर चले जाना चाहिए यही एकमात्र स्थाई समाधान है, बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। सीएमडी ने बताया ने बताया कि बीसीसीएल और एनडीआरएफ की टीम मिलकर लगातार सर्वेक्षण कर रही है। फॉगिंग का वाटर एस्प्रे के माध्यम से गैस नियंत्रण करने का कार्य जारी है, कहा कि जब तक प्रभावित इलाके पूरी तरह से सुरक्षित ना हो, सभी परिवार सम्मानजनक जीवन के साथ अपने नए घरों न बस जाएं, तब तक अभियान जारी रहेगा, उन्होंने बताया कि बीसीसीएल पूर्ण सतर्कता और वैज्ञानिक निगरानी के साथ राहत कार्य चला रहा है। जबकि सात मरीजों का अभी इलाज चल रहा है, 45 घरों के लोगों को बीसीसीएल द्वारा बनाए गए टेंपरेरी सेंटर में जाने की सलाह दी गई है, साथ ही लोगों को भोजन दिया जा रहा है इमरजेंसी के लिए बीसीसीएल ने विभिन्न अस्पतालों में 399 बेड तैयार रखे है, उसके साथ डॉक्टर की पूरी व्यवस्था की गई है वहीं बीसीसीएल सीएमडी ने बताया की रिवाइज झरिया मास्टर प्लान के तहत लोगों को बेहतर सुविधा मुहैय कराई जा रही है, मंत्रालय की ओर से कार्यों का भी बटवारा किया गया है। बीसीसीएल ने पुनर्वास कार्य में तेजी के लिए बैलगाड़ी मौजा 378.39 एकल भूमि जेआरडी को लिज पर सौंप दी है झरिया पुनर्वास योजना के तहत प्रभावित परिवारों को 800 वर्ग फुट के पक्का आवास दिया जा रहा है। साथी गाय बकरी भैंस रखने के लिए अलग से व्यवस्था दिया जा रहा है। सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल एवं डायरेक्टर एचआर मुरली कृष्ण रमैया लगातार प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर लोगों की समस्या सुन रहे हैं। साथ ही समस्या का निदान निकालने में लगे हैं, वहीं 0.2के तहत 590 का व्यवस्था दिया गया है। सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि राज्य सरकार के साथ लगातार संपर्क में है और उपायुक्त महोदय का काफी सहयोग मिल रहा है।

### डिग्री कॉलेज टुंडी में विश्व मानवाधिकार दिवस का हुआ आयोजन



टुंडी : बुधवार को डिग्री कॉलेज टुंडी के बिरसा मुंडा सभागार में विश्व मानवाधिकार दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉक्टर इंद्रजीत कुमार की अध्यक्षता में किया गया ।कार्यक्रम का प्रारंभ माटी के लाल बिनोद बिहारी महतो जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ।इस अवसर पर प्रोफेसर अविनाश कुमार ने विश्व मानवाधिकार दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए इसके महत्व तथा उद्देश्य से विद्यार्थियों को अवगत करवाया ' अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर इंद्रजीत कुमार ने विद्यार्थियों को मनुष्य के लिए स्वतंत्रता, समानता एवं सम्मान के मूलभूत अधिकारों के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ्क्ष रानी सिंह द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो्क्ष शालिनी डुंगडुंग द्वारा किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा छात्र-छात्राओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### गलफरबाड़ी आदिवासी टोला मे मानव अधिकार दिवस में डालसा के द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया



एग्यारकुंड(बिजय सिंह)। धनबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार के ओर से बुधवार को अधिकार मित्र परमेश्वर हाडी,नेहा वर्मा,स्वपन मरांडी के द्वारा एग्यारकुंड प्रखंड अंतर्गत गलफरबाड़ी आदिवासी टोला मे मानव अधिकार दिवस मनाया गया। यहां पर लोगों कोत्नठत्नफ्छत्न टोल फ्री नंबर 14433 की विशेष जानकारी दी गई, साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद द्वारा मिलने वाले निःशुल्क कानूनी सहायता और अधिवक्ता सभी लाभ जैसे(आशा योजना) के तहत बाल विवाह,बाल श्रम,के बारे में(डॉन योजना) के तहत नशा संबंधित विशेष जानकारी दी और घरेलू हिंसा,डायन, बीसाई,स्पॉन्सरशिप,दिव्यांग प्रमाण पत्र,रोड एक्सीडेंट पर मिलने वाले मुआवजे,के साथ डालसा द्वारा बनाए गए टोल फ्री नंबर 15100,चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098और 1091 महिला हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई.

### बीएसएल द्वारा 14 दिसंबर से 'हैप्पी स्ट्रीट' का शुभारम्भ




बोकारो : विगत वर्ष की भांति, इस वर्ष भी बोकारो स्टील प्लांट के तत्वावधान में 'हैप्पी स्ट्रीट' का आयोजन किया जा रहा है। इसका उदघाटन 14 दिसंबर को सुबह 7:30 बजे किया जाएगा, जिसमें बीएसएल के वरीय अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की सफल आयोजन हेतु बीएसएल द्वारा आवश्यक तैयारियाँ आरंभ की जा चुकी हैं। 'एक्टिव बोकारो, हेल्दी बोकारो' के थीम को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बोकारो के विभिन्न विद्यालय, शिक्षण संस्थान, बोकारो महिला समिति, संगीत कला अकादमी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, रोटरी क्लब ऑफ मिड टाउन कपल्स, पोस्टल फिलाटेली ग्रुप, एक्स सर्विसमैन एसोसिएशन तथा अन्य सामाजिक संस्थाएँ भाग लेंगी। इसके अतिरिक्त, समस्त नगरवासी भी इस आयोजन में शामिल हो सकेंगे। हैप्पी स्ट्रीट का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों से जुड़े विशेषज्ञ अपने प्रदर्शन के माध्यम से लोगों को स्वस्थ, सक्रिय और खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित करेंगे।

### बीएसएल में नई श्रम संहिताओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बोकारो : बोकारो स्टील प्लांट के यातायात विभाग में नई श्रम संहिताओं के संबंध में जागरूकता हेतु एक विशेष कार्यक्रम काआयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी भरत प्रसाद ने श्रमिकोंके साथ संवाद स्थापित किया तथा नई श्रम संहिताओं से जुड़े प्रमुख प्रावधानों, कल्याणकारी लाभों और सामाजिक सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी साझा की। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक(यातायात) मनोज कुमार ह्यांकी, महाप्रबंधक (यातायात) राजेश कुमार, वरीय प्रबंधक(यातायात) ओम प्रकाश, वरीय प्रबंधक (यातायात) शैलेन्द्र कुमार, कनीय प्रबंधक(यातायात) कपूर रंजन सहित विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में संविदा कर्मी उपस्थित थे।

# चोरी मामले में चार आरोपित गिरफ्तार, 14 लाख के जेवरात बरामद

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम।** सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के बाराद्वारी में हुई दिनदहाड़े घर में चोरी की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया है। इस मामले में मुख्य आरोपित सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने चोरी गए सोना-चांदी के आभूषण, नकद राशि, स्कूटी और मोबाइल सहित सभी सामान बरामद कर लिए हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 14 लाख रुपये बताई जा रही है।




बुधवार को सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने प्रेस वार्ता कर बात कि 7 दिसंबर को बाराद्वारी स्थित अमित सोलंकी के घर से अज्ञात अपराधियों ने सोना और चांदी के कीमती जेवरातों की चोरी की थी। जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस ने भालूबासा निवासी आलोक मुखी उर्फ सावन मुखी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि चोरी के कुछ आभूषण उसने अपनी बहन ज्योति मुखी और जीजा धीरज कुमार तांती को खपाने के लिए दिए थे, जबकि कुछ जेवरात उसने अपने घर में छिपाकर रखे थे। इसके बाद पुलिस ने आदित्यपुर से ज्योति मुखी और उसके पति धीरज कुमार तांती को हिरासत में लिया, जहां दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने बताया कि चोरी का एक सोने का हार गम्हरिया स्थित अनन्या ज्वेलर्स में बेचा गया था, जिसके बदले 70 हजार रुपये नकद मिले थे। पुलिस टीम ने ग्राहक बनकर ज्वेलर्स में छापा मारा और चोरी का हार बरामद कर लिया। इस मामले में अनन्या ज्वेलर्स के मालिक सुनील कुमार प्रसाद को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में सोने का हार, बाला, कंगन, मंगटीका, नथिया, झुमका, टॉप्स, चांदी के कमरछल्ले, बाजूबंद, 42 चांदी के सिक्के, एक हीरो प्लेजर स्कूटी, एक ओप्पो एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 70 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामद सभी आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब 14 लाख रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपितों में आलोक मुखी उर्फ सावन मुखी (20), निवासी रेलगेट रोड हरिजन बस्ती भालूबासा, थाना सीतारामडेरा, धीरज कुमार तांती (25), निवासी सालडीह बस्ती जी रोड, आदित्यपुर; ज्योति मुखी (25 वर्ष) और सुनील कुमार प्रसाद, निवासी एनकेएस फील्ड, दुर्गा मैदान के पास, बड़ा गम्हरिया शामिल हैं। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपित आलोक मुखी उर्फ सावन मुखी और उसका जीजा धीरज कुमार तांती पहले भी चोरी के मामलों में जेल जा चुके हैं और दोनों का आपराधिक इतिहास रहा है।

## ब्राउन शुगर तस्करी मामले में एक युवक गिरफ्तार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम।** गोलमुरी थाना क्षेत्र के नामदा बस्ती में नशीले पदार्थों की अवैध खरीदझफरोख्त के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मकान नंबर 45 से एक युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान शुभम सिंह (28) के रूप में हुई है, जो नामदा बस्ती का ही निवासी बताया जा रहा है। बुधवार को सिटी डीएसपी सुनील कुमार चौधरी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नामदा बस्ती में ब्राउन शुगर की खरीदझबिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया और 9 दिसंबर की शाम संबंधित मकान में छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस को देखकर आरोपित मौके से भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन अन्य पुलिस बल के सहयोग से उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपित के पास से 21 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की गई, जिसका कुल वजन करीब तीन ग्राम बताया जा रहा है। इसके अलावा पुलिस ने उसके पास से 500 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## मिलावटी शराब बरामद, तीन लोग गिरफ्तार

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझारी थाना क्षेत्र में चाईबासा पुलिस ने मिलावटी अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में मिलावटी शराब और बीयर जब्त की है। सदर चाईबासा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बहामन टूटी ने बुधवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सदर एएसपी के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया था। टीम ने 9 दिसंबर को कुन्दरुगुटु गांव में छापेमारी कर एक किराना दुकान से बड़ी मात्रा में मिलावटी अंग्रेजी शराब बरामद की। मौके से दुकान संचालक कुन्दरा तांती को गिरफ्तार किया गया।

## गैरेज में लगी आग, कार और ऑटो जलकर राख

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम।** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एग्रिको सिग्नल के समीप स्थित एक गैरेज में मंगलवार देर रात अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की तेज लपटें और घना धुआं दूर तक दिखाई देने लगा, जिसे देख आसपास के लोग दहशत में आ गए और अपने घरों से बाहर निकल आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गैरेज में खड़ी एक कार और एक ऑटो में शॉर्ट सर्किट के कारण आग भड़की, जिसने देखते ही देखते दोनों वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में वाहन पूरी तरह जलने लगे। आग के बढ़ते स्वरूप को देखकर स्थानीय लोगों



ने तुरंत दमकल विभाग और सिदगोड़ा थाना को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद करीब आधे घंटे में आग पर काबू पाया गया। दमकल कर्मियों की तत्परता से आग को गैरेज के अन्य हिस्सों और आसपास की इमारतों तक फैलने से रोक लिया गया। घटना के दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, जो राहत की बात है। हालांकि, आग की चपेट में आने से गैरेज में खड़ी कार और ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पुलिस ने मौके का मुआयना कर लिया है और आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

## घायल हाथी के बच्चे की इलाज के दौरान मौत

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जंगलों में हाथी के बच्चों के मां से बिछड़ने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे उनकी जान पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। ताजा मामला मंझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पप्पागड़ा पंचायत का है, जहां शनिवार रात पेड़ में फंसे एक हाथी के बच्चे को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया था। घायल अवस्था में शिशु हाथी को उपचार के लिए चाईबासा वन कार्यालय लाया गया, लेकिन सोमवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। विभाग की ओर से कराए गए पोस्टमार्टम में खून का थक्का जमना मौत का मुख्य कारण बताया गया है। इसी दिन चाईबासा



वन प्रभाग के हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र स्थित सरडीहा जंगल में एक और हाथी का बच्चा झुंड से बिछड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने उसे सुरक्षित रेस्क्यू कर चिकित्सकों की निगरानी में हाटगम्हरिया में रखा है। अधिकारियों के अनुसार बेहतर उपचार और लगातार निगरानी के लिए बुधवार को इस शिशु हाथी को चाईबासा लाया जाएगा। लगातार जंगल क्षेत्रों में हाथी के बच्चों के मिलने और एक की मौत की घटना ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है। वन अधिकारियों का कहना है कि बदलते मौसम, दुर्गम जंगल मार्गों और प्राकृतिक खतरों के कारण शिशु हाथी अपने समूह और मां से बिछड़ रहे हैं, जिससे उनके घायल होने और मौत की आशंका बढ़ रही है। वन विभाग ने हाथियों के संरक्षण और बचाव कार्यों को लेकर निगरानी और रेस्क्यू अभियान तेज कर दिया है। विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि कहीं कोई हाथी का बच्चा घायल या अकेला दिखाई दे तो उसे न छुएं और तत्काल वन विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते उसे सुरक्षित कर उचित इलाज उपलब्ध कराया जा सके।

## बैल व्यापारी से 85 हजार की लूट, छह अज्ञात पर मामला दर्ज

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के बलांडिया जंगल में बुधवार दोपहर बैल व्यापारी से पिस्टल दिखाकर 85 हजार रुपये, मोबाइल, पर्स और चांदी की चेन लूट लिए जाने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पीड़ित अर्जुन महाकुड़, निवासी कुमारडुंगी, बैल बेचकर हाटगम्हरिया बाजार से लौट रहे थे। तभी जंगल के पास पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने उनका रास्ता रोक लिया। अर्जुन ने बताया कि तोरलो मोड़ के पास तीन बदमाश डंडे लिए पुलिया पर बैठे थे। जैसे ही उन्होंने बाइक रोकी, पीछे से दो अपराधी मोटरसाइकि1ल पर आए और एक ने उनके सिर पर पिस्टल सटा दी। विरोध करने पर जंगल से दो और बदमाश निकल आए, जिनमें से एक के पास हंसुआ था। उसने अर्जुन के दाहिने पैर पर वार किया, जबकि पिस्टलधारी ने उनके सिर पर हमला कर दिया। इसी बीच डंडा लिए तीनों बदमाश भी उन पर चढ़ गए और मारपीट कर रुपये देने की धमकी देने लगे। जान से मार देने की धमकी के बाद अर्जुन ने जेब में रखे 85 हजार रुपये अपराधियों को सौंप दिए। इसके बाद बदमाश उनके गले की चांदी की चेन, मोबाइल और पर्स भी छीनकर जंगल की ओर फरार हो गए। किसी तरह बचकर अर्जुन थाना पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी।

## मजदूरों का उग्र प्रदर्शन, मेघाहातुबुरु प्रबंधन को दी आंदोलन की चेतावनी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मेघाहातुबुरु में बुधवार को झारखण्ड मजदूर संघर्ष संघ की स्थानीय इकाई ने जेनरल ऑफिस के समक्ष जोरदार प्रदर्शन कर प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। महासचिव अफताब आलम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जुटे मजदूरों ने गगनभेदी नारों के साथ प्रशासन और प्रबंधन को साफ संदेश दिया कि स्थानीय मजदूरों के अधिकारों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदर्शन के दौरान माहौल काफी तनावपूर्ण रहा, जिससे कुछ देर के लिए प्रशासनिक महकमे में हड़कंप की स्थिति बन गई। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य महाप्रबंधक, मेघाहातुबुरु को



अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। यूनियन का आरोप है कि खदानों में बाहरी लोगों की लगातार भर्ती कर स्थानीय युवाओं के हक को छीना जा रहा है। नेताओं ने कहा कि जब क्षेत्र के युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं, तब बाहर से लोगों को नौकरी देना अन्यायपूर्ण है। उन्होंने पूर्व की भर्ती प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए मांग की कि आगामी भर्तियों में कर्मचारी आश्रितों और स्थानीयों को प्राथमिकता देते हुए कम से कम 70 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा लगभग एक हजार रिक्त पदों को अविलंब भरा जाए। इसके साथ ही मजदूरों ने क्षेत्रीय अस्पताल की बदहाल स्थिति को भी आंदोलन का अहम मुद्दा बनाया। यूनियन ने आरोप लगाया कि केबीआर-एमबीआर अस्पताल, जिसे रेफरल अस्पताल कहा जाता है, वहां एक भी विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध नहीं है। मजदूर नेताओं ने इसे श्रमिकों की जान से खिलवाड़ बताते हुए सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, मूत्र रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, ईएनटी सहित सभी आवश्यक विशेषज्ञ डॉक्टरों की तत्काल नियुक्ति की मांग की। महासचिव अफताब आलम ने दो टूक शब्दों में कहा कि यूनियन की सभी मांगें जायज और क्षेत्रीय हित से जुड़ी हुई हैं। यदि प्रबंधन ने शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाए तो सड़क से लेकर कार्यालय तक ऐसा आंदोलन किया जाएगा कि पूरा तंत्र जवाब देने को मजबूर हो जाएगा। इस प्रदर्शन में दयानंद कुमार, अफताब आलम, कामता प्रसाद, सोमा नाग, कुलदीप सिंह, शैलेश बारी, कमल कुमार रजक सहित कई वरिष्ठ श्रमिक नेता और बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद रहे।

## एस्पायर मदर्स विंग्स ने युवाओं की प्रतिभा को दिया मंच

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम।** एस्पायर मदर्स विंग्स के तत्वावधान में बुधवार को गोलमुरी उत्कल समाज में आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में विशेष बच्चों और युवाओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सी.आर.सी रांची से अशोक प्रधान, सदर अस्पताल से डॉ. कमलेश कुमार और डॉ. राजीव लोचन, सबल संस्था से तेनिक जी, नई दिशा से संदीप , रोटरी क्लब की अध्यक्ष डॉ. रेनूका चौधरी, समाजसेवी पुरबी घोष, लायंस क्लब की अध्यक्ष अरति पांडे और सम्पूर्ण लायंस परिवार तथा लायंस




कालिमाटी टीम भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी अतिथियों ने विशेष प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया और एस्पायर मदर्स विंग्स की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम विशेष बच्चों ने डांस, सिंगिंग, योगा, फैशन शो, मिमिक्री और कविता पाठ ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष बच्चों को एक मंच प्रदान करना और समाज में उनकी क्षमताओं को पहचान देना था, जिसे उपस्थित जनों ने खूब सराहा। विशेष माताओं के रूप में अमृता कुलताज, डॉ. निबेदिता, पुष्पलता, अदिति यादव, सोनाली सरकार, प्रीति सिन्हा और ममता पाढ़ी सहित अन्य उपस्थित थे।

## टाइगर एस्टीमेशन होगा 15 दिसंबर से शुरू : नटेश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**पलामू।** झारखंड में 15 दिसंबर से टाइगर एस्टीमेशन 2026 की शुरूआत होगी। इसके तहत बाघ के साथ साथ अन्य वन्यप्राणी और जंगल की भी जानकारी जुटायी जायेगी। फर्स्ट फेज में 22 दिसंबर तक यह अभियान चलेगा। फोर्थ फेज का अभियान अप्रैल 2026 तक चलाया जायेगा। इस बार पूरे राज्य के वन क्षेत्र में यह कार्यक्रम होगा। इस अभियान के लिए पलामू टाइगर रिजर्व के मुख्य वन्य संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक एसआर नटेश को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। नोडल पदाधिकारी ने बुधवार को अभियान को लेकर अपने कार्यालय में पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड में टाइगर एस्टीमेशन सभी 36 डिविजन में चलाया जायेगा। इसके लिए पूरे राज्य में 1600 वनरक्षी लगाये जायेंगे और जहां-जहां वाइल्ड लाइफ है, वहां के टेकर भी शामिल किए जायेंगे। पलामू टाइगर रिजर्व में फिलवक्त 300 टेकर और 110 गार्ड हैं। इस बार वॉलंटियर भी रखे जायेंगे। इसके लिए संबंधित क्षेत्र के विश्वविद्यालय से संपर्क किया गया है और वॉटनिस्ट को सहायक के तौर पर शामिल किया जायेगा। वॉलंटियर का कार्य निःशुल्क होगा, उन्हें सिर्फ प्रमाण पत्र दिया जायेगा। वॉलंटियर रखने से पहले छात्रों का स्किल टेस्ट भी लिया जायेगा। प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। बाघ, हाथी, बायसन, सियार, लैपर्ड, जंगली कुत्ते, लकड़बग्घा सहित अन्य जंगली जानवर की गणना की जायेगी। ट्रायल सर्वे के आधार पर कैमरा टेपिंग होगा। इस बार पूरे एरिया में 1024 कैमरे लगाये जायेंगे। 512 ग्रिड कवर किया जायेगा। 28-28 दिन के अंतराल पर कैमरे हटाकर दूसरे रेंज में लगाये जायेंगे। कुटकू रेंज में काम पूरा हो गया है। अभियान के क्रम में एरिया को जानने का मौका मिलेगा। इसी तरह ट्रायल वर्क 5 किलोमीटर के एरिया में प्रत्येक दिन किया जायेगा। इस क्रम में पगमार्क, मल सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी जुटायी जायेगी। इसके लिए नवंबर से ही वनकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## एक नजर

### रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2025 का आयोजन



**गोरखपुर।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे के तत्त्वावधान में 10 से 13 दिसम्बर 2025 तक सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर में 32वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ 10 दिसम्बर, 2025 को मुख्य अतिथि अपर महाप्रबन्धक श्री विनोद कुमार शुक्ल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में रेलवे सुरक्षा विशेष बल, पश्चिम रेलवे, मध्य रेलवे, दक्षिण रेलवे, उत्तर रेलवे, पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे, दक्षिण मध्य रेलवे तथा मेजबान पूर्वोत्तर रेलवे सहित कुल 08 टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रीय रेलों के सदस्यगण, बास्केटबॉल संघ गोरखपुर के सदस्यगण एवं पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के पदाधिकारी तथा भारी संख्या में बास्केटबॉल प्रेमी उपस्थित थे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच पूर्वोत्तर रेलवे एवं मध्य रेलवे के बीच खेला गया, जिसमें पूर्वोत्तर रेलवे ने मध्य रेलवे को 44-27 अंको से पराजित कर मैच जीत लिया। पूर्वोत्तर रेलवे की ओर भीम सिंह, सुरजभान सिंह, विजय, रामाश्रय एवं अजय मल्ल ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। आज खेले गये अन्य मैच में दक्षिण रेलवे ने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे को 40-16 अंको से एवं पश्चिम रेलवे ने रेलवे सुरक्षा बल को 40-26 अंको तथा उत्तर रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे को 45-20 अंको से हराया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि अपर महाप्रबन्धक श्री विनोद कुमार शुक्ल ने इस चार दिवसीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन के लिये रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे को बधाई दी। श्री शुक्ल ने कहा कि अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आरम्भ वर्ष 1989 में चेन्नई में हुई थी। वर्ष 2024 में ये प्रतियोगिता गोरखपुर में हुई थी, जिसमें मेजबान पूर्वोत्तर रेलवे विजेता रहा। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के उपरान्त रेलवे सुरक्षा बल की चयनित बास्केटबॉल टीम अखिल भारतीय पुलिस खेल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगी। श्री शुक्ल ने कहा कि बाहर से आए हुए खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में खेल भावना से अपना शानदार प्रदर्शन करेंगे। प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे श्री तारिक अहमद ने स्वागत सम्बोधन करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में टीमों को दो पूलों में बॉटा गया है तथा सभी टीमों के बीच लीग, सेमीफाइनल एवं फाइनल को मिलाकर कुल 16 मैच खेले जायेंगे। यह प्रतियोगिता ऑल इंडिया रेलवे सुरक्षा बल टीमों के बीच हो रही है। प्रतियोगिता में पारदर्शिता बनाये रखने के लिये बास्केटबॉल संघ, गोरखपुर एवं पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के रेफरी तथा निर्णायक मंडल के सदस्यों द्वारा अहम भूमिका है। कल 11 दिसम्बर, 2025 को प्रतियोगिता का अन्य मैच रेलवे सुरक्षा विशेष बल एवं मध्य रेलवे तथा दक्षिण रेलवे एवं दक्षिण मध्य रेलवे के बीच खेला जायेगा।

### यात्रियों की सुविधा ध्यान में रखते हुए विशेष गाड़ियों का संचालन

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं परिचालिनिक सुगमता हेतु निम्नलिखित 13137/13738 कोलकाता-आजमगढ़-कोलकाता एक्सप्रेस, 13121/13122 कोलकाता-गाजीपुर सिटी-कोलकाता एक्सप्रेस, 22323/22324 कोलकाता-गाजीपुर सिटी-कोलकाता एक्सप्रेस गाड़ियों का मानकीकरण किया जायेगा। मानकीकरण के फलस्वरूप इन गाड़ियों की रेक संरचना में निम्नवत परिवर्तन किया जायेगा। 13137/13738 कोलकाता-आजमगढ़-कोलकाता में कोलकाता से 09 फरवरी, 2026 से तथा आजमगढ़ से 10 फरवरी, 2026 से संशोधित संरचना के अनुसार शयनयान श्रेणी के 07, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनामी के 03, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, एलएसएलआरडी का 01 तथा जनरेटर सह लगेजयान के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। 13121/13122 कोलकाता-गाजीपुर सिटी-कोलकाता में कोलकाता से 08 फरवरी, 2026 से तथा गाजीपुर सिटी से 09 फरवरी, 2026 से संशोधित संरचना के अनुसार शयनयान श्रेणी के 07, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनामी के 03, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, एलएसएलआरडी का 01 तथा जनरेटर सह लगेजयान के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। 22323/22324 कोलकाता-गाजीपुर सिटी-कोलकाता में कोलकाता से 12 फरवरी, 2026 से तथा गाजीपुर सिटी से 13 फरवरी, 2026 से संशोधित संरचना के अनुसार शयनयान श्रेणी के 07, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनामी के 03, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, एलएसएलआरडी का 01 तथा जनरेटर सह लगेजयान के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

### तरसही के प्रमुख बने सिरिस्ता, प्रिया को दो मत से हराया

**पलामू।** लंबे समय से खाली चल रहे पलामू के तरहसी प्रमुख पद पर बुधवार को चुनाव कराया गया। चुनाव मैदान में दो उम्मीदवार थे। निवर्तमान प्रमुख प्रिया कुमारी और मंझौली टू के पंचायत समिति सदस्य सिरिस्ता भुइयां ने दावेदारी प्रस्तुत की।



निर्वाचन के लिए मेदिनीनगर सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा और तरहसी की प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी कुसूम केरकेटटा मौजूद थीं। वोटिंग में सभी 16 पंचायत समिति सदस्यों ने भाग लिया। निवर्तमान प्रमुख के पक्ष में 7, जबकि सिरिस्ता भुइयां के पक्ष में 9 मत पड़े। इस प्रकार सिरिस्ता भुइयां दो मतों से विजयी घोषित किए गए। मौके पर निर्वाचन पदाधिकारी सदर एसडीओ ने कहा कि तरहसी में पंचायत समिति सदस्य का प्रमुख पद के लिए चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करा ली गई है। उन?होंने बताया कि सभी 16 पंसस ने चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया और कई मुद्दे उठाए। चुनाव में दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। सिरिस्ता भुइयां के पक्ष में 9, जबकि प्रिया कुमारी के पक्ष में 7 वोट पड़े। निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि वोटिंग में हिस्से लेने वाले पंचायत समिति सदस्यों में शकुंतला देवी, नमिता देवी, मैना देवी, रचिबा बीवी, अजय कुमार सिंह (उपप्रमुख), शिवशंकर मेहता, नन्दू भुइयां सहित अन्य शामिल थे। उल्लेखनीय है कि तरहसी प्रमुख प्रिया कुमारी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाये जाने और मामला न्यायालय में चले जाने के कारण यह पद लंबे समय से रिक्त चल रहा था। इस बीच उपप्रमुख अजय कुमार सिंह को प्रमुख की जिम्मेवारी दी गयी थी, लेकिन न्यायालय के निर्देश ने उनकी वित्तीय शक्ति जब्त कर ली थी। वहीं क्षेत्र में प्रमुख के नहीं रहने से विकास योजनाओं पर विपरीत असर पड़ा था।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह एवं मुद्रक एस. एच. प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची -835222 द्वारा झारखंड से मुद्रित एवं एसटी-663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी ) : फोन नं. 8709022665, PRGI N0. - JHAHIN/2014/59794

## जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

# अनुसंरक्षण योजना आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की समीक्षा की गई

उज्ज्वल दुनिश संवाददाता



**साहिबगंज।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना, मुख्यमंत्री अस्पताल प्रबंधन एवं अनुसंरक्षण योजना तथा आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उधर बैठक के दौरान उपायुक्त ने निम्न दिशा निर्देश दिए गए। जहां उधवा सीएचसी को नए भवन में अविलंब शिफ्ट करने तथा नए एमओआईसी का प्रभार सौंपने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। वही सदर अस्पताल में ओपीडी संचालन को और अधिक सुचारु बनाने के साथ साथ उपलब्ध इंफ्रास्ट्रक्चर के पूर्ण उपयोग पर बल दिया गया। वही फिजियोथैरेपी वार्ड को एक सप्ताह के भीतर संचालित करने का निर्देश दिया गया। वही एसएनसीयू वार्ड में बेड की संख्या बढ़ाने हेतु सिविल सर्जन को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। आगे उपायुक्त ने सभी स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जहां उन्होंने विशेष रूप से जोर दिया कि मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना के तहत सभी अस्पताल स्वच्छता, रोगी सुविधा, बायो मेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन एवं सामुदायिक सहभागिता के मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करें। इस बैठक में सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, सभी प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। उधर बैठक के अंत में उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जहां सभी योजनाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

# राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में शामिल होने के लिए बाल कवियों का चयन प्रतियोगिता आयोजित

उज्ज्वल दुनिश संवाददाता




**साहिबगंज।** आगामी 20 और 21 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में स्थानीय स्कूली बच्चों को शामिल करने को लेकर बुधवार को चयन प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान विद्यालय में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में शहर के यमुनादास चौधरी बालिका उच्च विद्यालय, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय पोखरिया, जवाहर नवोदय विद्यालय, पीएम श्री नगरपालिका कन्या उच्च विद्यालय, शिबूसोरेन जनजातीय महाविद्यालय, पब्लिक उच्च विद्यालय, रेलवे स्कूल, राजस्थान उच्च विद्यालय, राजस्थान मध्य विद्यालय, एनआरपी सेंटर सहित अन्य विद्यालयों के 69 बाल कवियों ने भाग लिया। जहां सभी बाल कवियों के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई जिसमें सबसे बेहतर लेखन व वाचन करने वाले बाल कवियों का चयन किया गया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में जिले के लब्ध प्राप्त कवि अनिरुद्ध प्रभाष, मंच के महासचिव सह कार्यक्रम संयोजक सुधीर श्रीवास्तव एवं आनंद मोदी ने भूमिका अदा की। वही इसकी जानकारी देते हुए मंच के अध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार को बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुति के आधार पर चयन किया जाएगा और चयनित बाल कवियों को 20 और 21 दिसंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रस्तुति देने का अवसर प्राप्त होगा। आगे अध्यक्ष ने बताया कि बाल कवियों के लिए इस वर्ष एक विशेष पुरस्कार की घोषणा की गई है जहां यह पुरस्कार मंच के सचिव अभय पाण्डेय वशिष्ठ (नागपूर) के सौजन्य से दिया जाएगा। वही जिले के श्रेष्ठ बाल कवि को निर्मला देवी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा जिसमें स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र के अलावा नगद राशि भी होगी। उधर आयोजन समिति सदस्य रीमा सिंह ने बताया कि यह पहला अवसर है जब वो इस प्रकार के कार्यक्रम का हिस्सा बन रही है। आगे उन्होंने कहा कि साहित्य की दुनिया मंच का स्थानीय साहित्यिक प्रतिभा को स्थापित करने का प्रयास काफी प्रशंसनीय है। जहां इस प्रकार का अवसर देने से बच्चों की प्रतिभाओं में और निखार आएगी। इस अवसर पर राजस्थान मध्य विद्यालय की प्रधानाचार्य मीना कुमारी, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय पोखरिया के मनोहर शर्मा के अलावा शिक्षिका रेखा कुमारी, सृष्टि कुमारी, राजीव कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में 2 युवक गंभीर रूप से घायल, भर्ती



उज्ज्वल दुनिश संवाददाता

**साहिबगंज।** बोरियो थाना क्षेत्र के दुगाटोला पंचायत भवन के पास बुधवार को हुए भीषण सड़क दुर्घटना में जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र निवासी दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां घटना की जानकारी मिलने के बाद दोनों युवकों को उसके अन्य दोस्तों की मदद से बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. पिंकू चौधरी ने फौरन इलाज किया। उधर इस सड़क दुर्घटना में जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के छोटा पचगढ़ निवासी युवक गोलू बहादुर उम्र 22 वर्ष पिता प्रभु बहादुर एवं लोहंडा निवासी युवक करण कुमार मुंडा उम्र 20 वर्ष पिता परदेशी मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक बाईक पर सवार होकर बरहेट फुटबॉल मैच देखने के लिए जा रहा था कि तभी सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। उधर इस सड़क दुर्घटना में गोलू बहादुर नामक युवक के सिर पर गंभीर चोट आई है जिसे सदर अस्पताल के चिकित्सक ने सीटी स्कैन कराने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। उधर अन्य युवक करण कुमार मुंडा का सदर अस्पताल में चिकित्सकों के देखरेख में इलाज जारी है फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन में जुटी हुई है।

## जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने धनवार प्रखंड और बिरनी प्रखंड विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

उज्ज्वल दुनिश संवाददाता




**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने धनवार प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, जटहा और बिरनी प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, दलांगी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विद्यालय की व्यवस्था, शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का प्रत्यक्ष रूप से अवलोकन किया। इस दौरान उपायुक्त ने विद्यालय में शिक्षा का स्तर कैसा है, और बच्चे क्या सीख रहे हैं समेत विभिन्न बिंदुओं की जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा उपायुक्त ने शैक्षणिक गतिविधियां, पेयजल, शौचालय, आधारभूत संरचना, किचेन शेड, बच्चों को मिल रही भोजन की गुणवत्ता आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही विद्यार्थियों की उपस्थिति, साफ-सफाई तथा विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कक्षाओं का निरीक्षण किया और छात्रों से उनकी पढ़ाई, परीक्षा की तैयारियों और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही बच्चों की पढ़ाई में आ रही चुनौतियों की जानकारी लेकर समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में रखे उपस्थिति पंजी, शिक्षकों की उपस्थिति, शिक्षकों की संख्या, सामग्री पंजी व अन्य अभिलेखों की भी जांच की। उन्होंने कहा कि बच्चों का समग्र विकास, मानसिक, बौद्धिक व नैतिक सुनिश्चित करना शिक्षकों, अभिभावकों और प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है। शिक्षा ही वह आधार है जिस पर राज्य और देश का भविष्य टिका है।

## अवैध खनन के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई, तीन वाहन जब्त

**गिरिडीह।** खोरीमहुआ अनुमंडल प्रशासन द्वारा अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से बीती रात धनवार प्रखण्ड अंतर्गत विशेष छापामारी अभियान संचालित किया गया। इस अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी अनिमेष रंजन ने किया। दिनांक 09 दिसम्बर 2025 की रात में अनुमंडल पदाधिकारी, खोरीमहुआ द्वारा विभिन्न स्थानों पर सघन गश्ती के साथ वाहनों की जांच की गई। इस दौरान तीन वाहनों को रोका गया और जाँच में पाया गया कि वे बोल्डर/पत्थर से लदे, बिना वाहन चालान एवं ओवरलोडिंग की स्थिति में संचालित हो रहे थे। जब्त किए गए वाहनों की संख्या निम्नानुसार है– (1) वाहन संख्या, **JH11P**-5820 (2) वाहन संख्याए JH11AT-6983 (3) वाहन संख्या-**JH11P**-6860 इन तीनों वाहनों को अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर जब्त कर लिया गया है।

## नमामि गंगे घाट पर नगर परिषद प्रशासक ने नागरिकों के साथ की बैठक



उज्ज्वल दुनिश संवाददाता

**साहिबगंज।** शहर के नमामि गंगे घाट में बुधवार को नगर परिषद प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह ने सम्मानित नागरिकों, निवर्तमान वार्ड पार्षदों एवं मीडिया की उपस्थिति में एक बैठक आहूत की गई। जहां इस बैठक में मुनिलाल शमशान घाट में अंतिम संस्कार हेतु मृतको के परिजनों से स्वेच्छा दान के नाम पर डोम राजा के द्वारा अत्यधिक राशि माँग किए जाने के संबंध में प्राप्त शिकायत के आलोक में नगर परिषद प्रशासक एवं कार्यपालक दंडाधिकारी की उपस्थिति में विचार विमर्श किया गया। जहां इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मुनिलाल शमशान घाट में डोम राजा के द्वारा अधिकतम राशि 501 रुपए तय किया गया है ताकि विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। वही इससे अधिक राशि लेने एवं देने वाले स्वयं जिम्मेवार होगें।

## सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण से संबंधित बैठक का आयोजन

उज्ज्वल दुनिश संवाददाता



**साहिबगंज।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा कोषांग अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक तथा जिला बाल संरक्षण इकाई , प्रयोजन एवं पालन पोषण, देखभाल अनुमोदन समिति की मासिक बैठक भी संपन्न हुई। जहां बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, बाल संरक्षण से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण, लाभुकों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने तथा संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने विभागीय पदाधिकारियों को सभी योजनाओं की निगरानी को और मजबूत बनाने तथा फील्ड स्तर पर नियमित अनुश्रवण करने को कहा। वही उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सामाजिक सुरक्षा की सभी पेंशन योजनाओं में लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उधर जिला बाल संरक्षण इकाई बाल अधिकारों के मुद्दों पर सतत निगरानी रखे एवं जरूरतमंद बच्चों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराए। वही प्रयोजन एवं पालन पोषण की बैठक में प्रस्तुत मामलों पर संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेते हुए बच्चों के सर्वोत्तम हित को सर्वोपरि रखा जाए। इस बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला बाल परियोजना पदाधिकारी पूनम कुमारी सहित संबंधित शाखाओं के पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मंडल कारा में व्यापक जागरूकता अभियान आयोजित

उज्ज्वल दुनिश संवाददाता



**साहिबगंज।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अखिल कुमार के मार्गदर्शन में बुधवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मंडल कारा समेत जिलेभर के विभिन्न विद्यालयों व पंचायतों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां इसको लेकर प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया मानवाधिकार, हमारे रोजमर्रा के आवश्यक तत्व है, जिसका उद्देश्य लोगों को यह याद दिलाना है कि मानवाधिकार केवल कानूनी अवधारणाएं नहीं, बल्कि हमारे दैनिक जीवन के अभिन्न अंग हैं। जैसे की सुरक्षित आवास, भोजन, शिक्षा और गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार सभी लोगों के लिए जरूरी है। आगे उन्होंने मानवाधिकारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समाज के हर वर्ग, विशेषकर कमजोर और हाशिए पर रहने वाले लोगों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक होना चाहिए ताकि वे अन्याय, शोषण और भेदभाव से खुद को बचा सकें। वही श्री भगत ने जोर देकर कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण किसी भी नागरिक को न्याय से वंचित न किया जाए। उधर जिलेभर में आयोजित विशेष शिविर में मंडल कारा में लीगल एंड डिफेन्स कौंसिल के कामनी शर्मा, रविन्द्र श्रीवास्तव ने बंदियों को मानवाधिकार के बारे में बताया और विधिक परामर्श दिया। वही जिलेभर में विभिन्न स्थानों, विद्यालयों और पंचायतों में भी जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए, जहां पैरा लीगल वालंटियर्स न्याय मित्रों ने नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों और जिला विधिक सेवा प्राधिकार की मुफ्त कानूनी सहायता योजनाओं के बारे में जानकारी दी। आगे प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया की जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में पात्र व्यक्तियों को मुफ्त कानूनी सलाह और सहायता प्रदान करने के लिए विशेष डेस्क फ्रंट ऑफिस स्थापित किए गए। जहां जिला विधिक सेवा प्राधिकार, समाज में न्याय की समान पहुँच सुनिश्चित करने और मानवाधिकारों को बढ़ावा देने के अपने मिशन के प्रति समर्पित है।

## एक नजर

### सदर एसडीपीओ ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ की मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी की बैठक



**साहिबगंज।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय कक्ष में बुधवार को सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने सभी पुलिस पदाधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी की बैठक की। इस मौके पर उन्होंने पिछले माह की लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए सभी मामलों को जल्द से जल्द सुलझाने का दिशा निर्देश दिया। वही उन्होंने वाहनों की सघन जांच करने, रात्रि गश्ति तेज करने व आपराधिक छवि वाले लोगों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। इस मौके पर कई थानों के थाना प्रभारी मुख्य रूप से मौजूद थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत



साहिबगंज। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के शांति नगर घोघी निवासी व्यक्ति जगदीश मंडल उम्र 45 वर्ष पिता स्व. लालमन मंडल की मौत सतपुलवा रेलपुल के पास किसी ट्रेन की चपेट में आने से हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक जगदीश मंडल मजदूरी का काम किया करता था जहां वो मंगलवार की सुबह 8 बजे अपने घर वालों को काम पर जाने की बात कहकर निकला था और देर रात तक वापस अपने घर नहीं लौटा था। उधर जब देर रात तक जगदीश मंडल अपने घर वापस लौट कर नहीं आया तो परिजन परेशान हो गए और उसकी तलाश में जुट गए जिसका कोई अतापता नहीं चला। उधर बुधवार की सुबह जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस ने मृतक व्यक्ति के परिजनों को उसका शव सतपुलवा रेलपुल के पास देखे जाने की जानकारी दी जिसके बाद परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचकर शव की पहचान की। जहां पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वही मृतक जगदीश मंडल अपने पीछे पत्नी अनीता देवी, पुत्र दीपक कुमार, पुत्री प्रियंका कुमारी व पुत्र आयुष कुमार को इस दुनिया में अकेला छोड़कर चल बसा है। उधर मृतक की पत्नी अनीता देवी ने सदर अस्पताल में बताया कि उसके पति की मौत के बाद पूरा जीवन उजड़ गया है जहां अब उसके छोटे छोटे बच्चों को कौन देखभाल करेगा। उधर इस घटना से पूरे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### नगर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

साहिबगंज। नगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने बुधवार को थाना कांड संख्या 172/25 के आरोपी आशीष यादव उर्फ आशीष कुमार यादव उम्र 19 वर्ष पिता बंधु यादव को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभनपुर भट्ठा से गिरफ्तार करने के बाद उसका मेडिकल जांच करवाने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने फौरन आरोपी युवक का मेडिकल जांच किया जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वही मामले को लेकर एएसआई पवन कुमार ने बताया कि बीते दिनों 24 अक्टूबर 2025 को दर्ज कराए गए केस में आरोपी युवक का नाम शामिल था जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### सड़क घटना में किशोर घायल

**साहिबगंज।** तालझारी थाना क्षेत्र के अंबाडीहा फाटक के पास मंगलवार की देर रात को सड़क दुर्घटना में एक किशोर घायल हो गया। जहां घायल किशोर को उसके परिजन बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर आए। उधर सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. प्रशांत कुमार ने फौरन घायल किशोर का इलाज किया। मिली जानकारी के अनुसार अंबाडीहा फाटक निवासी सतीश मंडल के 16 वर्षीय पुत्र शिव मंडल अपने घर से बाईक पर सवार होकर सकरीगली किसी काम के सिलसिले में आया हुआ था जहां वापस घर लौटने के दौरान अंबाडीहा फाटक के पास बाइक अनियंत्रित हो गया जिससे किशोर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर घायल किशोर के सिर में गंभीर चोट लगी है।

### मानवाधिकार दिवस पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम

**गिरिडीह।** बुधवार को जमुआ प्रखंड के विधिक सहायता केंद्र प्रखंड कार्यालय जमुआ मे नालसा नई दिल्ली और झालसा रांची के निदेर्शानुसार और डालसा गिरिडीह के आदेशानुसार मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधिक सहायता केंद्र प्रखंड कार्यालय जमुआ के पीएलवी सुबोध कुमार साव ने उपस्थित लोगो को मानवाधिकार के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की हर व्यक्ति की गरिमा और स्वतंत्रता की रक्षा करना है, ताकि सभी को एक अच्छा और गरिमामय जीवन जीने के लिए जरूरी बुनियादी सुविधाएँ (शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, आवास, सुरक्षा) मिलें, समानता, न्याय और सम्मान को बढ़ावा मिले, और राज्य व व्यक्तियों के बीच संबंध सुधरे, जिससे समाज में शांति और सद्भाव स्थापित हो सके। मानवाधिकार कानून एक वैश्विक और राष्ट्रीय ढाँचा है जो यह सुनिश्चित करता है कि हर व्यक्ति को सम्मान, समानता और स्वतंत्रता के साथ जीने का अधिकार मिले। पीएलवी महेन्द्र प्रसाद वर्मा ने कार्यक्रम मे उपस्थित लोगो को राष्ट्रीय लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत, मधस्थ्ता के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया ।पीएलवी सहदेव साव ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना के संबंध मे विस्तृत जानकारी दे कर जागरूक करने का प्रयास किया गया। उक्त अवसर पर समाजसेवी भोला राम, मोहम्मद इस्तखार आलम, वार्ड सदस्य रंजीत कुमार विश्वकर्मा, दामोदर सिंह, सुमित कुमार, लाखेश्वर तुरी, मो आफताब आलम अन्य लोग उपस्थित थे।

### बरनवाल सेवा समिति की बैठक सुबोध कुमार बरनवाल की अध्यक्षता में संपन्न

**गिरिडीह।** बरनवाल सेवा सदन गिरिडीह में बरनवाल सेवा समिति की बैठक सुबोध कुमार बरनवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में अहिबरन जयंती सह परिवार मिलन समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। समिति के सचिव राजेंद्र लाल बरनवाल ने बताया कि बरनवाल जाति के आदिपुरुष महाराजा अहिबरन जी की जयंती आगामी 26 दिसंबर 2025 को बरनवाल सेवा सदन गिरिडीह में मनाई जाएगी। जिसमें स्वजाति बच्चों के बीच कई प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही बरनवाल सेवा सदन परिसर में नवनिर्मित वातानुकूलित भवन खंड का उद्घाटन किया जाएगा। समिति नगर क्षेत्र में निवास करने वाले स्वजातियों से आग्रह करती है कि समारोह में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी एकता का परिचय दें बैठक में प्रदेश अध्यक्ष लखन लाल बरनवाल, महामंत्री इंद्रजीत लाल, संजय कुमार बरनवाल, बिरेंद्र लाल, राकेश रंजन, सुभाष बरनवाल, रितेश बरनवाल, जयप्रकाश लाल, अजय बरनवाल, शंभू बरनवाल, शंकर बरनवाल आदि उपस्थित थे।

### जन समस्याओं के निदान का हर सम्भव प्रयास : डॉ नीरा



**कोडरमा।** कोडरमा के करमा में 50 शैय्या वाले क्रिटिकल केयर अस्पताल के निर्माण के लिए रविवार को भूमि पूजन किया गया। स्थानीय विधायक और पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने अस्पताल का भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्रिटिकल केयर अस्पताल के बनने से ना केवल कोडरमा बल्कि निकटवर्ती कई जिलों के लोगों को लाभ होगा। पहले यहां के लोगों को बीमारी या दुर्घटना के बाद क्रिटिकल केयर के लिए बाहर जाना पड़ता था। पर अब लोगों को यहीं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल पायेगी। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के निदान का हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। इस अस्पताल का निर्माण भी उसी का एक प्रयास है। रविवार को ही विधायक डॉ नीरा यादव ने कोडरमा नगर पंचायत के वार्ड 9 स्थित राजकमल कपड़ा दुकान के पास आरसीसी नाली निर्माण, वार्ड 12 और वार्ड 13 में आरसीसी नाली निर्माण का शिलान्यास किया। वहीं विधायक ने कोडरमा प्रखंड अंतर्गत डोइयांडीह देवी मंडप से गझंड़ी पीएमजीएसवाई रोड भाया कोनियाआम तक पथ निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इस सड़क निर्माण की मांग लगातार कर रहे थे। गांवों तक पहुंचे विकास, इस निमित्त यह एक और कदम है।

### विधायक डॉ नीरा यादव ने खनिज विकास निगम के कर्मियों का मामला विधानसभा में रखा

**कोडरमा।** कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने विधानसभा में जेएसएमडीसी में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के नियमितीकरण का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लि में कार्यरत सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मियों का झारखंड उच्च न्यायालय रांची के याचिका डब्ल्यूपी 549/2019 में पारित न्यायादेश एवं ज्ञापांक 988 में तथा कार्यालय आदेश ज्ञापांक 913 के द्वारा कोडरमा में कार्यरत कर्मियों को समिति गठित कर नियमतिकरण करने का निर्देश दिया गया था। निगम के सभी दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को नियमतिकरण का लाभ दिया गया।

# वंदे मातरम : भारतीय चेतना को ऊर्जा से भर देनेवाला अमर गीत



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत जैसे उत्कट आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राष्ट्र में यदि किसी शब्द ने सबसे अधिक ऊर्जा, सबसे अधिक प्रेरणा और सबसे अधिक एकता का संचार किया है, तो वह है वंदे मातरम। किंतु विडंबना यह है कि इसी भूमि पर जन्मे कुछ लोग आज इस राष्ट्रीय गीत को स्वीकार करने में भी हिचकते हैं। यह विरोध वास्तव में कहना चाहिए कि उस भावना का अस्वीकार है जिसने भारत को स्वतंत्रता के पथ पर आगे बढ़ाया और उसके नागरिकों में मातृभूमि के प्रति समर्पण की चेतना भरी। भारतीय संस्कृति में भूमि को माता मानना किसी धर्म-ग्रंथ का उपदेश नहीं है, यह तो सहस्राब्दियों से चली आ रही जीवनशैली है। जो धरती हमें अन्न देती है, जल देती है, जीवन देती है उसे मां कहना स्वाभाविक है। किंतु आज यही सरल, स्वाभाविक भावना कुछ लोगों को अपने मजहबी चश्मे से देखकर भारी लगती है। यह सोच देखा जाए तो सिर्फ तर्कहीन होने तक सीमित नहीं है, इससे राष्ट्र की सामूहिक चेतना तो भी भारी ठेस पहुंचती है।

### वंदे मातरम की रचना से राष्ट्रगीत तक की यात्रा

एक दृष्टि यदि इसके इतिहास पर डालें तो 1870 के दशक में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने जब वंदे मातरम् की रचना की, तब वे शायद स्वयं भी नहीं जानते थे कि उनकी यह कविता एक दिन भारतीय स्वाधीनता के आान का कारण बन जाएगी। सात नवंबर 1875 को बंगदर्शन में प्रकाशित इस गीत को उन्होंने बाद में अपने ऐतिहासिक उपन्यास आनंदमठ में स्थान दिया।

यह गीत साहित्य तक सीमित नहीं रहा, ये सीधे तौर पर मातृभूमि की आराधना है, प्रकृति का उत्सव है और भारतीय अस्मिता का घोष है। इसीलिए ही संविधान सभा ने 1950 में इसे राष्ट्रीय गीत के रूप में स्वीकार करके इसे राष्ट्र चेतना के केंद्र में स्थायी स्थान दिया है। इस एतिहासिक तथ्य को भी नहीं भूलना चाहिए कि 1905 के बंगाल विभाजन ने वंदे मातरम को वह शक्ति दी, जिसने इसे आंदोलन की धड़कन बना दिया। छात्र, युवा, स्त्रियां, किसान सब इस गीत को गाते हुए ब्रिटिश शासन के विरुद्ध खड़े हुए।

अरविंदो घोष, बिपिन चंद्र पाल, बाल गंगाधर तिलक, यहां तक कि क्रांतिकारी दलों ने भी इसे अपना प्रेरणामंत्र बनाया। कहना होगा कि परतंत्रता के अंधेरे में यही गीत सूर्य सा चमका और भारतीयों को साहस देता रहा। ब्रिटिश सत्ता को डर था कि यह गीत जनांदोलन को विश्वज्वाला बना देगा इसलिए स्कूलों से लेकर सार्वजनिक स्थलों तक इसके गायन पर प्रतिबंध लगाए गए। किंतु क्या साम्राज्य की ताकत एक गीत की शक्ति को रोक सकी नहीं। जितना दमन हुआ, उतनी ही तेज इसके स्वर उठे।

### विश्वमंच पर भारतीय पहचान का घोष है वन्देमातरम

वर्ष 1907 में मैडम भीकाजी कामा ने जर्मनी के स्टटगार्ट में भारत का पहला तिरंगा फहराया। तिरंगे पर लिखा था वंदे मातरम्। वह क्षण तत्कालीन समय में प्रतीकात्मक नहीं रहा था, वह तो भारत की अंतरराष्ट्रीय घोषणा थी कि इस राष्ट्र की चेतना पुकार रही है, वह दबी नहीं है, वह जागृत है और अपनी स्वाधीनता तक अनवरत वह संघर्ष करती रहेगी। किंतु दुर्भाग्य जब पूरी दुनिया में वंदे मातरम् भारतीय स्वाधीनता का पर्याय बन चुका था, तभी 1908 में मुस्लिम लीग ने इसे इस्लाम विरोधी बताकर विरोध शुरू किया। तर्क यह दिया गया कि गीत के कुछ छंद देवी-उपासना की ओर संकेत करते हैं।

यह विरोध आगे बढ़ा और 1937 में कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में एक समिति बनाकर गीत की समीक्षा करवाई। मौलाना आजाद ने स्पष्ट कहा कि पहले दो पद किसी मजहबी भावना को नहीं ठेस पहुंचाते। परिणामस्वरूप गीत का संक्षिप्त दो पदों वाला स्वरूप स्वीकार किया गया। किंतु प्रश्न यह है क्या किसी धार्मिक भावना के नाम पर राष्ट्र की भावना को सीमित किया जा सकता है? क्या मातृभूमि को माता कहना किसी भी मजहब की कसौटी पर अपराध है?

### सेक्युलरवाद का अंधापन

समय बदला, सत्ता बदली, बहसें बदलीं, पर मानसिकता वही रही। आज भी कुछ राजनेता और संगठन इस गीत का विरोध केवल राजनीतिक या सांप्रदायिक पहचान के नाम पर सेक्युलकर चश्मे से करना चाहते हैं। कभी इसे इस्लाम विरोधी कहा जाता है, कभी सेकुलरिज्म के खिलाफ बताया जाता है। इसी मानसिकता के चलते बिहार विधानसभा से लेकर संसद तक बार-बार विरोध देखने को मिलता है।

मदरसे तक इस पर फतवा जारी कर चुके हैं कि वंदे मातरम कहना हराम है। सवाल उठता है, क्या इस धरती को मां कहना हराम है या वह मानसिकता हराम है जो राष्ट्रभक्ति को मजहबी चश्मे से तौलती है?

### वंदे मातरम एक भावना, पहचान और राष्ट्रीय गौरव का केंद्र है

कहना होगा कि आज 150 साल बाद भी वंदे मातरम् सिर्फ एक कविता नहीं है, यह भारतीयता की जागृत चेतना है, जिसमें संपूर्ण भारत का कण-कण समाया हुआ है। भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस न जाने कितने ही वीरों के कंठों में यह गीत गाया जाता रहा है। यह वह धुन है जिसने एक परतंत्र देश को स्वतंत्रता की राह दिखाई है। यह उन्हें गहराई से समझना होगा जो इसका विरोध करते हैं कि वंदे मातरम् कहने का अर्थ किसी देवी की पूजा करना नहीं है, यह मातृभूमि को प्रणाम करना है। क्या कोई भी धर्म अपनी धरती का सम्मान करने से रोकता है? नहीं।किंतु यदि कोई व्यक्ति इस सरल सम्मान को भी मजहब की दीवारों के भीतर बंद कर देता है, तो वह राष्ट्र की साझा चेतना से कट जाना है। किसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत एक ऐसा देश है, जहाँ मंदिरों से लेकर हर जगह एक ही मिट्टी की खुशबू है। जब वही मिट्टी जीवन का आधार देती है, तो उसे मां कहना सांस्कृतिक कृतज्ञता है, धार्मिक अनुष्ठान नहीं।

### राष्ट्रगीत का विरोध: राष्ट्रधर्म का अपमान

धार्मिक स्वतंत्रता भारत की विशिष्ट पहचान है, पर राष्ट्रगीत का विरोध धार्मिक स्वतंत्रता नहीं, राष्ट्रचेतना से विमुखता है। ऐसे में आज संसद में हो रही चचाएँ सिर्फ इतिहास का पुनरावलोकन नहीं है, यह भावी पीढ़ियों को यह स्मरण दिलाने का अवसर हैं कि देश से प्रेम ही सच्चा राष्ट्रधर्म है। जिसमें कि वंदे मातरम् का विरोध करना इतिहास का भी अपमान है और उन लाखों बलिदानियों का भी, जिन्होंने इसके स्वरों के साथ फांसी के फंदे को हंसते हुए चूमा है। यह गीत हमें जोड़ता है, प्रेरित करता है और यह स्मृति दिलाता है कि हम उस महान भूमि की संतान हैं, जो इस भूमि को मां कहता है। जब यह गीत अपनी 150वीं वर्षगांठ मना रहा है, तब यह हर भारतीय का कर्तव्य है कि वह अपनी व्यक्तिगत या मजहबी सीमाओं से ऊपर उठकर इसके भाव से स्वयं को जोड़े। क्योंकि वंदे मातरम् एक सीमित स्वर से कहीं अधिक व्यापक, एक शाश्वत नाद है, जिसने इस देश को आत्मगौरव और स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया है। यही हमारी पहचान है, यही हमारी श्रद्धा। वंदे मातरम्। भारत माता की जय!

**(लेखक, फिल्म सेंसर बोर्ड एडवाइजरी कमेटी के पूर्व सदस्य एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

**लेखक के निजी विचार है।**




## संपादकीय

### वंदे मातरम का उद्घोष

यह सुखद ही है कि कृतज्ञ राष्ट्र देश के स्वतंत्रता सेनानियों में ओज का संचरण करने वाले गीत वंदे मातरम के सृजन के डेढ़ सौ साल पूरे होने को एक उत्सव की तरह मना रहा है। स्वतंत्रता के लिये संघर्षरत करोड़ों भारतीयों में इस गीत ने आजादी का जज्बा भरा था। लाखों स्वतंत्रता सेनानी इस गीत से प्रेरित होकर स्वतंत्रता संग्राम में सर्वस्व अर्पित करने को तत्पर हो जाते थे। इस पावन वेला में देश के विभिन्न भागों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सही मायनों में यह अवसर राष्ट्र के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने का भी है। इस गीत की सर्वस्वीकार्यता का आलम ये था कि भारत आने से पहले दक्षिण अफ्रीका में महात्मा गांधी ने वंदे मातरम को राष्ट्रीय गान की दृष्टि से देखा था। इसी आलोक में वंदे मातरम के डेढ़ सौ साल पूरे होने पर लोकसभा में इस पर चर्चा का शुरू होना सुखद ही है। संसद में प्रधानमंत्री ने कहा भी कि जब इस गीत के सृजन के पचास साल पूरे हुए तो देश परतंत्र था। जब इसके सौ साल पूरे हुए तो देश आपातकाल के दौर से गुजर रहा था, फलत: उस दौर में इस गीत को जनता व स्वतंत्रता सेनानियों का सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिला।

निस्संदेह,बंकिम चंद्र चटर्जी की इस रचना ने बंगाल में क्रांतिकारियों को गहरे तक प्रेरित किया और स्वतंत्रता संग्राम को गति देने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। हालांकि, विपक्ष इसे सुर्खियों में लाने के फैसले के राजनीतिक निहितार्थों की बात कर रहा है। वे इसके समय को लेकर प्रश्न उठा रहे हैं। अविभाजित बंगाल की पृष्ठभूमि में जन्मे इस ओज के गीत को बंगाली समाज ने अपनी अस्मिता से जोड़कर देखा। खासकर बंगाल विभाजन के बाद इसे बंगाल की अस्मिता पर फिरंगियों के प्रहार के दौर में एक मरहम के तौर पर देखा। निस्संदेह, देश ऐसे स्मरण उत्सव का हकदार है, मगर वे चुनावी नजरियों से मुक्त हों।

विपक्ष की दलील है कि जब पश्चिम बंगाल एक महत्वपूर्ण विधानसभा चुनाव की ओर बढ़ रहा है तो इस गीत के प्रसंगवश राजनीतिक लाभ-हानि के तर्क गढ़े जा रहे हैं। संसद में प्रधानमंत्री के संबोधन में वंदे मातरम को एकता के सूत्रधार के रूप में सराहा गया। लेकिन इसके राजनीतिक निहितार्थों पर भी चर्चा हुई। दरअसल, उन्होंने जब भी कांग्रेस की आजादी से पहले और बाद की नीतियों को कटघरे में खड़ा किया या फिर ऐतिहासिक विवादों का नये सिरे से जिक्र किया, तो विपक्ष ने उसे निशाने पर लिया। विपक्षी दलील है कि राष्ट्रीय गीत का सम्मान करने की कवायद में वैचारिक विभाजन को हवा दी जा रही है। कहा गया कि पश्चिम बंगाल, जहां इस गीत का जन्म हुआ, वहां की सांस्कृतिक पहचान राजनीति से जुड़ी रही है। वंदे मातरम एक भावनात्मक प्रतीक है और इसीलिए एक रणनीतिक प्रतीक भी। दरअसल, विपक्ष की नाराजगी राजग सरकार की उस प्रवृत्ति को लेकर है जिसमें वह सांस्कृतिक प्रतीकों को राजनीतिक अखाड़े में बदल रही है। उन्हें आशंका है कि साझी विरासत पर चिंतन के लिये आयोजित विमर्श का उपयोग चुनावी लाभ अर्जित करने के लिये किए जाने का खतरा है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस अपनी जड़ें जमाए हुए है, फिर भी उसे सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ रहा है। संसद में राष्ट्रीय गीत पर चर्चा का ममता बनर्जी द्वारा समर्थन किया जाना दर्शाता है कि वह इस मुद्दे को छोड़ने का इरादा नहीं रखती हैं। विडंबना ही है कि लाखों स्वतंत्रता सेनानियों में ओज भरने वाले गीत के विमर्श में चिंतन की गंभीरता प्रभावित हुई है। निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल आज बेरोजगारी, पलायन और राजनीतिक हिंसा से जूझ रहा है। इसमें दो राय नहीं कि हमारा सांस्कृतिक गौरव आवश्यक है, लेकिन यह सुशासन का विकल्प नहीं हो सकता।

# गिरने वाला गिरे फिक्र किस बात की

अशोक गौतम

है लो बेब्स! जो रुपया गिरकर अपने सबसे निचले स्तर पर आ गया है, घबराने की कोई जरूरत नहीं। हम हैं न! हमने बड़ों-बड़ों का उठा दिया। इसे भी उठा देंगे।

डियर बेब्स! हमने अपने जीवन में इतने गिरते हुए देखे हैं कि अब हम किसी के गिरने को कतई भी गंभीरता से नहीं लेते। हम किसी के गिरने से कतई नहीं घबराते। बल्कि किसी के गिरने पर उसके गिरने का उत्सव मनाते हैं। हम जानते हैं कि तुमने अब घबराना छोड़ दिया है। आखिर आदमी जिंदगी भर कब तक घबराता फिरे? किस किससे घबराता फिरे?

डॉन्ट वरी! जो हमारे रुपये के गिरने को लेकर हाहाकार मचाए हैं उन्हें सिरे से इग्नोर कीजिए। उन्हें हाहाकार मचाने दीजिए। ये वे देशप्रेमी हैं जो सोये-सोये भी देश की सच्ची हालत पर हाहाकार मचाए रहते हैं। इनकी मत सुनिए। ये सब देश के विकास के गतिरोधी हैं। जरा सोचो तो, हमें कौन से अपनी जेब में डॉलर लेकर गोभी, बैंगन, प्याज, टमाटर खरीदने निकलना है? हम तो अपनी जेब में अपना रुपया लेकर ही जाएंगे न भाई साहब! वह उठा हो या गिरा, इससे क्या फर्क पड़ता है? है तो रुपया ही न! अपने तो गिरे हुए भी दूसरों के उठे हुए से हजार दर्जे प्यारे होते हैं जनाब! होने भी चाहिए, जो हममें लेश मात्र भी देशभक्ति हो तो।

वे कौन होते हैं, चीखने-चिल्लाने वाले कि हमारा रुपया रिकॉर्ड गिर रहा है। रुपया हमारा है। वह गिरे तो गिरे। जब हमें ही उसके गिरने का दुःख नहीं, तो वे कौन होते हैं हमारे बिन कहे हमारे दुःख में रोने वाले?

यहां गिरा कौन नहीं? गिरना कुदरत का नियम है। हम ऊपर उठने वाले को ऊपर उठने से तो रोक सकते हैं, पर गिरने वाले को ऊपर कदापि उठा नहीं सकते। गिर कर उठना खुद अपने हाथ में होता है। कोई उसे उठने दे तो। लेकिन समाज में गिरना शाश्वत है। उठना मिथ्या। उठता केवल लोकतंत्र में पूंजीवाद है। यहां सब कुछ गिरनशील है। पेड़ों से पत्ते गिरते हैं। सिर से बाल गिरते हैं। मुंह के दांत गिरते हैं। झरने से पानी गिरता है। गारंटियों से जनसेवक गिरता है। सच से सच्चा पक्का गिरता है। जब चारों ओर सब गिर रहा हो तो इस टके के रुपये के गिरने से भी क्या घबराना? क्यों घबराना? बस, सबकी तरह उसके भी गिरने का आनंद लीजिए। उसके गिरने पर राग मल्हार गाइए। ढोल बजाइए। चिमटा बजाइए। मंजीरा बजाइए। तानपुरा बजाइए। जैसे भी हो, बस, अपने मरणासन्न होने पर भी अपने को स्वस्थ फील कराइए। यही जनधर्म है।

**लेखक के निजी विचार है।**

# मोदी मॉडल का नया अध्याय: संकट में अवसर, पान मसाले से सुरक्षा

## पान मसाला सेस से बनेगा भारत का महामारी-विरोधी कवच
## डिमेरिट गुड्स से पुण्य का धन: स्वास्थ्य से राष्ट्रीय सुरक्षा तक



प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'

कोविड-19 के गहरे जख्मों से दुनिया अभी भी पूरी तरह नहीं उबर पाई है, लेकिन इसी दौर में नरेंद्र मोदी सरकार ने एक ऐसा ऐतिहासिक फैसला लिया है जिसने साबित कर दिया कि भारत अब सिर्फ परिस्थितियों का जवाब नहीं देता–बल्कि आने वाले समय की दिशा तय करता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1 दिसंबर 2025 को लोकसभा में पेश किया गया स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा सेस विधेयक, 2025 इसी दूरदर्शी सोच का सशक्त उदाहरण है। यह विधेयक किसी सामान्य कर सुधार से कहीं अधिक है; यह एक रणनीतिक बदलाव है, जो स्वास्थ्य को राष्ट्रीय सुरक्षा का चौथा स्तंभ घोषित करता है।

पान मसाला जैसे हानिकारक उत्पादों पर 40 प्रतिशत क्षमता-आधारित सेस लागू करके सरकार हर वर्ष करीब छह हजार करोड़ रुपये का एक विशेष कोष तैयार करेगी–एक ऐसा कोष, जो प्रत्यक्ष रूप से महामारी-नियंत्रण, वन हेल्थ मिशन, वैक्सीन उत्पादन और रक्षा-आधुनिकीकरण जैसी अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को सशक्त बनाने में खर्च होगा। यही है मोदी सरकार की नीतिगत सोच का असली दर्शन–सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की जीवंत अभिव्यक्ति–जहाँ समाज को हानि पहुँचाने वाले उत्पादों से प्राप्त कर का उपयोग उन क्षेत्रों को मजबूत करने में किया जाता है, जो राष्ट्र को दीर्घकाल में अधिक सुरक्षित, समर्थ और आत्मनिर्भर बनाते हैं।

मोदी सरकार की सबसे बड़ी शक्ति यही है कि वह हर छोटे-बड़े संकट को भी एक व्यापक राष्ट्रीय अवसर में बदल देने की अद्भुत क्षमता रखती है। कोविड की भयावहता और वैश्विक अराजकता के बीच जब पूरी दुनिया वैक्सीन के लिए बेचैन और असहाय खड़ी थी, तब भारत ने न केवल स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित की बल्कि 200 से अधिक देशों तक जीवनरक्षक टीके पहुँचाकर अपनी मानवीय नेतृत्व-भूमिका को सिद्ध किया। आज वही सरकार उस अमूल्य ऐतिहासिक अनुभव को एक स्थायी, संस्थागत और भविष्य-निर्माण करने वाली संरचना में परिवर्तित कर रही है। यह नया फंड भारत को फ्यूचर-रेडी बनाने की दिशा में उठाया गया सबसे निर्णायक और दूरदर्शी कदम है।

जूनोटिक रोगों की सतत निगरानी, प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियाँ, बायोसेफ्टी लेवल-3 लैब्स का नेटवर्क, और वन हेल्थ मिशन के तहत पशुझ्रमानवझ्रपर्यावरण का समन्वित ढांचा–इन सभी रणनीतिक क्षमताओं को अब स्थायी वित्तीय समर्थन मिलेगा, जिससे इनकी गति कई गुना बढ़ेगी। भारत अब इतनी मजबूत तैयारी कर रहा है कि कोई भी आने वाली महामारी हमें पहले जैसा नुकसान नहीं पहुँचा सकेगी। यह वास्तव में आत्मनिर्भर भारत का स्वास्थ्य संस्करण है–जहाँ हम केवल अपने नागरिकों की सुरक्षा ही नहीं, बल्कि पूरे वैश्विक दक्षिण के लिए एक मार्गदर्शक मॉडल के रूप में उभर रहे हैं।

सबसे प्रशंसनीय है सरकार का यह नैतिक साहस। पान मसाला और गुटखा जैसे हानिकारक उत्पादों को डिमेरिट गुड्स मानकर उनसे ही स्वास्थ्य फंड जुटाने का निर्णय सचमुच एक साहसिक और दूरदर्शी कदम है। यही वही नीति-दृष्टि है जिसने स्वच्छ भारत में प्लास्टिक सेस से स्वच्छता कोष बनाया और पेट्रोल-डीजल पर सेस से आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया। आम आदमी पर एक पैसा अतिरिक्त बोझ नहीं, फिर भी हर साल अरबों रुपये का स्थायी फंड–यही है मोदी सरकार की लक्ष्मी मॉडल अर्थव्यवस्था, जहाँ पाप से पुण्य का धन निकाला जाता है। विपक्ष जितना भी शोर करे, तथ्य स्पष्ट हैं–यूपीए के समय सेस जीडीपी का 7% था, आज 6.1% है; अर्थात कम सेस में अधिक काम, यही सरकार की असली दक्षता है।

राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर यह विधेयक भी एक वास्तविक गेम-चेंजर है। निर्मला सीतारमण ने कारगिल की याद दिलाते हुए सही कहा कि बजट की कमी ने कभी सेना को कमजोर नहीं किया। आज जब युद्ध साइबर, अंतरिक्ष और बायोलॉजिकल हो चुके हैं, स्वास्थ्य सुरक्षा ही रक्षा की पहली और निर्णायक पंक्ति बन चुकी है। इस फंड से ड्रोन-आधारित महामारी निगरानी, सीमा क्षेत्रों में अत्याधुनिक बायोसेफ्टी यूनिट्स और जैव-हथियारों से सुरक्षा की नई तकनीकें विकसित होंगी। ऑपरेशन सिंदूर जैसे मिशनों ने स्पष्ट कर दिया कि स्वास्थ्य और रक्षा अब अलग नहीं रह सकते। मोदी सरकार ने इसे समझते हुए दुनिया के सामने नया सिद्धांत पेश किया है–हेल्थ इज द न्यू डिफेंस।

राज्यों के साथ सहकारी संघवाद भी पूर्ण रूप से चरितार्थ हो रहा है। सेस का 41 प्रतिशत हिस्सा सीधे राज्यों को जाएगा, जिससे केरल हो या उत्तर प्रदेश, हर राज्य अपनी स्थानीय महामारी तैयारी और स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूती से सुदृढ़ कर सकेगा। यह वही मोदी मॉडल है जिसने जीएसटी में राज्यों को रिकॉर्ड स्तर का मुआवजा देकर उनका विश्वास जीता था। आज, जब जीएसटी मुआवजा धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है, तब सरकार ने बिना किसी राज्य को नुकसान पहुँचाए एक नया, स्थायी और भरोसेमंद संसाधन तैयार कर दिया है। यह वास्तव में दूरदर्शी और रणनीतिक वित्तीय प्रबंधन का सर्वोत्तम उदाहरण है।

सबसे महत्वपूर्ण और निर्णायक तथ्य यह है कि स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा सेस विधेयक, 2025 मोदी सरकार का एक और प्रेरक मास्टरस्ट्रोक है। यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि 2047 के विकसित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है–जहाँ कोई वायरस अर्थव्यवस्था को डगमगा नहीं सकेगा, और कोई जैव-हमला देश को कमजोर नहीं कर पाएगा। यह वही भारत है जो न केवल अपनी सुरक्षा करता है, बल्कि वैश्विक मानवता की रक्षा करने की क्षमता भी रखता है। नरेंद्र मोदी और निर्मला सीतारमण को नमन, जिन्होंने पान मसाले की छोटी पुड़िया से भी महामारी सुरक्षा का कवच तैयार कर दिखाया। यही असली नए भारत की ताकत है–संकट में समाधान, आलोचना में आगे बढ़ना, और हमेशा जनहित को सर्वोपरि रखना।

**लेखक के निजी विचार है।**

# शिक्षा संस्थानों में वामपंथियों को बिठा कांग्रेस ने युवाओं को भटकाया: अमित



एजेंसी

**नई दिल्ली :** गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बुधवार को कांग्रेस पर देश के युवा धन को वामपंथी विचारधारा की ओर मोड़ने का आरोप लगाया और कहा कि यह विचार कभी भी देश की प्रकृति और स्वभाव को स्वीकार्य नहीं रहा। वहीं दूसरी ओर उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा को देश की संस्कृति का झंडा बुलंद करने वाला बताते हुए कहा कि किसी कानून में नहीं लिखा कि संगठन के लोग विभिन्न पदों पर नहीं बैठ सकते। गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में चुनाव सुधारों पर हुई चर्चा का उत्तर देते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आरोपों का जवाब दिया। राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि देश के शिक्षा संस्थानों के शीर्ष पदों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के लोगों को बिठाया जा रहा है। अमित शाह ने राहुल गांधी के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री स्वयं आरएसएस से हैं और वे जनादेश से आए हैं, किसी की कृपा से नहीं आए। शाह ने कहा कि वे स्वयं आरएसएस की विचारधारा से हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में सरकार में आने के बाद प्रधानमंत्री ने लोकतांत्रिक ढंग से संस्थानों को परिष्कृत करने का काम किया है।

शाह ने कहा कि 1969 में राष्ट्रपति पद पर अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वांपपंथी दलों से समझौता किया था।

इस समझौते के तहत विभिन्न संवैधानिक पदों और शिक्षा संस्थानों में वामपंथी विचारधारा के लोगों को बिठाया गया। इन्होंने देश का विमर्श बदलने का काम किया और युवाधन को भटकाने का काम किया। वामपंथी विचारधारा देश की प्रकृति और स्वभाव को कभी स्वीकार्य नहीं थी, इसलिए वे लुप्त हो गए।

## अमित शाह ने जज पर महाभियोग चलाने के विपक्ष के कदम की आलोचना की

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि मद्रास हाई कोर्ट के एक जज के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाना आजाद भारत के इतिहास में पहली घटना है।

उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए न्यायपालिका पर अभूतपूर्व दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान शाह ने कहा कि आजादी के बाद यह पहली बार हुआ है कि कोई जज फैसला सुनाए और उसके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाया जाए। वोट बैंक को खुश करने के लिए हाई कोर्ट जज के खिलाफ महाभियोग ला रहे हैं। इन लोगों ने इस पर हस्ताक्षर किए हैं और उद्धव ठाकरे ने भी हस्ताक्षर कर दिया। जजमेंट क्या है?–एक पहाड़ी पर परंपरा के अनुसार सबसे ऊपर दीप जलाने का निर्देश दिया है।

जज के खिलाफ महाभियोग मामले में देश की जनता विपक्ष का साथ नहीं देगी। अमित शाह ने कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर इस तरह के हमले स्वीकार्य नहीं हैं और केवल राजनीतिक लाभ के लिए जजों के खिलाफ कार्रवाई करने की परंपरा शुरू करना लोकतंत्र के लिए घातक होगा।

गृह मंत्री जिस प्रस्ताव का उल्लेख कर रहे थे, वह विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन के 100 से अधिक सांसदों द्वारा दिया गया महाभियोग नोटिस था, जिसमें मद्रास हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन को पद से हटाने की मांग की गई है। विपक्ष का आरोप है कि अदालत का यह आदेश धार्मिक आस्थाओं के बीच विवाद बढ़ा सकता है। न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने हाल ही में तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर के अधिकारियों को पास स्थित दरगाह के समीप दीपस्तंभ पर दीप जलाने की अनुमति देने का निर्देश दिया था।

## राहुल गांधी 17 दिसंबर को जर्मनी में भारतीय समुदाय से करेंगे मुलाकात

एजेंसी



**नई दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 15 से 20 दिसंबर तक यूरोपीय देश जर्मनी की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह 17 दिसंबर को राजधानी बर्लिन में भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात करेंगे। इस बैठक में उनके साथ भारतीय ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा भी मौजूद रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष की इस विदेश यात्रा को लेकर नाराजगी जाहिर की है। संसद का सत्र 19 दिसंबर तक चलेगा। कांग्रेस ने बताया कि इस दौरान राहुल गांधी भारतीय समुदाय के लोगों के साथ पार्टी को मजबूत बनाने, एनआरआई मुद्दों और भारतीय ओवरसीज कांग्रेस की भूमिका बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे।

भाजपा ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष की इस यात्रा को लेकर नाराजगी जाहिर की। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी ने फिर साबित कर दिया कि एलओपी यानी लीडर ऑफ पॉलिटिक्स का मतलब उनके लिए 'लीडर ऑफ टूरिज्म' और 'लीडर ऑफ पार्टीईंग' है। राहुल गांधी गैर-गंभीर राजनेता हैं और हमेशा छुट्टियों के मूड में रहते हैं। उन्होंने कहा कि संसद सत्र के बीच विदेश यात्रा उनके गंभीर राजनीति के प्रति नजरिए को दिखाती है।

## मप्र: भीषण सड़क हादसे में मुरैना बम स्क्वॉड के 4 जवानों की जान गई, एक अन्य गंभीर रूप से घायल

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के सागर जिले में मंगलवार तड़के करीब 4 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाँदरी और मालथौन के बीच भीषण सड़क हादसे में मुरैना बम डिस्पोजल एवं डॉग स्क्वॉड के चार जवानों की जान चली गई। एक अन्य जवान गंभीर रूप से घायल है, जिसका भोपाल में इलाज जारी है। दुर्घटना में पुलिस वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मुरैना से विशेष ड्यूटी पर निकली बम डिस्पोजल एवं डॉग स्क्वॉड की टीम का वाहन सागर की ओर जा रहा था। तड़के घना अंधेरा और हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के बीच यह पुलिस वाहन सामने से आ रहे एक कंटेनर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पुलिस वाहन




के परखच्चे उड़ गए और चार जवानों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और प्रशासन को दी। बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर घायल जवान को वाहन से निकालकर तत्काल उपचार के लिए भेजा।

हादसे में जिन जवानों की जान गई है उनमें आरक्षक प्रद्युमन दीक्षित (निवासी मुरैना), आरक्षक अमन कौरव (मुरैना), चालक परमलाल तोमर (मुरैना) और डॉग मास्टर विनोद शर्मा (निवासी भिंड) शामिल हैं। हादसे में घायल आरक्षक राजीव चौहान की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उन्हें प्रारंभिक उपचार के बाद भोपाल के बंसल अस्पताल रेफर किया गया। दुर्घटना के समय वाहन में मौजूद डॉग स्क्वॉड का प्रशिक्षित डॉग पूरी तरह सुरक्षित है।

स्थानीय पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि तेज रफ्तार या अचानक सामने से आए वाहन के कारण पुलिस कार अनियंत्रित हुई और कंटेनर से जा टकराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और कंटेनर के चालक की तलाश की जा रही है। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही सागर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और फोरेंसिक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। हाईवे पर कुछ समय के लिए ट्रैफिक भी रोकना पड़ा।

## संघ की 100वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना पर नई दिल्ली में विमर्श

एजेंसी



**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर गुरुवार (11 दिसम्बर) को दोपहर 12:30 बजे यहां के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के समवेत सभागार में हिन्दुस्थान समाचार की ओर से सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना और संघ विषयक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश में सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना को जागृत करना और संघ के योगदान को लोगों के सामने लाना है।

कार्यक्रम संयोजक हिन्दुस्थान समाचार के क्षेत्रीय सम्पादक डॉ. राजेश तिवारी ने बुधवार को बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता होंगी। अध्यक्षता हिन्दुस्थान समाचार के समूह सम्पादक एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के अध्यक्ष रामबहादुर राय करेंगे। हिन्दुस्थान समाचार समूह के अध्यक्ष अरविन्द भालचंद्र मार्डीकर की विशेष उपस्थिति रहेगी। डॉ. तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार आधुनिक समाज में सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व पर अपने विचार साझा करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि सामाजिक जागरूकता और युवाओं में नेतृत्व क्षमता बढ़ाने पर प्रकाश डालेंगी। वहीं, इस्कॉन बेंगलुरु के उपाध्यक्ष भरतर्षभ दास कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. तिवारी ने कहा कि संघ की शताब्दी यात्रा संघर्ष, सेवा, समर्पण, संगठन और संस्कारों से भरी रही है। संघ का मानना है कि भारत की संस्कृति में निहित तत्व ही राष्ट्र निर्माण के लिए पर्याप्त हैं।

## बिना ट्रैफिक रोके पहली बार हो रहा है स्टेशन पुनर्विकास : रेल मंत्री

एजेंसी



**नई दिल्ली :** रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं से जुड़े प्रश्नों पर लोकसभा में चर्चा के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि स्टेशन पुनर्विकास अत्यंत जटिल प्रक्रिया है, जिसमें ट्रैफिक रोके बिना बड़े स्तर पर निर्माण कार्य करना शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आजादी के बाद पहली बार इस तरह का व्यापक स्टेशन रीडेवलपमेंट कार्य हाथ में लिया गया है।

उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्य धर्मेंद्र यादव द्वारा पूछे गए प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि देश में स्टेशन विकास एक नई तरह की चुनौती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि चंडीगढ़ जैसे स्टेशनों पर भारी निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन ट्रैफिक को बंद नहीं किया गया। जबकि कई देशों में स्टेशन पुनर्विकास के दौरान तीन-चार वर्षों तक ट्रैफिक रोक दिया जाता है, परंतु भारत में भारी यातायात के चलते ऐसा संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां मैसिव ट्रैफिक और मूवमेंट के बीच सेफ्टी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रीडेवलपमेंट का काम किया जा रहा है। यह नया अनुभव है और पहली बार इतने बड़े पैमाने पर ऐसा कार्य हो रहा है, इसलिए सभी सुझावों का स्वागत है। सांसदों से किसी भी सुधार के सुझाव पर हम तुरंत कार्रवाई करेंगे। इस दौरान केरल के एनार्कुलम से कांग्रेस सांसद हैबी ईडन के प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि स्टेशनों से जुड़े सभी परिवहन मोड–बस, मेट्रो और अन्य को स्टेशन डिजाइन में एकीकृत करना अमृत भारत स्टेशन योजना का मुख्य सिद्धांत है।

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल आम चुनाव में हिस्सा लेने के लिए 100 दलों ने निर्वाचन आयोग में कराया पंजीकरण

**काठमांडू :** नेपाल में अगले साल 5 मार्च को होने वाले संसदीय चुनावों में हिस्सा लेने के लिए कुल 100 राजनीतिक दलों ने निर्वाचन आयोग में आवेदन दायर किया है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि पंजीकरण की अंतिम तिथि समाप्त होने तक कुल 100 दलों ने आवेदन जमा किए। आवेदक दलों में संयुक्त चुनाव चिन्ह प्रयोग करने वाले दल और अपने अलग-अलग चुनाव चिन्ह वाले दल दोनों शामिल हैं। आयोग ने कहा कि आवश्यक समीक्षा प्रक्रिया पूरा करने के बाद 12 दिसंबर तक इन आवेदनों को अंतिम रूप देकर स्वीकृत किया जाएगा। आयोग की चुनाव समयसीमा के अनुसार दलों को 28 और 29 दिसंबर को आनुपातिक प्रणाली के लिए अपनी बंद सूची जमा करनी होगी। सत्यापन के बाद 18 जनवरी को प्रारंभिक सूची प्रकाशित की जाएगी, जबकि आपत्तियों, दावों और आवश्यक जाँच के बाद अंतिम सूची 3 फरवरी को जारी होगी। प्रतिनिधि सभा की कुल 275 सीटों में से 165 सदस्य प्रत्यक्ष प्रणाली से चुने जाएंगे, जबकि शेष 110 सदस्य समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के माध्यम से चयनित होंगे।

### दीपावली का यूनेस्को की धरोहर में शामिल होना हर भारतीय के लिए गौरव : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रकाश के उत्सव दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किए जाने को प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि हमारी हजारों वर्ष पुरानी सनातन परंपराओं की दिव्यता और सार्वभौमिकता को सर्वोच्च वैश्विक मंच पर मान्यता मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान दीपावली के प्रकाश, सद्भाव और मयार्दा जैसे शाश्वत मूल्यों की वैश्विक स्वीकृति का प्रतीक है। दीपावली केवल एक उत्सव नहीं, अपितु वह आध्यात्मिक आलोक है जो सदियों से मानवता को सत्य, आशा और नैतिकता के पथ पर अग्रसर करता आया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस ऐतिहासिक निर्णय का पूरे हर्ष के साथ स्वागत करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकास भी, विरासत भी' के संकल्प को यह उपलब्धि और सशक्त बनाती है। योग, कुंभ, दुर्गा पूजा और गरबा जैसी हमारी सांस्कृतिक धरोहरों के बाद अब दीपावली को मिली यह वैश्विक मान्यता हमारी सांस्कृतिक यात्रा को और उज्ज्वल करती है। उन्होने यूनेस्को और हर उस परिवार, कारीगर और भक्त के प्रति कृतज्ञता, जिन्होंने प्रेम और निरंतरता के साथ इस परंपरा का पोषण किया है।

### दिल्ली मेट्रो में महिलाओं, बालिकाओं के स्वास्थ्य कल्याण पर एक माह का अभियान शुरू

**नई दिल्ली :** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से बुधवार को सुल्तानपुर मेट्रो स्टेशन से महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य व कल्याण पर केंद्रित एक माह लंबा दिल्ली मेट्रो अभियान शुरू किया। यह अभियान 10 जनवरी तक चलेगा। यह अभियान दिल्ली मेट्रो में यात्रा करने वाली महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य सहायता, डिजिटल डिवाइड को कम करने, पीसी एंड पीएनडीटी तथा टीबी जैसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाएगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलीला श्रीवास्तव ने कहा कि कोई भी परिवार या राष्ट्र तब तक प्रगति नहीं कर सकता, जब तक उसकी महिलाएं स्वस्थ न हों। यह अभियान एक सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए हम यह संदेश सीधे जनता तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने बताया कि टीबी जागरूकता, डिजिटल डिवाइड को कम करने और पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम, 1994 से जुड़े संदेश मेट्रो कोचों के अंदर और बाहर प्रदर्शित किए गए हैं। लिंग निर्धारण और चयन के लिए नई तकनीकों के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि पहले लोग अल्ट्रासाउंड पर निर्भर थे, अब नई तकनीकें भी सामने आ रही हैं। इन गैरकानूनी प्रथाओं को रोकना होगा और लोगों को जागरूक करना होगा। इस अवसर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र की अधिकारी प्रभारी डॉ. कैथरीना बोहमे ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं का स्वास्थ्य विशेषकर मानसिक स्वास्थ्य पूरे समाज की भलाई के लिए अनिवार्य है।

### तेलंगाना पंचायत चुनाव: मतदान की सभी तैयारियां पूरी, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**हैदराबाद :** तेलंगाना में पंचायत चुनावों को लेकर गुरुवार को होने वाले मतदान की सभी तैयारियां री कर ली गई हैं। चुनाव आयोग के निर्देश पर पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं, जिससे कि मतदान की प्रक्रिया सुचारू और निष्पक्ष संपन्न हो सके। राज्य चुनाव आयोग की आयुक्त रानीकुमुदिनी ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में बताया कि सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मतदान खत्म होते ही मतगणना शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान अब तक 8.2 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 50 हजार सिविल पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, जबकि 60 प्लाटून अतिरिक्त बल तैनाती के लिए बुलाए गए हैं।चुनाव आयुक्त के अनुसार, पहले चरण में 395 और दूसरे चरण में 495 ग्राम पंचायतों में सर्वसम्मति से सरपंच चुने जा चुके हैं। नियमों के मुताबिक, यदि कोई ग्राम पंचायत बिना मतदान के सर्वसम्मति से सरपंच चुनती है, तो उसे राज्य सरकार की ओर से प्रोत्साहन राशि के रूप में 5,000 से कम आबादी वाले गांव को 10 लाख रुपये और 5,000 से अधिक आबादी वाले गांव को 15 लाख रुपये दी जाती है। हालांकि, यदि चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है, तो आयोग मतदान रोकने का अधिकार रखता है।राज्य चुनाव आयोग ने ऐसे सर्वसम्मति चुनावों की कड़ी निगरानी की बात कही है।

# भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के लिए अमेरिकी दल दिल्ली में : पीयूष गोयल

### ओमान और न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर अंतिम चरण में है वार्ता

एजेंसी



**नई दिल्ली/जयपुर :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि अमेरिका के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत आगे बढ़ रही है। टैरिफ मुद्दों पर बातचीत के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर है। अमेरिका के ट्रेड पर नवनियुक्त डिप्टी ट्रेड प्रतिनिधि एंबेसडर रिक स्विट्जर इसका प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने यहां प्रवासी राजस्थानी दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता को लेकर उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत अच्छी तरह आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सभी समझौते के कई अलग-अलग एंगल हैं, जिसमे कई डॉट्स जुड़े हैं। इसके साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि दक्षिण अमेरिकी देश चिली के साथ भी व्यापार समझौते के लिए बातचीत भी जल्द ही पूरी हो जाएगी।पीयूष गोयल ने कहा कि ओमान और न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के लिए बातचीत अपने अंतिम चरण में है और दोनों के जल्द ही संपन्न होने की उम्मीद है।

## ऑस्ट्रेलिया में अहम कानून: 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए फेसबुक व इंस्टा के इस्तेमाल पर पाबंदी

एजेंसी




**कैनबरा:** ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल पर बुधवार से पाबंदी प्रभावी हो गई है। फेसबुक और इंस्टा सहित ऐसे 10 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ब्लॉक किए गए हैं। इससे पहले मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने नये कानून को समर्थन के लिए राज्यों और स्थानीय नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि इससे बचपन को सुरक्षित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इस सुधार के प्रभावी बनाने के लिए आगे कुछ बदलाव की जरूरत हो सकती है।प्रधानमंत्री अल्बनीज का कहना है कि बच्चों परे सोशल मीडिया के नकारात्मक असर को रोकने के लिए कदम उठाना जरूरी था।इससे बच्चों के स्वास्थ्य और उनके मानसिक विकास पर बुरा असर पड़ रहा था। उनके एक्स हैंडल पर जारी वीडियो संदेश में उन्होंने इसे एतिहासिक बताते हुए कहा कि यह वह दिन है जब ऑस्ट्रेलियाई परिवार प्रौद्योगिकी कंपनियों से एकाधिकार वापस लेकर अपने बच्चों के बचपन को सुरक्षित कर रहे हैं।नवंबर, 2024 में फेडरल पार्लियामेंट में पास हुए कानूनों के तहत कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को 16 साल से कम उम्र के बच्चों को अकाउंट बनाने से रोकने के लिए अनिवार्य रूप से उचित कदम उठाने होंगे।शुरूआत में जिन 10 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पाबंदी लगाई गई है उनमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, थ्रेड्स, टिकटॉक, एक्स शामिल हैं। जरूरत पड़ने पर पाबंदी वाले सोशल साइट्स की संख्या बढ़ाई जा सकती है। प्रतिबंधों का उल्लंघन करने पर न तो बच्चे और न ही उनके माता-पिता को सजा दी जाएगी।

# विराट कोहली वनडे रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे, रोहित शर्मा शीर्ष पर बरकरार

एजेंसी




**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट टीम के वरिष्ठ बल्लेबाज विराट कोहली एक बार फिर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ वनडे बल्लेबाज बनने की ओर मजबूती से बढ़ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी ताजा मेंस वनडे प्लेयर रैंकिंग में कोहली ने दो स्थान की छलांग लगाते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया है, जबकि रोहित शर्मा नंबर-1 की कुर्सी पर बने हुए हैं।

कोहली ने पाकिस्तान के बाबर आजम के हाथों अप्रैल 2021 में वनडे बल्लेबाजों की नंबर-1 रैंकिंग गंवाई थी, लेकिन अब वह एक बार फिर शीर्ष स्थान के बेहद करीब पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद कोहली को रैंकिंग में बड़ा फायदा मिला। 37 वर्षीय कोहली ने सीरीज में कुल 302 रन बनाए और उन्हें ह्यप्लेयर ऑफ द सीरीजह्न चुना गया।

सीरीज के आखिरी मुकाबले में विशाखापत्तनम में खेली गई नाबाद 65 रन की पारी के दम पर कोहली अब रोहित शर्मा से सिर्फ आठ रेटिंग अंकों पीछे हैं। वहीं रोहित शर्मा ने सीरीज में 146 रन बनाकर अपनी नंबर-1 पोजिशन बरकरार रखी। रोहित के 781 रेटिंग अंक हैं, जबकि कोहली के 773 रेटिंग अंक हैं।

भारतीय टीम अब 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी, जहां कोहली और रोहित के बीच नंबर-1 स्थान की रेस पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी।

भारतीय टीम के अन्य खिलाड़ियों को भी ताजा रैंकिंग में फायदा हुआ है। विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल दो स्थान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग लगाकर तीसरे नंबर पर पहुंच गए, जो इस सूची में सबसे बड़ा फायदा है। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने भी रैंकिंग में सुधार किया है। क्विंटन डी कॉक 13वें, एडेन मार्कराम 25वें और टेम्बा बावुमा 37वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सीरीज भारत ने 2-1 से अपने नाम की थी। टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भी बदलाव देखने को मिला है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सीरीज के पहले मैच के बाद प्रोटियाज के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस तीन स्थान ऊपर चढ़कर आठवें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं भारत के गेंदबाजों में अक्षर पटेल 13वें, अर्शदीप सिंह 20वें और जसप्रीत बुमराह 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

गेंदबाजों की टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने जबरदस्त छलांग लगाई है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो एशेज टेस्ट में लगातार ह्यप्लेयर ऑफ द मैचह्न प्रदर्शन के दम पर स्टार्क तीन स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इन दो मैचों में कुल 18 विकेट झटके हैं और करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है।

इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान फिसलकर चौथे नंबर पर आ गए हैं, जबकि केन विलियमसन दूसरे और स्टीव स्मिथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। जो रूट अब भी टेस्ट बल्लेबाजों में नंबर-1 बने हुए हैं।न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच क्राइस्टचर्च में खेला गया पहला टेस्ट ड्रॉ रहा, लेकिन दोनों टीमों के खिलाड़ियों को रैंकिंग में फायदा हुआ। न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र ने नौ स्थान की छलांग लगाकर 15वां स्थान हासिल किया, जबकि टॉम लैथम छह स्थान ऊपर चढ़कर 34वें नंबर पर पहुंच गए।

## संक्षिप्त खबरें

### एडिलेड टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में पैट कमिंस की वापसी

**एडिलेड :** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस की तीसरे एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी हो गई है। यह टेस्ट 17 दिसंबर से एडिलेड ओवल में खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें कमिंस की वापसी ही एकमात्र नया बदलाव है। पैट कमिंस ने पीठ के निचले हिस्से (लंबर बैक स्ट्रेस) में चोट के कारण एशेज सीरीज के शुरूआती दो टेस्ट नहीं खेले थे। उन्होंने आखिरी बार जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ सबीना पार्क में खेले गए तीसरे टेस्ट में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेला था। कमिंस पिछले हफ्ते गाबा टेस्ट के लिए चयन के काफी करीब थे, क्योंकि उनकी रिकवरी उम्मीद से तेज रही थी। हालांकि, टीम प्रबंधन ने उन्हें पूरी तरह तैयार करने के लिए मैच सिमुलेशन के तहत कई स्पेल्स गेंदबाजी करवाने का निर्णय लिया। मुख्य कोच एंड्र्यू मैकडॉनल्ड ने कहा,ह्लवह हमारी उम्मीद से काफी आगे थे और ब्रिस्बेन टेस्ट के लिए उनके चयन पर गंभीर चर्चा हुई थी। अब हम मानते हैं कि एडिलेड की चुनौती के लिए वह पूरी तरह तैयार होंगे। नेट्स में किए गए सिमुलेशन से उनकी स्किल्स भी तैयार हैं और उनका शरीर खेलने के लिए फिट है। अगर अगले एक हफ्ते में कुछ अप्रत्याशित नहीं होता, तो मुझे उम्मीद है कि पैट कप्तान के तौर पर टॉस करते और ब्लेजर पहनते दिखेंगे।

### कॉमनवेल्थ खो-खो चैंपियनशिप का पहला संस्करण अगले साल 9 मार्च से, भारत करेगा मेजबानी



**नई दिल्ली :** भारत वर्ष 2026 में पहली बार कॉमनवेल्थ खो-खो चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। यह ऐतिहासिक प्रतियोगिता 9 मार्च से 14 मार्च, 2026 तक आयोजित की जाएगी। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने इस आयोजन को भारत में कराने की औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रतियोगिता में 24 से अधिक कॉमनवेल्थ देशों की भागीदारी की संभावना है। प्रतिभागी देश यूरोप, अफ्रीका, एशिया, ओशिनिया और अमेरिका–इन पांचों महाद्वीपों से होंगे, जिससे यह चैंपियनशिप वैश्विक स्तर पर व्यापक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेगी। उल्लेखनीय है कि कॉमनवेल्थ 56 स्वतंत्र देशों का संघ है, जिनकी संयुक्त जनसंख्या लगभग 2.7 बिलियन है। इस चैंपियनशिप को भारत में पारंपरिक खेल खो-खो के विकास की दिशा में एक अहम मील का पत्थर माना जा रहा है। यह आयोजन इसी वर्ष जनवरी में नई दिल्ली में सफलतापूर्वक आयोजित प्रथम खो-खो विश्व कप के बाद सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट होगा। उस विश्व कप में छह महाद्वीपों के 23 देशों ने हिस्सा लिया था, जिसमें 20 पुरुष और 19 महिला टीमों ने प्रतिस्पर्धा की थी। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव उपकार सिंह विरक ने एक बयान में कहा, ह्लहम आयोजन स्थल के चयन को लेकर कई राज्यों के साथ चर्चा कर रहे हैं और शीघ्र ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। 2030 के कॉमनवेल्थ खेलों के संभावित मेजबान अहमदाबाद से पहले, हमें विश्वास है कि यह चैंपियनशिप खो-खो को दोहा एशियन गेम्स 2030, कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 और ब्रिस्बेन ओलंपिक 2032 जैसे वैश्विक मंचों पर शामिल कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## पुरुष और महिला बॉक्सिंग नेशनल्स 31 दिसंबर से, ग्रेटर नोएडा करेगा मेजबानी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय बॉक्सिंग के इतिहास में पहली बार सीनियर एलीट पुरुष और महिला राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन एक साथ किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 31 दिसंबर से 6 जनवरी 2026 तक गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा में होगी। इस आयोजन में देशभर के शीर्ष पुरुष और महिला बॉक्सर एक ही मंच पर प्रतिस्पर्धा करते नजर आएंगे। पुरुष वर्ग में सर्विसेज की टीम डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में उतरेगी, जबकि महिला वर्ग में रेलवे की टीम अपने खिताब की रक्षा करने की कोशिश करेगी। प्रतियोगिता का आधिकारिक ड्रॉ 30 दिसंबर को निकाला जाएगा, जिसके साथ ही भारत के अगले हाई-परफॉर्मेंस साइकिल की शुरूआत होगी। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि देशभर की यूनिट्स पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 10-10 वजन श्रेणियों में भाग लेंगी। प्रत्येक यूनिट को हर वजन वर्ग में केवल एक बॉक्सर उतारने की अनुमति होगी और किसी भी श्रेणी में रिजर्व खिलाड़ी नहीं रखे जा सकेंगे। प्रतियोगिता में वही बॉक्सर भाग ले सकेंगे जिनका जन्म 1 जनवरी 1985 से 31 दिसंबर 2006 के बीच हुआ हो। जिसमें तीन-तीन मिनट के तीन राउंड होंगे। राउंड्स के बीच एक मिनट का विश्राम रहेगा और मुकाबलों का फैसला 10-प्वाइंट मस्ट स्कोरिंग सिस्टम के आधार पर किया जाएगा।

## मेजर लीग सॉकर : लगातार दूसरी बार मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर बने लियोनेल मेसी

एजेंसी




**मियामी :** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने लगातार दूसरी बार मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) का मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर (एमवीपी) अवॉर्ड जीत लिया है। इंटर मियामी को एमएलएस खिताब दिलाने और लीग में सबसे ज्यादा गोल करने के शानदार प्रदर्शन के चलते मेसी को मंगलवार को यह सम्मान दिया गया। 38 वर्षीय मेसी लगातार दो बार एमएलएस एमवीपी बनने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इसके साथ ही वह एमएलएस इतिहास में दो बार एमवीपी जीतने वाले केवल दूसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले यह उपलब्धि केवल प्रेकी ने हासिल की थी, जिन्होंने 1997 और 2003 में यह पुरस्कार जीता था। मेसी ने इस सीजन के नियमित मुकाबलों में 29 गोल दागे और 19 गोल असिस्ट कर एमएलएस गोल्डन बूट अपने नाम किया। वह नियमित सत्र में गोल और असिस्ट दोनों में लीग का नेतृत्व करने वाले भी केवल दूसरे खिलाड़ी बने। इससे पहले यह कारनामा 2015 में टोरंटो एफसी के सेबास्टियन जियोविन्को ने किया था। अक्टूबर में इंटर मियामी के साथ तीन साल का अनुबंध विस्तार करने वाले मेसी ने एमएलएस प्लेऑफ में भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने प्लेऑफ में 6 गोल किए और 9 असिस्ट दिए। पिछले सप्ताहांत खेले गए फाइनल में इंटर मियामी ने वैंकूवर को 3-1 से हराकर अपना पहला एमएलएस कप खिताब जीता। इस मुकाबले में मेसी ने दो महत्वपूर्ण असिस्ट किए और उन्हें एमएलएस कप एमवीपी भी चुना गया। यह पुरस्कार मेसी के पहले से भरे-पूरे ट्रॉफी कैबिनेट में एक और उपलब्धि जोड़ता है। उनके नाम रिकॉर्ड आठ बैलन डीह्लऑर, तीन फीफा मेन्स बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड, दो फीफा वर्ल्ड कप गोल्डन बॉल, तीन यूएफा मेन्स प्लेयर ऑफ द ईयर, छह यूरोपियन गोल्डन शू, छह ला लीगा बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड और 15 बार अर्जेंटीना फुटबॉलर ऑफ द ईयर जैसे सम्मान दर्ज हैं।

व्यापार

## भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के लिए यूएस डेलीगेशन का भारत दौरा आज से

**नई दिल्ली :**भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर एक बार फिर बातचीत का नया दौर बुधवार से शुरू होगा। टैरिफ मुद्दों पर बातचीत करने के लिए अमेरिकी डेलीगेशन नई दिल्ली के दो दिवसीय दौरे पर आज पहुंचने वाला है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अमेरिका के ट्रेड पर नवनियुक्त डिप्टी ट्रेड प्रतिनिधि एंबेसडर रिक स्विट्जर का दो दिवसीय भारत दौरा आज से शुरू हो रहा है। यह डेलिगेशन इस दौरान भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेगा। भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित इस समझौते के लिए अमेरिका के मुख्य वातार्कार साउथ और सेंट्रल एशिया के लिए असिस्टेंट यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव ब्रेंडन लिंच हैं, जो भारत के मुख्य वातार्कार और वाणिज्य विभाग में संयुक्त सचिव दर्पण जैन के साथ चर्चा करेंगे। अमेरिकी उप व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) रिक स्वित्जर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली में 10 और 11 तारीख को ट्रेड से जुड़े सभी मुद्दों पर बातचीत करेगा। दोनों देशा के बीच इस समझौते का लक्ष्य साल 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 अरब अमेरिकी डॉलर से दोगुना करके 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका वित?त वर्ष 2024-25 में लगातार चौथे वर्ष भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना हआ है।

## लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 275 अंक टूटा, निफ्टी में 82 अंक की गिरावट

एजेंसी



**नई दिल्ली :** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। निजी बैंकों और आईटी शेयरों में बिकवाली के बीच दोनों प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 275 अंक टूटा, जबकि निफ्टी में 82 अंक की गिरावट रही। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 275.01 अंक यानी 0.32 फीसदी टूटकर 84,391.27 के स?तर पर बंद हुआ है। यह 11 नवंबर के बाद इसका सबसे निचला स्तर है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 85,020.34 के ऊपरी और 84,313.62 के निचले स्तर को छुआ। नेशनल स?टॉक एक?सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी अंतिम घंटे की बिकवाली के दबाव में 81.65 अंक यानी 0.32 फीसदी गिरकर 25,758 अंक पर बंद हुआ है।

बाजार में कारोबार के आखिरी घंटों में उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं, निजी बैंक और आईटी शेयरों में हुई बिकवाली ने शुरूआती बढ़त को खत्म कर दिया, जिससे सेंसेक्स एवं निफ्टी एक महीने के निचले स्तर पर बंद हुए। सेंसेक्स के शेयरों में इटर्नल, ट्रेंट, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर गिरावट में रहे। हालांकि टाटा स्टील, सन फार्मास्यूटिकल्स, आईटीसी, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावरग्रिड और एशियन पेंट्स के शेयरों में बढ़त रही। इसके अलावा एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्केई, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी गिरावट में बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग हरे निशान में था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल 0.03 फीसदी फिसलकर 61.92 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुझान और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच भारतीयद मुद्रा रुपया नौ पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.96 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

## लगातार दूसरे दिन सस्ता हुआ सोना, चांदी की बढ़ी चमक

**नई दिल्ली :** अमेरिकी फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) की मॉनेटरी पॉलिसी का ऐलान होने के पहले अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। इस उतार-चढ़ाव का असर घरेलू सरार्फा बाजार में भी साफ-साफ नजर आ रहा है। सरार्फा बाजार में सोना आज लगातार दूसरे दिन मामूली गिरावट का शिकार हो गया। चांदी की कीमत में लगातार दूसरे दिन इजाफा हो गया। चेन्नई सरार्फा बाजार में आज सोना सबसे ऊंचे भाव पर बना हुआ है। सरार्फा बाजार में आज की गिरावट के कारण देश के सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,29,430 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,30,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,18,640 रुपये से लेकर 1,19,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसके अलावा 18 कैरेट सोना 97,070 रुपये से लेकर 99,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है।

## एडीबी ने 2025-26 के लिए भारत का आर्थिक वृद्धि दर अनुमान बढ़ाकर 7.2 फीसदी किया




**नई दिल्ली :** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 पीसदी से बढ़ाकर 7.2 फीसदी कर दिया। इसकी मुख?य वजह हाल में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से घरेलू खपत को मिली मजबूती है। एशियाई विकास बैंक ने दिसंबर के लिए जारी एशिया विकास परिदृश्य रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष वर्ष 2025-26 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के अनुमान को बढ़ाकर 7.2 फीसदी कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी, जो पिछली छह तिमाहियों में सबसे ज?यादा है, जबकि पहली तिमाही में यह 7.8 फीसदी रही थी। इस तरह चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में भारत आठ फीसदी की वृद्धि दर हासिल कर चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक यह मजबूत वृद्धि आपूर्ति पक्ष में विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के मजबूत विस्तार और मांग पक्ष में खपत एवं निवेश की वृद्धि की वजह से हुई है। एडीबी की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की यह तेज रफ्तार एशिया को भी तेजी से बढ़ने में मदद करेगी, जो इस साल 4.8 फीसदी के पिछले अनुमान के मुकाबले अब 5.1 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। हालांकि, इस बहुपक्षीय विकास बैंक ने आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.5 पीसदी पर बरकरार रखा है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने पिछले हफ्ते ही चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए (जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को 6.8 फीसदी से बढ़ाकर 7.3 फीसदी कर दिया था। इससे एक दिन पहले वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने चालू वित?त वर्ष के लिए भारत की (जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को 6.9 फीसदी से बढ़ाकर 7.4 फीसदी कर दिया था।

## देश के लिए मॉडल मार्केट: सूरत की अत्याधुनिक एलिवेटेड मार्केट तैयार, 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री करेंगे लोकार्पण

एजेंसी



**सूरत :** खेतीबाड़ी उत्पन्न बाजार समिति (एपीएमसी) ने गुजरात ही नहीं बल्कि पूरे देश में इतिहास रचते हुए सबसे बड़ी और अत्याधुनिक एलिवेटेड मार्केट तैयार की है, जिसका लोकार्पण 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के हाथों किया जाएगा।

सामान्यतः सब्जी मार्केट ग्राउंड फ्लोर पर होती है लेकिन सूरत में जमीन की कमी और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर को ध्यान में रखते हुए पहली बार पूरा सब्जी बाजार पहली मंजिल पर तैयार किया गया है।

100 फुट चौड़ा रैंप- ट्रक और टेंपो सीधे पहली मंज़िल तक मार्केट की सबसे खास बात इसकी अनोखी डिजाइन है। एयरपोर्ट की तर्ज पर यहां 100 फुट चौड़ा विशेष रैंप बनाया गया है, जिससे भारी वाहन-ट्रक, टेंपो- सीधे पहली मंज़िल पर दुकानों के सामने पहुंच सकते हैं।परंपरागत मार्केट में माल उतारने-चढ़ाने में समय बर्बाद होता था और ट्रैफिक की समस्या भारी पड़ती थी, लेकिन इस नई सुविधा से किसान और व्यापारी अपना माल सीधे दुकान के दरवाजे पर उतार सकेंगे। इससे समय और मेहनत दोनों की भारी बचत होगी।भारत के कृषि मार्केट सेक्टर में यह इंफ्रास्ट्रक्चर एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। 108 हाई-टेक दुकानें, गोदाम और दो-दो ऑफिस–पूरी तरह बिजनेस फ्रेंडलीनई एलिवेटेड मार्केट में कुल 108 बड़ी दुकानें बनाई गई हैं। हर दुकान के साथ–बड़ा गोदाम,दो ऑफिस और बाहर माल रखने की पर्याप्त जगह जैसी सुविधाएं दी गई हैं ताकि हाजिरी, बोली और व्यापार प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के हो सके। 15 राज्यों से जुड़ा व्यापार, 3700 करोड़ रुपये का वार्षिक टर्नओवरसूरत एपीएमसी आज गुजरात की सीमाओं से बाहर निकलकर देश भर में बड़ा ट्रेडिंग हब बन चुकी है। देश के 15 राज्यों से व्यापारी यहां सब्जी और फल बेचने आते हैं। हर दिन करीब 15,000 किसान व्यापारीह्नफेरियाओं की आवाजाही रहती है।

इसका वार्षिक टर्नओवर 3700 करोड़ रुपये है, जो पूरे गुजरात में एपीएमसी में सबसे अधिक है। यह मार्केट राज्य के अर्थतंत्र में बड़ा योगदान दे रही है। सब्जी मार्केट में निकलने वाले खराब सब्जी और कचरे के निस्तारण के लिए मार्केट में बायोगैस प्लांट बनाया गया है। इसमें बेकार सब्जियां और कचरे को डालकर सीएनजी गैस तैयार की जाती है।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह बेहद मजबूत और सराहनीय पहल है। सूरत एपीएमसी के चेयरमैन और विधायक संदीप देसाई ने कहा कि सूरत एपीएमसी गुजरात की सबसे अधिक टर्नओवर वाली मार्केट है।

## श्रम और रोजगार मंत्रालय ने माइक्रोसॉफ्ट के साथ किया अहम समझौता

एजेंसी

**नई दिल्ली:** श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्या नडेला की मौजूदगी में माइक्रोसॉफ्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। ये समझौता रोजगार लिंकेज को बढ़ाने और एआई आधारित स्किलिंग बढ़ाने के लिए किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यहां केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मांडविया और माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ नडेला की मौजूदगी में माइक्रोसॉफ्ट के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सहयोग रोजगार लिंकेज को बढ़ाने, एआई आधारित स्किलिंग बढ़ाने और भारत के कर्मचारियों को वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इस साझेदारी की एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि माइक्रोसॉफ्ट अपने बड़े अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से 15 हजार से अधिक कंपनियों और पार्टनर्स को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए काम करेगा। ये सहयोग रोजगार के अवसरों को बढ़ाने, एआई आधारित स्किलिंग (कौशल विकास) को बड़े स्तर पर ले जाने और भारत के कार्यबल को वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। डॉ. मांडविया ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ नडेला के साथ अच्छी बातचीत हुई। हम डिजिटल आर्किटेक्चर को मजबूत करने के लिए भारत के साथ पार्टनरशिप करने के माइक्रोसॉफ्ट के कमिटमेंट का स्वागत करते हैं।

# अंतरिक्ष में 1995 में पहली बार उगाया गया था आलू



**ये बात हैरान कर सकती है कि ब्रह्मांड का सिर्फ 4% हिस्सा ग्रह, तारे और आकाशगंगाओं से बना है। बाकी 96% हिस्सा डार्क मैटर और डार्क एनर्जी से बना है, जिसे वैज्ञानिक अभी तक पूरी तरह समझ नहीं पाए हैं। अगर आप अंतरिक्ष में दो समान धातुओं के टुकड़े एक-दूसरे को स्पर्श करा दें तो वो स्थायी रूप से जुड़ सकते हैं। इस प्रक्रिया को कोल्ड वेल्डिंग कहा जाता है।**

क्या आपने कभी आसमान की ओर देखते हुए अंतरिक्ष में जाने की कल्पना की है। अंतरिक्ष..वो ऐसा अनंत विस्तार जहां न कोई सीमा है न किनारा। ये सृष्टि का ऐसा अनदेखा कोना है जहां अनगिनत तारे टिमटिमाते रहते हैं..ग्रह अपनी कक्षाओं में घूमते हैं और धूमकेतु समय की नदी में तैरते हुए अपनी कहानियां लिखते हैं। ये ब्रह्मांड की अनंत गहराइयों में छिपे रहस्यों का भंडार है, जिसे लेकर मनुष्य हमेशा से जिज्ञासा में डूबा रहा है। यही वजह है कि विज्ञान के माध्यम से हमेशा स्पेस को जानने की कोशिश की जाती है।

जब हम रात के आसमान में चमकते तारों को देखते हैं तो एक प्रश्न हमारे मन में उठता है.. क्या वहां कहीं जीवन होगा? क्या अंतरिक्ष सिर्फ शून्य और अंधकार से भरा है या उसके पार भी कुछ है? वैज्ञानिकों का मानना है कि हमारा ब्रह्मांड अनंत है जिसमें न जाने कितने आकाशगंगाएं हैं, कितने ग्रह और जानें क्या-क्या रहस्य छिपे हुए हैं।

## अंतरिक्ष में छिपे हैं जानें कितने रहस्य

आज भी ये प्रश्न अनुत्तरित है कि क्या पृथ्वी के अलावा भी कहीं और जीवन है? कुछ वैज्ञानिक मानते हैं कि किसी न किसी रूप में जीवन की संभावना ब्रह्मांड के किसी न किसी कोने में तो जरूर होगी। खोज में कई ऐसे ग्रह मिले हैं जो हमारी पृथ्वी से काफी मिलते-जुलते हैं। लेकिन ये रहस्य बना हुआ है कि वहां अगर जीवन होगा तो कैसा होगा। हम अपनी कल्पनाओं में एलियंस के चेहरे बनाते मिटाते रहते हैं। साइंस फिक्शन फिल्मों में जाने कितने एलियंस और अंतरिक्ष के छिपे हुए रहस्यों की कल्पनाओं को उकेरा गया है। लेकिन अब भी ये सिर्फ हमारी कल्पनाएं ही हैं। असलियत क्या है..वो जानने में जानें कितना समय और लगेगा। मगर अब तक अंतरिक्ष को लेकर जो खोज हुई हैं..

## जानिए स्पेस से जुड़ी ये रोचक बातें

**अंतरिक्ष में बिना सुरक्षा उपकरण के जिंदा रहना नामुमकिन** - अगर कोई व्यक्ति बिना स्पेससूट के अंतरिक्ष में चला जाए तो वो सिर्फ दो मिनट तक ही जीवित रह सकता है। वहां न हवा होती है, न दबाव जिससे शरीर फट सकता है!

**खाने में परेशानी** - स्पेस में भोजन करना भी आसान नहीं। वहां खाने पर नमक या मिर्च सीधे छिड़का नहीं जा सकता क्योंकि वो हवा में तैरने लगेंगे और आंखों में भी जा सकते हैं। इसलिए अंतरिक्ष यात्री खास तरह के liquid food का इस्तेमाल करते हैं।

**सोना भी एक चुनौती** - अंतरिक्ष यात्री जीरो ग्रैविटी के कारण हवा में तैरते रहते हैं, इसलिए उन्हें सोने के लिए खास तरह के स्लीपिंग बैग में खुद को बांधना पड़ता है।

**बृहस्पति का विशाल तूफान** - हमारे सौर मंडल का सबसे बड़ा तूफान बृहस्पति ग्रह पर है, जिसे ग्रेट रेड स्पॉट कहा जाता है। यह धरती से दोगुना बड़ा है और सैकड़ों सालों से लगातार चल रहा है।

**एक स्पेससूट की कीमत करोड़ों में** - नासा के एक स्पेससूट की कीमत लगभग 90 करोड़ रुपये होती है। यह सूट अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित रखने के लिए हाईटेक तकनीक से बना होता है।

**सबसे दूर गया मानव निर्मित यान** - नासा का वॉयेजर 1 अंतरिक्ष यान अब तक 21.7 बिलियन किलोमीटर की दूरी तय कर चुका है और अब भी पृथ्वी से लगातार दूर जा रहा है।

**अंतरिक्ष में आलू की खेती** - 1995 में अंतरिक्ष में पहली बार आलू उगाया गया था जो अंतरिक्ष में भोजन उत्पादन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

**अंतरिक्ष में पूरी तरह शांति है** - चौंकाने वाली बात है कि अंतरिक्ष में कोई आवाज़ नहीं होती, क्योंकि वहां हवा नहीं है। यानी अगर आप वहां जोर से चिल्लाएंगे तो भी कोई आपको सुन नहीं पाएगा।



# रेलवे ट्रैक की चोरी है नामुमकिन, जानें इसकी वजह

इंडियन रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। यह भारत के लोगों को एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंचाने का काम करते हैं। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि एक दिन में पूरे देशभर से करीब 1300 ट्रेनों का संचालन होता है। लोग ट्रेन में सफर करने से पहले तरह-तरह की तैयारी कर लेते हैं। जैसे बैग पैकिंग या फिर खाने की पैकिंग। हालांकि, इससे पहले लोग अपनी सीट बुक कर लेते हैं, ताकि उन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। इसमें आपको सीट नंबर, कोच नंबर, डेट ऑफ़ जर्नी, सहित अन्य तमाम जानकारी दी जाती है।

जब ट्रेन में सफर की शुरुआत होती है, तो आपको तरह-तरह के लोग मिलेंगे। तरह-तरह की चीजें देखने को मिलेंगे। इस दौरान आप बहुत से राज्यों की खूबसूरती को अपनी आंखों से निहार सकते हैं। हालांकि, इस दौरान आपके मन में बहुत सारी बातें चल सकती है। जैसे रेलवे का विस्तार किसने किया है, रेलवे ट्रैक कैसे बनाया जाता है, ट्रेन एक पटरी से दूसरे पटरी पर किस तरह जाती है या फिर कितने समय अंतराल में एक पटरी पर 2 ट्रेनें एक साथ चलती है, सिग्नल कैसे काम करता है, ड्राइवर को कौन ऑपरेट करता है, इत्यादि। ऐसी तमाम तरह के सवाल मन में हलचल पैदा करती है। वहीं, कई बार आपने यह भी सोचा होगा कि सारी चीजों की चोरी संभव है, लेकिन कभी अपने समाचार में यह नहीं सुना होगा कि रेलवे ट्रैक का लोहा कभी किसी ने चुराया हो। इसके पीछे क्या वजह है यह जानना काफी दिलचस्प भरा है।

## रेलवे ट्रैक की चोरी क्यों है नामुमकिन?

भारत का रेलवे ट्रैक लाखों करोड़ों किलोमीटर तक बिछा हुआ है। यह एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे चोर या डकैत द्वारा चोरी नहीं किया जा सकता है। इसके पीछे एक बड़ी वजह है। सबसे पहली वजह तो यह है कि रेलवे की पटरिया स्लिपर्स की मदद से बहुत से सुरक्षित तरीके से बांधे जाते हैं, जिसे खोलना एकदम आसान काम नहीं होता है और यह मिश्र धातु की बनी होती है, जिसे किसी भी चीज से काटना पॉसिबल नहीं होता है। इसके अलावा, दूसरी वजह यह है कि रेलवे ट्रैक का लोहा आप कहीं भी बेचे जाएंगे, तो इसे कोई खरीदना नहीं चाहता है क्योंकि अगर इसके बारे में किसी को भी भनक लग गई, तो उसे जेल हो सकती है। इसके साथ ही उस पर जुर्माना भी लग सकता है। इसलिए चोर या डकैत द्वारा कभी भी रेलवे ट्रैक नहीं चुराया जाता।







# दुनिया की सबसे महंगी मछलियां

**दुनिया में नॉनवेज खाने वालों की कोई कमी नहीं है। खासकर बंगाली परिवार में हर रोज सब्जी की तरह मछली बनाई जाती है। कुछ लोग मछली खाने के इतने ज्यादा शौकीन होते हैं कि वह तरह-तरह की मछलियां ट्राई करते हैं। अक्सर आपने महंगी मछलियों में इलिश मछली का नाम सुना होगा, जिसे शादियों में बनाया जाता है, लेकिन आज हम आपको उन मछलियों के बारे में बताएंगे जो कि दुनिया भर में सबसे महंगी मछलियों की लिस्ट में शामिल है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि दुनिया में एक ऐसा बाजार है, जहां मछलियों का ऑक्शन होता है। जिसमें लोग मछलियों पर बोली लगाकर उसे खरीदते हैं। इसके लिए लोग लाखों रुपये भी लगा देते हैं। समुद्री इलाके में रहने वाले लोग अधिकतर नॉनवेज खाना ही पसंद करते हैं, जिनमें उनका फेवरेट व्यंजन मछली-चावल होता है।**

## मछली पालने के भी होते हैं शौकीन

इससे यह साफ पता चलता है कि दुनिया में तरह-तरह के लोग रहते हैं। सभी को अलग-अलग तरीके का शौक होता है। कुछ लोगों को घूमना पसंद होता है, तो कुछ लोगों को अकेले रहना ज्यादा पसंद आता है। कुछ लोग फ्रेंड्स के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करते हैं, तो कुछ लोग अकेले ही एडवेंचर करते रहते हैं। कुछ ऐसे भी लोग होते हैं, जिन्हें जानवरों से लगाव होता है। तो वहीं मछली पालने के भी लोग बेहद शौकीन होते हैं।

## ब्लूफिन टूना



दुनिया की सबसे महंगी मछली की लिस्ट में सबसे पहला नाम ब्लूफिन टूना का आता है, जो इस साल की सबसे महंगी बिकने वाली मछली रही है। जिसकी कीमत 5000 प्रति पाउंड है। भारतीय रुपए के हिसाब से इसकी कीमत लगभग 4 लाख 20 हजार रुपये है। इसका स्वाद बाकी सभी मछलियों से काफी अलग होता है। जिसे लोग काफी चावल से खाना पसंद करते हैं।

## अमेरिकन ग्लास ईल



वहीं, दूसरे स्थान पर अमेरिकन ग्लास ईल मछली का नाम आता है। जैसा कि नाम से ही समझ में आ रहा है कि यह अमेरिकन कंट्री में पाई जाती होगी। तो हां यह नॉर्थ अमेरिका के उत्तर पूर्वीय तटों में पाई जाती है। साइज में 3 इंच वाली यह मछली इंडियन मार्केट में 2,52,181 रुपये की बिकती है। इंटरनेशनल मार्केट में इसकी कीमत 3000 डॉलर प्रति पाउंड है। इस मछली की खासियत है कि यह 4 फीट तक बढ़ सकती है।

## जंगली अलास्का किंग सैल्मन



मछली के साथ चावल खाने वाले लोगों को काफी ज्यादा पसंद आने वाले मछलियों में जंगली अलास्का किंग सैल्मन नाम शामिल है। भारतीय मार्केट में इसकी कीमत लगभग रुपये 6000 तक होती है। वहीं, इंटरनेशनल मार्केट में इसकी कीमत 70 प्रति पाउंड है, जो स्वाद में काफी लाजवाब और टेस्टी होता है।

## पफर फिश

इसके बाद पफर फिश का नाम आता है। यह काफी ज्यादा खतरनाक भी होती है, क्योंकि इसके शरीर के चारों तरफ कांटे लगे होते हैं। इनमें विष भी होता है, अगर यह हाथ में गड़ जाए, तो शरीर पर विष फैल सकता है। इसकी सबसे ज्यादा डिमांड अमेरिका में है। इस मछली की कीमत 200 प्रति पाउंड है। इंडियन रुपये के हिसाब से यह रुपये 17000 है।



## स्वोर्ड फिश

आपने अक्सर स्वोर्ड मछली के बारे में सुना होगा। यह तलवार की तरह दिखती है, जिसकी चोंच काफी नुकीली होती है। इंडियन मार्केट में इसकी कीमत 5100 रुपये है। यह मछली अटलांटिक महासागर में पाई जाती है। वहीं, इंटरनेशनल मार्केट की बात करें तो इसकी कीमत 60 प्रति पाउंड है। महंगी शादी, पार्टियों में इसे स्पाईस तरीके से बनाया जाता है।





# दुनिया का इकलौता देश जहां मात्र 40 मिनट की होती है रात

समय का चक्र निरंतर घूमता रहता है। दुनिया के किसी हिस्से में सूर्य चमक रहा होता है, तो किसी हिस्से में रात का अंधेरा छाया होता है। सभी जगह दिन और रात का समय अलग-अलग होता है। भारत और अमेरिका के घड़ी की बात करें, तो इसमें काफी ज्यादा अंतर पाया जाता है। विभिन्न देशों में दिन और रात की लंबाई अलग-अलग होती है। कहीं पर दिन काफी ज्यादा लंबा होता है, तो कहीं रात काफी ज्यादा लंबी होती है। दुनिया में एक ऐसा देश भी है, जहां सबसे कम समय की रात होती है। यहां आधी रात के बाद सूर्य डूबता है और कुछ ही समय में फिर से उग जाता है।

## दुनिया का इकलौता देश

जी हां! यह सुनकर आपको आश्चर्य जरूर हो रहा होगा, लेकिन यह बिल्कुल सच है। दरअसल, इस देश का नाम नॉर्वे है, जहां मात्र 40 मिनट की रात होती है। इसे लैंड ऑफ द मिडनाइट सन भी कहा जाता है। यहां रात करीब 12 बजकर 43 मिनट पर सूरज डूबता है और इसके 40 मिनट बाद, यानी रात के 1 बजकर 30 मिनट पर फिर से सूर्य उदय हो जाता है।

## पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र

दरअसल, यह देश आर्कटिक सर्किल के पास है। जिस कारण गर्मी के महीने में सूर्य की किरणें इस क्षेत्र में सीधे पड़ती है, इसलिए यहां सूर्य बहुत कम देर के लिए ढलता है और रात बहुत छोटी होती है। यही कारण है कि नॉर्वे पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र है।

## समृद्ध देशों में से एक

नॉर्वे उत्तरी यूरोप में स्थित है। इसके पश्चिम में अटलांटिक महासागर, पूर्व में स्वीडन, उत्तर में फिनलैंड और रूस है। यह दुनिया के सबसे समृद्ध देशों में से एक है। यहां की सुंदरता देखने लायक है। यदि आप भी इस जगह जाकर आनंद उठाना चाहते हैं, तो आप अपने फैमिली, फ्रेंड्स या फिर पार्टनर के साथ जा सकते हैं।



# मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा की योजनाओं की समीक्षा की

## 50 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर तेजी से काम करने के दिए निर्देश

एजेंसी




**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विभिन्न विकास योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में तेजी से पूरे किए जाएं।
समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया कि प्रगति यात्रा के दौरान 430 योजनाओं की स्वीकृति दी गई थी, जो 22 विभागों से संबंधित हैं। इन विभागों के द्वारा 428 योजनाओं की स्वीकृति दे दी गयी है। शेष 2 योजनाएं तकनीकी रूप से अनुपयुक्त पायी गयी हैं, जो जल संसाधन विभाग से संबंधित हैं। 21 योजनाओं का काम पूरा हो चुका है। शेष योजनाओं पर काम तेजी से चल रहा है और उसे समय के साथ पूरा कर लिया जायेगा।
समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 के दिसंबर और 2025 के जनवरी-फरवरी महीने में उन्होंने प्रगति यात्रा के दौरान सभी जिलों में जाकर विकास कार्यों को देखा था। यात्रा के दौरान जो लोगों का फीडबैक मिला और जमीनी स्तर पर उन्हें जो कमी दिखी उसे पूरा करने के लिए 430 नई योजनाओं की स्वीकृति दी गई, जिस पर 50 हजार करोड़ रुपए खर्च किये जायेंगे।
उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी 38 जिलों से संबंधित इन योजनाओं की लगातार समीक्षा करते रहें और कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के लिए इसका सतत अनुश्रवण करते रहें। सभी विभाग लंबित योजनाओं पर तेजी से काम करते हुए शीघ्र पूरा करें।
मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए हमलोग लगातार प्रयत्नशील हैं। राज्य के सभी क्षेत्रों और सभी वर्गों के विकास के लिए योजनाबद्ध ढंग से काम किया जा रहा है। लोगों के उत्थान के लिए जो योजनायें बनायी गयी हैं उस पर पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करें। हम सभी चाहते हैं कि बिहार देश के 05 अग्रणी विकसित राज्यों में शामिल हो।
बैठक में राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, सभी संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. गोपाल सिंह एवं मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मानवाधिकार दिवस पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएँ

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मानवाधिकार दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि बिहार सरकार न्याय के साथ विकास के मूल सिद्धांत पर आगे बढ़ते हुए समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास और उत्थान हेतु पूरी तरह संकल्पित है।
उन्होंने कहा कि सरकार का सर्वोपरि उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के अधिकारों की सुरक्षा करना तथा उन्हें सभी आवश्यक और मूलभूत सुविधाएँ सुनिश्चित रूप से उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि मानवाधिकारों की रक्षा तभी संभव है जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त महसूस करे।
मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि इस अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि मिलकर एक ऐसे स्वस्थ, समावेशी और सुदृढ़ समाज का निर्माण करेंगे, जहाँ प्रत्येक नागरिक गौरवपूर्ण एवं सम्मानजनक जीवन जी सके।

## एक के बाद एक दो हत्याओं से दहला सारण

**सारण।** बिहार के उप- मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी द्वारा अपराधियों को दी गई अपराध छोड़ो या बिहार छोड़ो की सख्त चेतावनी सारण जिले में बेअसर साबित हो रही है। जिले में पिछले एक महीने में हत्या और लूट जैसी संगीन आपराधिक वारदातों में अचानक आई तेजी ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। ऐसा प्रतीत होता है कि सारण में गृह मंत्री का इकबाल कमजोर पड़ चुका है, जिसके कारण अपराधी बेलगाम हो चुके हैं।
ताजा मामला जिले के रिवीलगंज थाना क्षेत्र में आज सुबह एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। जखुआ गांव निवासी रोहित यादव नामक युवक उम्र 25 वर्ष की बेरहमी से गला रेतकर हत्या कर दी गई। इस नृशंस हत्या से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मुकरेरा के पास सड़क जाम कर दिया और हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी तथा पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग की। परिजनों ने हत्या के पीछे गहरी साजिश का आरोप लगाते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुँचा, प्रदर्शनकारियों को जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस हर एंगल से मामले की छानबीन कर रही है।दूसरी घटना में मांझी नगर पंचायत का दक्षिण टोला सुबह एक हृदय विदारक घटना के कारण दहशत में डूब गया। 55 वर्षीय सूरज प्रसाद नामक व्यक्ति की संदिग्ध और अत्यंत क्रूर परिस्थितियों में मौत हो गई। वह अपने घर में अकेले रहते थे।
परिजन पंकज कुमार ने बताया कि उनका शव बिस्तर के नीचे अत्यंत दर्दनाक हालत में पड़ा मिला। पंकज और ग्रामीणों के अनुसार मृतक के शरीर पर कई गंभीर निशान पाए गए है जो जघन्य आपराधिक कृत्य की ओर इशारा करते हैं। इसके अलावा उनके निजी अंगों के साथ क्रूरता किए जाने की भी गंभीर आशंका जताई जा रही है। मांझी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजकर जांच शुरू कर दी है।
जिले में लगातार हो रही ये नृशंस हत्याएं यह दशार्ती हैं कि अपराधियों के हौसले किस कदर बुलंद हो चुके हैं। गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने भले ही अपराध पर सख्त एक्शन का निर्देश दिया हो लेकिन सारण जिले मे जमीनी हकीकत इन दावों को गहरा झटका दे रही है। पुलिस की निष्क्रियता या अपराधियों पर पर्याप्त दबाव न बना पाना स्थिति को लगातार बिगाड़ रहा है।
सारण में जारी अपराधों का यह सिलसिला यह सवाल खड़ा कर रहा है कि अगर अपराधियों में पुलिस का डर ही खत्म हो जाए तो आम नागरिक कहाँ जाए? आम जनता और स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि गृह मंत्री सम्राट चौधरी सारण की कानून-व्यवस्था को तुरंत पटरी पर लाने के लिए ठोस और कड़े कदम उठाएं, ताकि अपराधियों का मनोबल टूट सके और लोग भयमुक्त होकर जीवन जी सकें।

### युवक की हत्या के बाद ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**सारण।** जिले के रिवीलगंज थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है जहाँ जखुआ गांव निवासी रोहित यादव नामक युवक जिसकी उम्र लगभग 25 वर्ष की बेरहमी से गला रेतकर हत्या कर दी गई।
इस हत्या की खबर फैलते ही इलाके में तनाव फैल गया। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मुकरेरा के पास सड़क जाम कर दिया और हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग की।
परिजनों का कहना है कि हत्या के पीछे साजिश है और दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ा जाना चाहिए। सड़क जाम के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है।
सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुँचा और भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।
पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि हत्या के कारणों और संलिप्त लोगों की पहचान के लिए हर एंगल से जांच की जा रही है।

## लोकसभा में तारिक अनवर ने उठाया बिहार में पीडीएस भंडारण का मुद्दा

एजेंसी



**कटिहार।** भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने लोकसभा में सांसद तारिक अनवर के सवाल का जवाब देते हुए बताया कि बिहार राज्य में पीडीएस की दक्षता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।
मंत्रालय ने बताया कि एफसीआई के पास 13.43 एलएमटी की कवर्ड स्टोरेज क्षमता उपलब्ध है और बिहार में राज्य एजेंसियों के पास केंद्रीय पूल खाद्यान्न भंडार के भंडारण के लिए 10.13 एलएमटी की कवर्ड स्टोरेज क्षमता उपलब्ध है।
मंत्रालय ने यह भी बताया कि भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें निजी उद्यमी गारंटी (पीईजी) योजना, केंद्रीय क्षेत्र योजना (सीएसएस) 2017-25, सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत साइलो का निर्माण आदि शामिल हैं।
सांसद तारिक अनवर ने सवाल किया था कि बिहार राज्य में पीएसीएस के माध्यम से पीडीएस के भंडारण, वितरण और दक्षता सुनिश्चित करने की वर्तमान प्रणाली की अपर्याप्तता के कारण क्या हैं और बाढ़ और सूखे जैसी आपदाओं के दौरान सहकारी समितियों के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे ठोस कदम क्या हैं।
मंत्रालय ने बताया कि पीडीएस की दक्षता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं, जिनमें गोदामों का निर्माण, अनाज की खरीद और वितरण की व्यवस्था, और पीडीएस में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कदम उठाना शामिल हैं।
मंत्रालय ने यह भी बताया कि बाढ़ और सूखे जैसी आपदाओं के दौरान सहकारी समितियों के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं, जिनमें अनाज का भंडारण, अनाज की खरीद और वितरण की व्यवस्था, और पीडीएस में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कदम उठाना शामिल हैं।

## नालंदा जिले में सीवीआर एन का मॉक अभ्यास सत्र संपन्न

**नालंदा।** नालंदा जिला अग्निशमन कार्यालय बिहारशरीफ परिसर में जिला आपदा प्रबंधन के तत्वावधान में आज बुधवार को सीवीआर एन का मॉक अभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह अभ्यास जिला आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। अभ्यास के दौरान एनडीआर एफ द्वारा एक सीवीआर एन आपदा की काल्पनिक स्थिति प्रस्तुत की गई, जिसमें इमरजेंसी इनफोर्मेस पैनल झआधारित कमांड एवं नियंत्रण व्यवस्था का प्रदर्शन किया गया। अभ्यास में यह प्रदर्शित किया गया कि सीवीआर एन घटना की स्थिति में त्वरित सूचना संप्रेषण, वैज्ञानिक प्रतिक्रिया तथा विभागीय समन्वय किस प्रकार सुनिश्चित किया जाता है। इस मौके पर एनडीआरएफ ने विभिन्न चरणों–पहचान, शुद्धिकरण, राहत एवं प्राथमिक वर्गीकरण, सुरक्षा प्रक्रियाएँ का प्रस्तुतीकरण किया और बताया कि किसी भी सीवी आर एन घटना में प्रथम प्रतिक्रिया सबसे महत्वपूर्ण होती है। अभ्यास सत्र में आयुध निर्माण, यातायात पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन सेवा, आपदा प्रबंधन एवं नालंदा समाहरणालय के कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रतिभागियों ने विभागीय प्रतिक्रिया, समन्वय, संसाधन अंतराल और सुधारात्मक उपायों पर विस्तृत चर्चा की।इस कार्यक्रम में उप-कमांडेंट एनडीआरएफ 9वी बटालियन बिहटा, पटना, प्रभारी पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन, तथा सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी नालंदा, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## गंगा की धारा में सुधार कार्य शुरू, आईडब्ल्यूएआई टीम ने संभाला मोर्चा

**भागलपुर।** जिले के नाथनगर प्रखंड के अजमेरीपुर बैरिया में गंगा की जलधारा को सुचारू बनाने और जलस्तर बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण ने कार्य शुरू कर दिया है। अंचलाधिकारी और नाथनगर पुलिस की मौजूदगी में इन्लैंड वाटर सर्वे विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तकनीकी प्रक्रिया की शुरूआत की। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्य गंगा की धारा को मोड़ने के लिए नहीं बल्कि घाटों तक पानी की गहराई बढ़ाने और जलप्रवाह को व्यवस्थित करने के लिए किया जा रहा है।

## कटिहार सदर अस्पताल की अव्यवस्था को लेकर तारिक अनवर ने स्वास्थ मंत्री को लिखा पत्र

एजेंसी

**कटिहार।** सांसद तारिक अनवर ने बिहार सरकार के स्वास्थ मंत्री मंगल पांडे को कटिहार सदर अस्पताल एवं जिला स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त अव्यवस्था और चिकित्सकों की कमी के संबंध में पत्र लिखा है। उन्होंने दूरभाष पर भी स्वास्थ्य मंत्री से बात कर अविलंब अपनी ओर से ठोस कार्रवाई करने के लिए कहा है। पत्र में सांसद अनवर ने लिखा है कि कटिहार सदर अस्पताल में ड्यूटी रोस्टर कई महीनों से अद्यतन नहीं किया गया है तथा स्थानांतरित डॉक्टरों के नाम अब भी डिस्प्ले बोर्ड पर दर्ज हैं। इससे मरीजों को भ्रामक जानकारी मिलती है और उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी, प्लास्टर, कैश बेड एवं आवश्यक चिकित्सा उपकरणों का अभाव तथा कई स्वास्थ्य केंद्रों में शौचालय और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की अनुपलब्धता अत्यंत चिंताजनक स्थिति दशार्ती है। उन्होंने मंत्री से अनुरोध किया है कि कटिहार सदर अस्पताल में ड्यूटी रोस्टर को अविलंब अद्यतन कराया जाए, जिले में आवश्यक संख्या में विशेषज्ञ एवं सामान्य चिकित्सकों की त्वरित तैनाती सुनिश्चित की जाए और सदर अस्पताल तथा अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु त्वरित कार्रवाई की जाए। सांसद अनवर ने विश्वास प्रकट किया है।

## पलासी थाना से एसपी ने शुरू किया पुलिस जन संवाद कार्यक्रम



**अररिया।** जन समस्याओं को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार से अररिया एसपी अंजनी कुमार ने एक विशेष पहल शुरू की।जहां पुलिस और जनता के बीच स्वस्थ सामंजस्य तैयार करने को लेकर जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें दर्जनों फरियादियों ने सीधे तौर पर एसपी अंजनी कुमार के समक्ष अपनी फरियाद रखी।
इससे पहले एसपी के पलासी थाना पहुंचने पर पुलिस बल द्वारा उन्हें गॉड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया।
यह आयोजन न केवल पुलिस विभाग की परंपरा और अनुशासन का प्रतीक बना, बल्कि आम जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास को भी मजबूत करता नजर आया। जनता दरबार में पलासी और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे। जमीन विवाद, पारिवारिक कलह, घरेलू हिंसा, मारपीट, आपराधिक मामलों और अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर लोगों ने सीधे एसपी के समक्ष अपनी बात रखी। एसपी अंजनी कुमार ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई मामलों में मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। कुछ जटिल मामलों में संबंधित थानाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को निष्पक्ष और त्वरित जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। मौके पर एसपी अंजनी कुमार ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी फरियादी के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
उन्होंने पुलिसकर्मियों को संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ काम करने की नसीहत भी दी। एसपी ने बताया कि जनसंवाद का यह कार्यक्रम सभी थाना में आयोजित किया जाएगा। पहली कड़ी में पलासी के बाद 12 दिसम्बर को भरगामा, 17 दिसम्बर को घूरना, 19 दिसम्बर को अररिया नगर, 21 दिसम्बर को नरपतगंज, 24 दिसम्बर को फारबिसगंज और 29 दिसम्बर को रानीगंज थाना में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## एक नजर

### सड़क हादसे में युवक की मौत



**भागलपुर।** सिपाही भर्ती परीक्षा देने जा रहे दो युवक बुधवार को पुलिस जिला नवगछिया के खरीक पेट्रोल पंप के समीप सड़क दुघर्टना का शिकार हो गया। घटना के बाद बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। उसके साथ परीक्षा दिलाने जा रहे उनके चाचा गिरधारी कुमार ने उन्हें इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सुबोध कुमार यादव के पुत्र नीतीश कुमार के तौर पर हुआ है। घटना के बाद मायागंज हॉस्पिटल पहुंचे परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। घायल गिरधारी ने बताया कि बांका से परीक्षा देने के लिए नवगछिया के रास्ते बेगूसराय जा रहे थे, तभी खरीक पेट्रोल पंप के समीप ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी।

### बस स्टैंड निर्माण स्थल का डीडीसी ने किया निरीक्षण



**भागलपुर।** जिले में बसों के सुचारू संचालन और यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। डीडीसी प्रदीप कुमार ने बुधवार को जगदीशपुर प्रखंड के रिक्शाडीह में प्रस्तावित अस्थायी बस स्टैंड निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थल की उपलब्ध जमीन, पहुंच मार्ग और आवश्यक संरचनाओं का बारीकी से जायजा लिया। डीडीसी ने बताया कि यह निरीक्षण जिलाधिकारी के निर्देश पर किया गया है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में बसों की आवाजाही और ठहराव में हो रही दिक्कतों को देखते हुए अस्थायी बस स्टैंड का निर्माण जरूरी है। इससे न सिर्फ बसों के अनियंत्रित रूप से रुकने पर रोक लगेगी, बल्कि यात्रियों को भी सुरक्षित और व्यवस्थित सुविधा मिलेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि बस ठहराव स्थल तक पहुंचने वाले पथ का निर्माण जल्द किया जाए। साथ ही, स्थल पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि रात के समय यात्रियों और बस चालकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन के इस कदम से आम लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। रिक्शाडीह में बस स्टैंड बनने से शहर में ट्रैफिक दबाव भी कम होगा और परिवहन व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित हो सकेगी।

### बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, दो पर एफआईआर



**दरभंगा।** बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार को शेरपुर स्थित नदियांमी घाट टोला में छापेमारी की। कार्रवाई सहायक विद्युत अभियंता सकरी सौरभ कुमार की अध्यक्षता में की गई। जांच के बाद दो लोगों पर अवैध रूप से बिजली उपयोग करने का मामला दर्ज किया गया है। कनीय विद्युत अभियंता तारडीह अनवर शाह कैसर ने इस संबंध में सकतपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। छापेमारी के दौरान दोनों उपभोक्ताओं पर कुल 39,013 रुपए की दंडात्मक राशि निर्धारित की गई। जिनके खिलाफ कार्रवाई हुईः 1. सुनीता देवी, पति, बाबूलाल 2. सुकुमारिया देवी, पति, रामचंद्र सदा छापेमारी दल में सहायक विद्युत अभियंता और कनीय अभियंता के साथ उमा शंकर सिंह, अशोक कुमार और मनमोहन कुमार शामिल थे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा, और पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नालंदा जिले के सरथा पंचायत में अविलंब कार्य शुरू करने का आदेश



**नालंदा।** जिले में हरनौत प्रखंड अंतर्गत सरथा पंचायत में चल रहे विभिन्न योजनाओं के कार्यों की समीक्षा उप विकास आयुक्त के द्वारा बुधवार को की गई। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कतिपय योजनाओं का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। अविलंब कार्य प्रारंभ करने का निदेश दिया गया है। साथ ही अपूर्ण योजनाओं को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने का निदेश दिया गया है। वहीं सरथा पंचायत के पंचायत सचिव पंचायत द्वारा योजनाओं के कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है साथ ही उक्त पंचायत के ग्रामीणों द्वारा शिकायत किया गया कि खाद्य विक्रेता द्वारा ज्यादा दर पर यूरिया एवं डीएपी नहीं दिया जा रहा है। शिकायत के आलोक में खाद्य विक्रेता दुकान का स्थल जॉच किया गया। जॉच के क्रम में शिकायत सही पाया। खाद्य विक्रेता के विरूद्ध अविलंब कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है।

### विदेशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**दरभंगा।** जिले में सकतपुर थाना पुलिस ने सोमवार शाम गश्ती के दौरान उजान वार्ड संख्या 12 से एक युवक को विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान कमलेश मंडल, निवासी उजान, वार्ड 12 के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से रॉयल ग्रीन व्हिस्की की कुल 10 बोतलें (प्रति बोतल 180 एम एल) बरामद कीं, जिनकी कुल मात्रा लगभग 1.8 लीटर होती है। यह कार्रवाई 9 दिसंबर 2025 की शाम करीब 7 बजे की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### आरपीएफ ने स्टेशन पर महिला यात्री की बचाई जान

**भागलपुर।** मनीष कुमार गुप्ता डिवीजनल रेलवे मैनेजर मालदा के गाइडेंस में और आशिम कुमार कुल्लू डिवीजनल सिक्योरिटी कमिश्नर मालदा के ओवरऑल सुपरविजन में मालदा डिवीजन की रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स पूरे डिवीजन में यात्रियों की सुरक्षा पक्का करने के लिए लगातार कमिटमेंट दिखा रही है। आरपीएफ पोस्ट भागलपुर ने भागलपुर रेलवे स्टेशन पर एक महिला यात्री की सुरक्षा पक्की करते हुए, सतर्कता और तेजी से एक्शन का एक काबिले तारीफ प्रदर्शन किया। मेन गेट के पास प्लेटफॉर्म नंबर 01 पर रूटीन इंस्पेक्शन के दौरान एएसआई संजीव कुमार झा ने देखा कि एक महिला पैसेंजर चलती हुई ट्रेन चढ़ने की कोशिश कर रही है।